वैशाख कृष्ण पक्ष 13
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94

www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
26 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-189
पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### पीएम आज 51 हजार से अधिक युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

### डॉ कस्तूरीरंगन के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा : पीएम



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पद्म विभूषण डॉ के. कस्तूरीरंगन के निधन पर दुख जताया और कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कस्तूरीरंगन के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया, मैं भारत की वैज्ञानिक और शैक्षिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति डॉ के. कस्तूरीरंगन के निधन से बहुत दुखी हूं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने इसरो में बहुत मेहनत से काम किया, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, जिसके लिए हमें वैश्विक मान्यता भी मिली। उनके नेतृत्व में महत्वाकांक्षी उपग्रह प्रक्षेपण भी हुए और नवाचार पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### मेन रोड समेत कई इलाकों में आज तीन घंटे नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** राजधानी के मेन रोड, कोकर, कोकर ग्रामीण, कोकर शहरी, नामकुम विकास, चुटिया, खेलगांव और रिम्स के इलाकों में शनिवार को तीन घंटे तक बिजली नहीं रहेगी। यह जानकारी जेवीबीएनएल के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह आठ बजे से दिन में 11:00 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि जेवीबीएनएल की ओर से शनिवार को 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन, नामकुम के 132 केवी मेन की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसलिए इन इलाकों में तीन घंटों तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। ज्ञात हो कि बिजली विभाग समय-समय पर पावर ग्रिड और पावर सब स्टेशनों में जर्जर केबल और अन्य मशीनों की मरम्मत का कार्य करता है। इससे विभाग की ओर से संबंधित इलाकों में बिजली सेवा को रोकना पड़ता है।

## सीएम सोरेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के उद्यम मंत्रालय व चैंबर से निवेश की संभावनाओं पर की चर्चा

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मैड्रिड में स्पेन सरकार के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्यम मंत्रालय, स्पेनिश चैंबर ऑफ कॉमर्स और स्पेन इंडिया काउंसिल फाउंडेशन के एक स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल के साथ आमने-सामने चर्चा की। इसमें झारखंड में निवेश की संभावनाओं को तलाशते हुए इससे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं, महिला एवं बाल विकास समिति, झारखंड विधानसभा की अध्यक्ष कल्पना मुर्मू सोरेन ने स्पेन के दौरे में मारिया मोरेनो, अध्यक्ष और रामिरो माटो, उपाध्यक्ष, फंडाकियोन एस्पेरांजा वाई एलेग्रिया से मुलाकात की।





### अमित शाह की बैठक में पानी रोकने के तरीकों पर हुई गंभीरतापूर्वक चर्चा

# बूंद-बूंद पानी को तरसेगा पाकिस्तान




### सिंधु जल समझौता के निलंबन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने जल शक्ति मंत्री के साथ की बैठक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर शुक्रवार को सिंधु जल समझौता के निलंबन को लेकर बैठक हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के बीच करीब 45 मिनट लंबी बैठक में पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोकने के तरीकों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई।

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में तीन प्रमुख विकल्पों, अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक, पर विचार किया गया। सरकार का स्पष्ट इरादा है कि पाकिस्तान को एक बूंद पानी भी न जाने दिया जाए। बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि पानी रोकने के हर संभावित तरीके पर तुरंत काम शुरू किया जाएगा। अधिकारियों को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले, जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देवश्री मुखर्जी ने पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा को एक पत्र लिखा था। पत्र के माध्यम से उन्होंने औपचारिक रूप से पाकिस्तान को सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखने के फैसले के बारे में जानकारी दी थी। पत्र में कहा गया था कि यह भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान सरकार को भेजे गए नोटिसों के संदर्भ में है, जिसमें संधि के अनुच्छेद 12 (3) के तहत 1960 की सिंधु जल संधि (संधि) में संशोधन की मांग की गई थी। नोटिसों में शेष पेज 11 पर

### प्रत्यक्षदर्शी महिला की शिकायत पर संदिग्ध खच्चर वाला पकड़ा गया



**श्रीनगर (एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सुरक्षाबलों ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। वीडियो में एक महिला पर्यटक ने दावा किया था कि एक व्यक्ति ने उससे उसके धर्म के बारे में सवाल किया था। साथ ही, 35 बंदूक भेजने और प्लान बी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे सुना था। जांच के बाद गांदरबल पुलिस ने संदिग्ध की पहचान की और उसे पकड़ लिया है। उसकी पहचान अयाज अहमद जंगल के रूप में हुई। वह गांदरबल के गोहिपोरा रायजान का रहने वाला है। वह सोनमर्ग के थजवास ग्लेशियर में खच्चर सेवा देता है। संदिग्ध को देखने वाली महिला ने बताया कि हम लोग 13 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर गए थे। हम लोगों ने जम्मू-कश्मीर का 10 दिन का ट्रिप बनाया था। इस ट्रिप में हम लोग पहले माता वैष्णो धाम गए। 15 तारीख को वैष्णो देवी से फ्री हुए और 16 अप्रैल को श्रीनगर पहुंचे। 17 और 18 तारीख को हम लोग श्रीनगर में घूमे और 19 तारीख को हम लोग सोनमर्ग और 20 तारीख को पहलगाम गए थे। पहलगाम में हम लोगों की खच्चर वालों से बात हुई तो वह हमें बायसरन घाटी ले गए, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। महिला ने बताया कि हम शेष पेज 11 पर

### दो आतंकवादियों के घरों को विस्फोट से किया गया नष्ट



**जम्मू (आईएएनएस)।** पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए त्राल (पुलवामा) और बिजबेहरा (अनंतनाग) में दो आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया। ज्ञात हो कि पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। रिपोर्ट के अनुसार, पुलवामा जिले के त्राल में आसिफ शेख और बिजबेहरा में आदिल ठोकर के घरों को विस्फोट करके जमींदोज कर दिया गया। इन आतंकियों पर 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन में हुए विनाशकारी हमले में शामिल होने का संदेह है। अनंतनाग जिले का निवासी ठोकर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए नरसंहार का मुख्य आरोपी है। वह कथित तौर पर 2018 में पाकिस्तान गया था, जहां उसने पिछले साल जम्मू-कश्मीर लौटने से पहले आतंकी प्रशिक्षण लिया था। पुलिस का मानना है कि वह पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए स्थानीय गाइड के तौर पर काम कर रहा था। पुलवामा निवासी आसिफ शेख पर इस हमले में शामिल होने का संदेह है। पुलिस ने गुरुवार को ठोकर और दो अन्य आतंकवादियों के स्केच जारी किए थे, जिनके पहलगाम हमले में शामिल होने की बात कही जा रही है।

## आतंकियों की नापाक कोशिश करें विफल : राहुल गांधी

- कांग्रेस सांसद ने पहलगाम आतंकी हमले में घायल और पीड़ितों से की मुलाकात
- श्रीनगर में सीएम उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी मिले



**श्रीनगर (आईएएनएस)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में घायल और पीड़ितों से भी मुलाकात की। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि जो कुछ हुआ है, उसके पीछे समाज को विभाजित करने का विचार है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक भयानक त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं।

मैं घायल हुए लोगों में से एक से मिला हूं। मेरा प्यार और स्नेह उन सभी लोगों के साथ है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। एक दिन पहले गुरुवार को हमने सरकार के साथ बैठक की और पूरे विपक्ष ने इस हमले की निंदा की। राहुल गांधी ने आगे कहा कि इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है।

जो कुछ हुआ है, उसके पीछे समाज को विभाजित करने का विचार है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करे। यह दुखद है कि कुछ लोग कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों में हमारे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं। हमें इस वक्त एकजुट होकर आतंकवाद को हराना है। इस घृणित काम से लड़ने और आतंकवाद को हमेशा के लिए हराने के लिए हमें एकजुट और साथ खड़ा होना होगा। मैंने मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल से भी मुलाकात की। उन्होंने मुझे घटना के बारे में जानकारी दी। मैंने उन दोनों को आश्वस्त किया है कि मैं और हमारी पार्टी उनका पूरा समर्थन करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी ने श्रीनगर में कांग्रेस के नेताओं, कार्यकताओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के नेताओं से कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। हमें जुड़े रहना है, नफरत और आतंक के खिलाफ डटे रहना है।

## सोनिया-राहुल को नोटिस जारी करने से कोर्ट का इनकार

- नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में अगली सुनवाई 2 मई को



**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत दूसरे आरोपियों को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने ईडी को और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ईडी की शिकायत में कुछ दस्तावेज नहीं हैं। ईडी पहले उन दस्तावेज को दाखिल करे, उसके बाद ही समन जारी करने पर फैसला किया जाएगा। ईडी ने 15 अप्रैल को कोर्ट में अभियोजन शिकायत दाखिल की थी। ईडी ने इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सैम पित्रोदा को आरोपित बनाया है। ईडी ने मनी लांड्रिंग कानून की धारा 44 और 45 के तहत शिकायत दाखिल की है। ईडी की ओर से पेश वकील एनके माटा ने कहा था कि इस मामले में 2019 में सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 403, 406 और 420 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में शिकायतकर्ता सुब्रह्मण्यम स्वामी का आरोप है कि दिल्ली में बहादुरशाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपए की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए साजिश के तहत यंग इंडियन लिमिटेड को एजेएल की संपत्ति का अधिकार दिया गया। स्वामी का कहना है कि हेराल्ड हाउस को केंद्र सरकार ने समाचार पत्र चलाने के लिए जमीन दी थी, इस लिहाज से उसे व्यावसायिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जबकि, गांधी परिवार ने दलील दी थी कि उन्हें बेवजह प्रताड़ित करने के मकसद से अदालत के समक्ष याचिका लगाई गई है।

## पाकिस्तान के कब्जे में बीएसएफ जवान

- डयूटी के दौरान गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान में प्रवेश कर गए थे

**कोलकाता (हि.स.)।** पहलगाम आतंकी हमले के बीच एक और चिंताजनक खबर सामने आई है। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रिषड़ा के रहने वाले बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साउ को पाकिस्तान सेना ने हिरासत में ले लिया है। बीएसएफ के कोलकाता स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने हिंदुस्थान समाचार को बताया कि जवान के घर में मातम पसरा है। उनकी मां देवंती देवी बार-बार एक ही बात दोहरा रही हैं, मेरा बेटा सही-सलामत घर लौट आए। पूर्णम कुमार साउ की पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनाती है। बुधवार को वह ड्यूटी के दौरान गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान में प्रवेश कर गए। इसके बाद पाकिस्तान के जवानों उन्हें पकड़ लिया। गुरुवार को यह सूचना उनके परिवार तक पहुंची। जवान की पत्नी रजनी साउ ने बताया, हमें उनके एक साथी से यह जानकारी मिली कि ड्यूटी पर रहते हुए उन्हें पकड़ा गया है। मंगलवार की रात उनकी मुझसे बात हुई थी। वह 17 वर्ष से बीएसएफ में हैं। हम चाहते हैं कि उन्हें जल्द से जल्द वापस लाया जाए। शीर्ष अधिकारी के अनुसार, बीएसएफ के उच्च अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान के अधिकारियों से फ्लैग मीटिंग शुरू की है। जवान की सुरक्षित वापसी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। परिजनों ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वह हरसंभव प्रयास कर पूर्णम कुमार साउ को सुरक्षित भारत वापस लाए। पड़ोसी भी इस घटना से आक्रोशित हैं और जवान की वापसी की मांग कर रहे हैं। इस घटना से ठीक पहले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में कई निदोर्षों की जान गई। इसके बाद देशभर में आक्रोश है। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के अधिकारी पाकिस्तान के संपर्क में हैं और जवान की रिहाई के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी है।

इंडिया

## हुक्का पानी ट्रेन बंद से पानी बंद तक की कठोर कार्रवाई तो शुरूआत है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

धर्म के आधार पर बने पाकिस्तान की नापाक हरकतों और अंग्रेजों के फूट डालो शासन करो नीति के अलावा कमजोर विदेश नीति का खामियाजा भारत आजादी के बाद से भुगत रहा है और इस बेचैन,युद्धप्रिय,धार्मिक उन्मादी देश के व्यर्थ के तनाव के कारण सीमाओं से लेकर कश्मीर को खुश करने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई के अरबों रुपए फूंके गए। शुरू से ही पूर्ववर्ती लगभग सभी सरकारों का रुख कश्मीर के मामले में हमेशा बचावपूर्ण रहा । अनेक उदाहरण ऐसे भी हैं जब कश्मीरियों ने बताया कि एक तरफ सीमापार के आतंकी उन्हें या उनके बच्चों का अपहरण कर जान से मारने की धमकी देते हैं तो दूसरी ओर उनकी मदद करने के आरोप में सेना उन्हें प्रताड़ित करती है जिस कारण दिल्ली की राजनीति आत्मसमर्पण की रही पर वर्तमान मोदी सरकार ने न सिर्फ वहां की बंद पड़ी बिजली परियोजनाओं सहित विकास योजनाओं को निडर होकर चलाया,वंदे भारत जैसी ट्रेन श्रीनगर पहुंचा दी, जम्मूझ्रश्रीनगर हाइवे को फोरलेन और सीधी सुगम बनाया बल्कि कश्मीरियों के दशकों से बंद पड़े पर्यटन उद्योग को चालू करा दिया, फिल्मों की शूटिंग शुरू हो गई लगा धरती का स्वर्ग अब सचमुच शेष दुनिया के लिए सबसे सुंदर प्रदेश बन गया पर इसे जन्नत बनाने का सपना दिखाने वाले दहशतगर्दों ने पहलगाम में धर्म पूछकर पर्यटकों की हत्या से भारत को मजबूर कर दिया है कि अब किसी भी हद तक जाकर इस समस्या का स्थायी समाधान ढूंढने का समय आ गया । पीएम मोदी ने बिहार में ऐसा संकेत भी दिया तो देश भर में हो रहे अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन और विवाह के छः दिन बाद पत्नी की हत्या से स्तब्ध भारतीय जनमानस के मूड को भांपकर समूचा विपक्ष पाकिस्तान और दोषियों को सबक सिखाने की बात कर रहा है । इसमें वर्ष 1960 में पीएम नेहरू की सिंधु जल संधि को निलंबित कर पाकिस्तान को जा रहे कुल 80 % पानी को रोके जाने का केंद्र सरकार का बहुत कडा निर्णय है लेकिन इसके व्यापक क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ भी होंगे। पाकिस्तान इस भीषण गर्मी में भारत के गुस्से को समझ पाएगा या नफरत और बढ़ेगी यह देखना है पर बिलबिला अवश्य गया है । हालांकि सिंधु, झेलम और चिनाब में महत्वपूर्ण बदलाव करने की क्षमता सीमित है, जिनका पानी सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को आवंटित किया गया था क्योंकि प्रमुख भंडारण या मोड़ परियोजनाओं को पूरा होने में वर्षों लगेंगे। लेकिन भारत ने पाकिस्तान और उसकी सेना को कड़ा संदेश दिया है कि वह यह तय करे कि पाकिस्तान को जीवित रखना है या भारत को परेशान करने के लिए जो जिहादी तंत्र स्थापित किया है, उसे जीवित रखना है। पाकिस्तान पहले से ही दुनिया भर में सबसे ज्यादा जल-संकटग्रस्त देशों में से एक है, जहां जनसंख्या वृद्धि और खराब जल प्रबंधन के कारण प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता में गिरावट आती रही है। पश्चिमी नदियों से पानी में उल्लेखनीय कमी से यह समस्या और बढ़ सकती है, जिससे पीने के पानी की आपूर्ति और स्वच्छता पर असर पड़ सकता है, खासकर ग्रामीण इलाकों में।



पाकिस्तान की लगभग 80 फीसदी कृषि योग्य भूमि (1.6 करोड़ हेक्टेयर) सिंचाई के लिए सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 25 फीसदी का योगदान देती है। पाकिस्तान को तात्कालिक संकट का भी सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि इसका जल भंडारण सीमित है। इससे पाकिस्तान की जल प्रवाह में अचानक कमी को कम करने की क्षमता सीमित हो जाती है। भारत वर्तमान में पूर्वी नदियों (रावी, ब्यास, सतलुज) से आवंटित 33 एमएएफ का केवल 93-94 फीसदी ही उपयोग करता है। संधि की समाप्ति से भारत इस हिस्से का पूरा दोहन कर सकेगा और संभावित रूप से पश्चिमी नदियों से पानी को मोड़ सकेगा या संग्रहित कर सकेगा, जिससे पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कृषि को बढ़ावा मिलेगा और जलविद्युत उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। पाकिस्तान यह नहीं कह सकता कि उसे चेतावनी नहीं दी गई थी। वर्ष 2016 में उरी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने चेतावनी दी थी कि 'खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।' इसके बाद भारत ने 'सर्जिकल स्ट्राइक' की और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास कई पाकिस्तानी आतंकी शिविरों पर हमला किया। 30 अगस्त, 2024 को भारत ने पाकिस्तान को 2023 के बाद से अपना चौथा पत्र भेजा, जिसमें भारत की चिंताओं को दूर करने के लिए सिंधु जल संधि की 'समीक्षा और संशोधन'? के लिए फिर से बातचीत करने के लिए कहा गया। जम्मू-कश्मीर में हिंसा में कमी आई है, लेकिन हत्याओं का सिलसिला जो पाकिस्तानी जिहादियों द्वारा किया जाता है थमा नहीं । उनकी हरकतें पाकिस्तान की घरेलू राजनीति की मजबूरियों से प्रेरित हैं, जहां बलूच और तहरीक-ए-तालिबान के विद्रोही पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसलिए कश्मीर में भारत के खिलाफ जिहाद को बढ़ावा देना पाकिस्तान का पसंदीदा विकल्प बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भारतीय प्रयास का समर्थन करे, इसके लिए वैश्विक कूटनीतिक प्रयास की आवश्यकता होगी।

## नीट पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड संजीव मुखिया गिरफ्तार

- पटना के सगुनामोड़ पर एक अपार्टमेंट से हुई गिरफ्तारी

**पटना (हि.स.)।** नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गुरुवार की रात बिहार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आर्थिक अपराध यूनिट (ईओयू) की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पटना से गिरफ्तार कर लिया गया। संजीव मुखिया पर तीन लाख का इनाम घोषित किया था। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने शुक्रवार को बताया कि नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया मुख्य आरोपी है और वह लंबे समय से फरार था।

10 अप्रैल को बिहार पुलिस ने संजीव मुखिया पर 3 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात मिले एक इनपुट के आधार पर दानापुर थाना क्षेत्र के सगुनामोड़ स्थित एक अपार्टमेंट से ईओयू और बिहार एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई के बाद नीट पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गिरफ्तार किया है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान दानापुर पुलिस का पूरा सहयोग रहा। एसटीएफ संजीव मुखिया से पूछताछ जारी है। ज्ञात हो कि संजीव मुखिया पहले नूरसराय हॉर्टिकल्चर कॉलेज में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत था। उस पर आरोप है कि उसने नीट परीक्षा में छात्रों से 40-40 लाख रुपए लेकर प्रश्नपत्र लीक किया। यह कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें उसका नाम सामने आया हो। वर्ष 2016 की सिपाही भर्ती परीक्षा में भी पेपर लीक मामले में उसका नाम जुड़ा था। इसके अलावा, बीपीएससी शिक्षक बहाली घोटाले में वह पहले ही जेल जा चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि उसका बेटा डॉ शिव कुमार, जो पीएमसीएच से एमबीबीएस कर चुका है, फिलहाल जेल में है।

# पहलगाम की घटना को लेकर महावीर मंडल ने निकाला आक्रोश मार्च



◀◀ पाकिस्तान का फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** कश्मीर के पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए छतरपुर में महावीर मंडल द्वारा शुक्रवार को आक्रोश मार्च निकाल कर पुतला दहन व श्रद्धांजलि सभा किया गया। आक्रोशित लोगों ने ठाकुरबाड़ी से भारत माता चौक, सरैडीह मोड़, महावीर चौक तक कैंडल मार्च निकाला। जपला मोड़ स्थित भारत माता चौक पर पाकिस्तान का प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया गया। मौके पर लोगों ने आंतक व पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। मंडल के संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून ने कहा कि यह हमला कोई साधारण हमला नहीं है। यह देश की अस्मिता और उसके गौरव पर प्रहार है। भारत सरकार को अविलंब कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान का सफाया कर देना चाहिए। पाक समर्थिक आतंकवाद को करारा जवाब देना चाहिए। आतंकियों को चुन चुन कर सरकार को मारना चाहिए। महावीर मंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार, आर्यन कुमार, मृणाल कुमार, आकाश चंद्रा, यमुना यादव, पंचम कुमार, जयकुश प्रजापति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी शक्तियों के खात्मा के लिए सभी को आगे आने की अपील की। मौके पर महावीर मंडल के संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून, कुंदन पाठक, आशीष मिश्रा, आकाश चंद्रा, ओमप्रकाश सोनी, अध्यक्ष पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष मृणाल गुप्ता, जयकुश प्रजापति, पवन प्रजापति, प्रीतम कुमार, सन्नी कुमार, सोनू गुप्ता, रितेश चंद्रा, अभिषेक छोटू, डब्लू चंद्रा, बद्दू ठाकुर, सुरेंद्र चंद्रवंशी, गोकुल प्रसाद, नमन गुप्ता, गिरिजा चंद्रवशी, दिना प्रसाद, मंजुल गुप्ता, राकेश चंद्रा, गोकुल प्रसाद, कुंदन गुप्ता, दीपक यादव, अजय कुमार, उमेश सोनी, संजय विश्वकर्मा, प्रियांशु ठाकुर, मंजीत यादव, विश्वनाथ प्रसाद, गोरा पासवान, मणि ठाकुर सहित सैकड़ों लोगों ने आक्रोश मार्च सह श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।

## पहलगाम आतंकी हमला पर अजाप्टा ने शोक किया, रोष



**हुसैनाबाद।** अजाप्टा प्रदेश इकाई के आह्वान पर शुक्रवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के परिसर में प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षक एकत्रित होकर जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में २८ पर्यटकों के नृशंस हत्या पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए रोष प्रकट किया हैं। साथ ही गगनभेदी नारे लगाये। वक्ताओं ने कहा कि यह घटना मानवता को कलंकित करने वाली रक्तरंजित घटना हैं। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति व घायलों के स्वस्थ्य होने के लिए परमेश्वर से प्रार्थना की गयी। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हुसैनाबाद नृशंस हत्या की कड़े शब्दों में भर्त्सना करती है और प्रतिकार स्वरूप शुक्रवार को अपने कर्तव्य स्थल पर काला पट्टी के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अजाप्टा प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, पलामू प्रमंडल सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, प्रखंड कोषाध्यक्ष जितेंद्र राम,एचएम कन्हैया प्रसाद,शंकर पासवान,अवधेश पासवान, कामेश्वर पासवान, धुरेंद्र पटेल,दिवाकर पटेल,महेंद्र प्रसाद ,उपेन्द्र मेहता, मनोज कुमार चौधरी, महेंद्र बैठा, पप्पू पासवान सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड अंतर्गत जोगा गांव में पलामू जिला कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 27 सैलानियों की स्मृति में कैंडल मार्च व श्रद्धांजलि सभा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक चंदन राम ने की। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि यह हमला देश की सुरक्षा व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा की गई नोटबंदी जैसे फैसलों के बावजूद आतंकवाद पर कोई अंकुश नहीं लग सका है। आम नागरिक लगातार इसका शिकार बन रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग की और सभी राजनीतिक दलों से आतंकवाद के विरुद्ध मिलकर ठोस नीति बनाने का आह्वान किया। मौके पर सचिव सूरज कुमार, समाजसेवी अखिलेश राम, शंभू पाल, पवन देव कुमार समेत सैकड़ों लोगों ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी व राष्ट्रीय एकता व शांति के लिए संकल्प लिया।

## पहलगाम आतंकी हमले पर शोक व्यक्त की



**मोहम्मदगंज** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ (अजाप्ता) ने शुक्रवार को राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भजनियां में पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में शोक सभा की। प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने इस मौके पर घटना की निंदा करते हुए इसे जघन्य अपराध और मानवता को कलंकित करनेवाली कायरतापूर्ण कुकृत्य बताया। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमला में स्वर्गवरूपा भूमि पर रक्तपात से शिक्षक संघ मर्माहत है। इस घटना के विरोध में सभी शिक्षाकर्मियों ने काली पट्टी लगाकर कार्य किया। इसमें इनके अलावे मृतुन्जय कुमार, हेमन्त कुमार, विजय राम, बाल्मीकि राम, दिनेश चन्द्र पासवान,राकेश कुमार पांडेय, अरुण कुमार,रूपेन्द्र कुमार, हरिहर राम, प्रभाष कुमार, अनिल कुमार पाल ,फैयाज अहमद,बद्री राम, धनन्जय कुमार,उदय कुमार पासवान, रजनीश कुमार सिंह, महेंद्र कुमार,लालमुनी देवी, संजयकुमार, गौरीशंकर राम, राम नाथ राम, सबिता कुमारी, शशिकला कुमारी और मनीष कुमार सहित अन्य सभी ने भी कार्य स्थल पर दो मिनट का मौन रखकर इस घटना में मारे गए लोगों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एसडीओ गेट पर आत्मदाह करने पहुंचा युवक



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के बगैईया पंचायत के चोड़ार गांव के निवासी परन राम पिता स्व सुखलाल राम ने गांव के ही कुछ लोग से पीड़ित हो कर शुक्रवार को अनुमंडली कार्यालय पर गेट पर पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंचा था। आत्मदाह की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल ही मौके पर पहुंच कर युवक को समझा कर आत्मदाह करने से रोका। परन ने बताया कि उसके गांव के जमीन पर जबरन चाहरदीवारी गिराकर जमीन हड़प जा रहा है, जबकि अंचल कार्यालय से उक्त प्लॉट पर रोक लगा दिया गया था। फिर भी गांव के अर्जुन राम,अवध राम, विनय राम ने उक्त प्लॉट पर जबरन काम कर रहे हैं। पीड़ित परन राम ने आजीज होकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर छतरपुर अनुमंडल कार्यालय मेन गेट पर एक बोतल पेट्रोल लेकर अपने पूरे परिवार के साथ आत्मदाह करने पहुंचा था। पुलिस परन राम को छतरपुर थाना ले गयी।

## एकल विद्यालय में शोक सभा

**छतरपुर।** वन वंधु परिषद द्वारा संचालित एकल विद्यालय ग्राम लोहराही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद पर्यटकों की आत्मा की शान्ति के लिए विद्यार्थियों व अभिभावकों की उपस्थिति में शोक सभा किया गया। कार्यक्रम में एकल अभियान के प्रशिक्षक ललन सिंह, बाबा विभु, सुमन शामिल थे। कार्यक्रम में समाज सेवी चंदन कुमार, आचार्य सुषमा देवी, अभिभावकों में रामबरन प्रजापति, मुरारी प्रजापति,संजय कुमार शर्मा,लखन साव, शिवपूजन साव, रवीन्द्र प्रजापति, लवकुश कुमार, सीताराम कुमार, गिरजा भुइयां उपस्थित थे।

# पर्यटकों की आतंकी हत्या के विरोध में निकला जुलूस




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पुलवामा में कई पर्यटकों की आतंकी हमले में की गई हत्या के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हैदरनगर में जुलूस निकाला। उन्होंने स्थानीय गुमटी चौक पर पाकिस्तान सरकार का पुतला दहन किया। इससे पूर्व विहिप के संरक्षक सह मुखिया संतोष कुमार सिंह व सचिव अभिराज गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बड़ा शिवालय में एकजुट होने के बाद पूरे नगर में इस जघन्य घटना पर विरोध मार्च किया। मेन रोड, बैंक रोड, जवाहर पथ, बस स्टैंड, गुमटी चौक पहुंचने पर पुतला दहन किया।

## दो सप्ताह से युवक लापता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के झरकटिया निवासी विश्वनाथ राम का 22 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार 12 अप्रैल से लापता है। परिवारजनों के काफी खोजबीन के बाद भी अभी तक उसका पता नहीं चल पा रहा है। सुजीत के पिता विश्वनाथ राम ने बताया कि उनका पुत्र मानसिक रूप से कमजोर है। वह काला रंग का टी शर्ट व कथा रंग का हाफ पैंट पहना है।

# विहिप व बजरंगदल ने पाकिस्तान पीएम का पुतला दहन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में शुक्रवार की शाम को जपला में आक्रोश मार्च निकाल कर पाकिस्तान पीएम का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत शहर के महावीर जी भवन परिसर से हजरों की संख्या में हांथ में तख्तियां लिए हुए लोगों ने बाजार भ्रमण किया व पाकिस्तान पीएम होश में आओ,जेहाद के नाम पर इस्लामिक आतंकवाद बन्द करो, पाक सेना अध्यक्ष कायर हैं, भारत माता की जय आदि नारा लगाते हुए लोगों ने गांधी चौक, पुरानी बाजार लम्बी गली,मुख्य बाजार होते हुए शहर के जेपी चौक पंहुचे, जहां पर एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया गया और देश के नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रहकर शोक व्यक्त किया गया। मौके पर आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप ,संतोष प्रसाद गुप्ता, सचिन आनंद, संदीप सोनी, राजीव ठाकुर,बजरंग दल राजू सोनी, अक्षय कुमार सिंह, प्रमोद प्रजापति रौशन चौरसिया विपिन पटेल, विनय कांशयकार मनीष शर्मा, सजंय सोनी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## पहलगाम आतंकी हमला को लेकर कैंडल मार्च निकला

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को हुसैनाबाद मे विभिन्न संगठनों ने पहलगाम की घटना को लेकर आक्रोश जताया है। यहां नगर पंचायत के निवर्तमान जनप्रतिनिधि व सामाजिक लोगों ने आतंकी हमले पर कड़ा रोष प्रकट किया एवं कैंडल मार्च निकाला। आतंकवादियों द्वारा बर्बरता पूर्वक देश के नागरिकों व सैलानियों के हत्या के विरोध में प्रदर्शन व कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च गांधी चौक से होते हुए अंबेडकर चौक के बाद जेपी चौक पर समाप्त हुआ। मार्च के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी,व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, नजीर अहमद, डॉ. एजाज आलम, जिशान हसन, इम्तेयाज आलम, अजय भारती ,वीरेंद्र राम, अब्बास कादरी, मिशन रिजवी ,आरजू खान ,रविंद्र कांस्यकार उर्फ टंकी , मुन्ना कुमार देव, अफजल अंसारी, प्रदीप पटेल ,अकरम खान, शक्ति पासवान सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पहलगाम की घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पहलगाम की आतंकी घटना के विरोध में शुक्रवार की देर शाम स्टेशन रोड में कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और व्यावसियों ने शिरकत किया। जिसमें भाजपा, कांग्रेस, राजद व अन्य दलों के नेता शामिल थे। जगदेव चौक पर पहुंचकर कैंडल जलाकर मृतकों को शहीद का दर्जा देते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाना और देश की अखंडता को मजबूत करना है। भारी संख्या में लोगों ने इसमें शामिल होकर शांति, एकता और देशप्रेम का परिचय दिया। इसमें कामेश्वर कुशवाहा, महेन्द्र प्रसाद सिंह,नीरज सिंह,सीबी रमन सिंह, मानिकचंद्र शर्मा, मनीष सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, सिद्धार्थ कुमार, उमेश राम, रामजन्म राम, रामबचन मेहता, रविरंजन सिंह, पंकज कुमार, पंचू रजवार, गणेश मेहता ,कामता मेहता, विक्की चन्द्रवंशी, पिंटू चन्द्रवंशी, गिरधर प्रसाद, मंटू दास और टीमल यादव सहित अन्य कई लोगों ने शिरकत किया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने सदलबल इस कार्यक्रम की निगरानी की।

# भीम बराज का कछार बना चारागाह



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** गर्मी बढ़ते ही मैदानी इलाकों में चराई में जुटे पशुपालक चरवाहों की परेशानी और चिंता का बड़ा कारण पशुओं के झुंड के लिए चारा-पानी का अभाव बन जाता है। खासकर भैंस की झुंड को गर्मी से राहत पहुंचाना बड़ी जरूरत बन जाती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए पशुपालक चरवाहों ने बड़ा उपाय ढुंढ निकाला है। जिसमें पशुओं के झुंड को पर्याप्त चारा और पानी मिल जाता है। बताया गया कि भीमबराज का कछार हाल के वर्षों से चारागाह के काम आने लगी है। इसके साथ वहां तक तैर कर पहुंचने में पशुओं खासकर, भैंस को गहरे शीतल पानी में बोरने से ठंडक भी मिलती है। बताया गया कि गर्मी बढने के साथ बराज की ओर डहराते ही पशुओं का झुंड भीमचूल्हा के समीप कोयल नदी के गहरे पानी में उतरकर तैरते और बोरते हुए खुद-ब-खुद भीमबराज के कछार पर पहुंच जाता है। फिर रात होने से पहले ही पशुओं का झुंड वापिस पशुपालक के घर अथवा बथान पर पहुंच जाता है। इस बीच चरवाहों को साथ चलने की औपचारिकता भर निभानी होती है। इस प्रकार देखा जाए, तो गर्मी के मौसम में भीमबराज में जल भंडारण बड़ा उपयोगी साबित होता है। इस बार भी अपेक्षाकृत अधिक तापमान और असहनीय धूप के समय पर पूरी तरह भरे पड़े बराज के बीच स्थित डीला (कछार) आसपास के पशुओं की आश्रय स्थली बन गया है। यही वजह बताया जाता है कि सुबह पशुपालकों के खूंटे से खुलने के साथ ही रास्तों में चरते हुए पशुओं का झुंड चरवाहों के आगे-आगे भीमबराज की ओर चल पड़ते हैं। जहां नदी के किनारे पर दूर बैठे चरवाहे उनकी निगहबानी करते रहते हैं। इस तरह से भीमबराज का कछार पालतू पशुओं के लिए प्यास बुझाने और भूख मिटाने का ऐसे मौसम में जब लोगों का घरों से निकलना दुभर हो जाता है, आश्रय स्थली बन गया है। भीमचूल्हा के पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने बताया कि आसपास के पशुओं का झुंड का आना शुरू हो गया है।

## समीक्षा बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में शनिवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे से विधायक संजय कुमार सिंह यादव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बीडीओ रणवीर कुमार ने इस संबंध पत्र निर्गत किया है। इसमें उन्होंने सांसद व पंचायत प्रतिनिधियों सहित सभी विभागीय अधिकारियों की अचूक उपस्थिति दर्ज करने का आग्रह किया है। बताया गया कि विधायक विभिन्न विभागीय समीक्षा करेंगें। ऐसे में सभी अधिकारियों को अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थिति अनिवार्य होगी।

# ई- रिक्शा कचरा वाहन बनाकर मोकहर कला पंचायत स्वच्छता के प्रति जागरुकता में अव्वल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर पंचायत में स्वच्छता अभियान में बढ़ी जागरुकता से मॉडल पंचायत बनने में अव्वल स्थान पर है। संबंधित जलसहिया की प्रेरणा से इसके प्रति ग्रामीणों में उत्साह का सृजन हो सका है। इस पंचायत में सर्वप्रथम कचरा वाहन का नियमित प्रयोग शुरू किया गया है। यह वाहन ई रिक्शा का परिवर्तित स्वरुप है। प्रखंड समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने बताया कि इस पंचायत के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों को कचरा वाहन उपयोग के लिए विधिवत समय निर्धारित भी कर दिया गया है। जिससे सभी ग्रामीणों को इस वाहन में घरों और आस पास के कचरों को डालने में सुविधा होगी। जिससे यथा शीघ्र इस पंचायत मॉडल पाने का दर्जा पाने को अग्रसर है। इस सुविधा को मुखिया नाजमा खातून की उपस्थिति में शुरू किया गया है। जिसमें जल सहिया जेबा सहनाज, नीलम, सबीना खातुन, समाज सेवी नवाजीश खान, ग्राम जल स्वच्छता समिति के कई सदस्य व महिलाओं के समूह ने भाग लेकर इस पहल की सराहना की है। पंचायत स्तर पर आयोजित बैठकों में उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना बनाने में महिला समुदाय को सक्रिय सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि इस पंचायत के महिलाओं व ग्रामीणों कहा कि सक्रियता और सजगता की प्रेरणा अन्य पंचायत के लोगों को भी लेने की जरुरत है। जिससे उनका ही प्रखंड स्वच्छता अभियान को गौरवान्वित कर सकेगा।

# पहलगाम में पर्यटकों की हत्या पर डाकघर में शोक सभा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत व झारखंड राज्य के निर्देश पर जपला मुख्य डाकघर के अभिकर्ताओं व डाक कर्मियों ने मुख्य डाकघर में पहलगाम आतंकवादी घटना में मारे गये 28 पर्यटकों की हत्या पर शोक सभा किया गया। अध्यक्षता देवेन्द्र नाथ गुप्ता, संचालन श्रवण कुमार ने किया। वक्ताओं ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा देश-विदेश के 28 पर्यटकों की बर्बतापूर्ण नृशंस हत्या से पूरा देश गुस्सा में है। देश के सभी जगहों से आतंकवादियों को सबक सिखाने की मांग हो रही है, जिस पर भारत सरकार ने कई बड़े व कठोर फैसले लिये। कार्यक्रम में उपस्थित अभिकर्ताओं व डाक कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर सभी मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया गया। मौके पर देवेन्द्र नाथ गुप्ता व श्रवण कुमार के अलावे रंजीत सिंह, कैलाश मेहता, रविकांत सिंह, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, संतोष ठाकुर, सुधीर ठाकुर, राजकुमार, सौरभ कुमार, अभिषेक प्रभाकर, पप्पू प्रसाद, सुधीर कुमार सिंह, धीरेन्द्र कुमार, भगवान राम, कुलदीप प्रसाद सोमनाथ,ज्योति प्रसाद,चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिकर्ता व डाक कर्मी मौजूद थे।

## तापमान में वृद्धि : गर्मा फसलों के लिए फायदेमंद

# लोगों के लिए परेशानी का सबब बना



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** तापमान के 40 के पार पहुंचने से जनजीवन के साथ ही पशुपालन में परेशानी बढ़ गई है। सुबह से ही असह्य तीखी धूप दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाने का कारण बन गई है। ऐसे में पानी के साथ घरेलू और बाजारू पेय पदार्थ बड़ी राहत के सामान बन गए हैं। सत्तु,बेल,आम, नींबू के शर्बत और घोल का सेवन जरूरत बन गए हैं। बाजार में खीरा, ककड़ी, तरबूज जैसी चीजें गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के साथ ही फुटपाथ और ठेला पर दुकान लगाकर गरीबों की मौसमी कमाई का बड़ा साधन बन गए हैं। वहीं, बताया गया कि तेज धूप और हवाएं मक्का, चिनियां बादाम और मूंग जैसी गर्मा फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगा। मगर सब्जियों की खेती पटवन के लिहाज से काफी मेहनत काम बन गई है। हीट वेव के कारण बच्चों व पशुओं के पालन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत बढ़ गई है। इन सबके बीच आने वाले दिनों में मौसम परिवर्तन के संकेत सुकूनदायक संदेश दे रहा है।

# शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जम्मू काश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमला के विरोध में हरिहरगंज, पिपरा प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। साथ ही इस घटना में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट किया। कई शिक्षकों ने कहा कि यह घटना इंसानियत को झकझोर देने वाला है। निर्दोष पर्यटकों को इस तरह से निशाना बनाना क्रुरता की पराकाष्ठा को दर्शाता है, जो परिवार अपने प्रियजनों को इस हमले में खो चुके हैं। उनके साथ पूरा देश खड़ा है। ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को इस दुःख सहन करने की शक्ति और साहस प्रदान करें। साथ ही पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खात्मा के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की है। विरोध जताने वालों में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर, कटैया, सरसोत, तेन्दुआ, मध्य विद्यालय हरिहरगंज, खाप कटैया, ढकचा सहित कई विद्यालयों के शिक्षक शामिल हैं।

# जलमीनारों व नलकूपों की त्वरित मरम्मत के निर्देश, जल संकट से निपटने के लिए उपायुक्त ने कड़ा रुख अपनाया

- जल संरक्षण के लिए यूजर चार्ज लागू करने पर बल
- पेयजल संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए प्रभावी रिस्पांस टीम गठित करने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने आगामी गर्मी को ध्यान में रखते हुए जलमीनारों एवं नलकूपों की त्वरित मरम्मत कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुराने एवं खराब पड़े जलमीनारों तथा नलकूपों की मरम्मत तत्काल की जाए ताकि आने वाली गर्मी में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जल आपूर्ति के सुचारू संचालन के लिए जलमीनारों और नलकूपों की निरंतर देखभाल आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने उपयोगकताओं से जल संरक्षण की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यूजर चार्ज लेने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि मेंटेनेंस पीरियड समाप्ति के बाद सभी उपयोगकताओं से नियमित रूप से यूजर चार्ज लिया जाएगा, जिससे जल आपूर्ति तथा उसके रखरखाव की निरंतरता बनी रहे।




बैठक में उपायुक्त ने प्रत्येक प्रखंड में जल संकट और पेयजल संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए प्रभावी रिस्पांस टीम गठित करने का आदेश दिया। ये टीमें जल संबंधी शिकायतों का त्वरित निवारण करेंगी और उनकी गतिविधियों का निरंतर मूल्यांकन उपायुक्त स्तर पर किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं कार्यपालकों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों की पेयजल संबंधी समस्याओं का 10 दिनों के भीतर समाधान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके अलावा जलापूर्ति की स्थिति का भी समग्र आकलन कर रिपोर्ट सौंपना अनिवार्य होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक पंचायत में पानी के टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिन पंचायतों में पहले से टैंकर उपलब्ध हैं, उनकी सूची बनाई जाए और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त टैंकर उपलब्ध कराए जाएं ताकि संकट के समय जलापूर्ति में कोई बाधा न आए।

नागरिकों को जल संबंधी शिकायतों के लिए व्हाट्सएप का उपयोग करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए जल्द ही विभाग द्वारा एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा, जिससे जनता अपनी समस्याएं सीधे संबंधित अधिकारियों और रिस्पांस टीम तक पहुंचा सकेगी।

उपायुक्त ने विकास कार्यों की पारदर्शिता बनाए रखने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की राशि केवल निर्धारित आपूर्ति मद में ही खर्च होनी चाहिए। सिंगल विलेज और मल्टी विलेज योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत गांवों की स्थिति और उनके रखरखाव की भी समीक्षा की जाएगी। अगर किसी एजेंसी द्वारा कार्य में लापरवाही पाई गई, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अंत में, उपायुक्त शशि रंजन ने आम नागरिकों से अपील की कि वे जल संरक्षण में प्रशासन का सहयोग करें और जल की अनावश्यक बर्बादी से बचें। उन्होंने कहा कि जल संकट का समाधान केवल प्रशासन की प्रतिबद्धता से नहीं, बल्कि जनता के सहयोग से संभव है। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, तीनों एसडीओ तथा पेयजल से जुड़े विभाग के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महिला की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छत्तरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवताही गांव में जमीन विवाद को लेकर एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि देवताही गांव निवासी गुन्ना कुमार (उम्र 22 वर्ष), पिता मदन यादव ने गुरुवार को छत्तरपुर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि 3 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे उनकी मां शांति देवी अपनी बेटी के साथ घर के सामने बकरी को खूंटे से बांध रही थीं। इसी दौरान उनके गोतिया झ कुलमनिया देवी (उम्र 42), पति लखन यादव, रंजू कुमारी (उम्र 22), एवं अंजू कुमारी (उम्र 19), दोनों पुत्री लखन यादव, सभी निवासी झ ग्राम देवताही, पोस्ट कउअल, थाना छत्तरपुर झ वहां आ धमके और पास में रखे लकड़ी के पीढ़ा से शांति देवी की गर्दन पर प्रहार कर दिया। गंभीर रूप से घायल शांति देवी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मृत्यु हो गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घटना का कारण आपसी जमीन बंटवारा को लेकर पुराना विवाद था। घटना के दिन मृतका द्वारा कथित रूप से अभियुक्तों की जमीन में बकरी बांधने को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद यह हिंसक वारदात घटित हुई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में छत्तरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एएसआई घनश्याम मिश्रा, अनुसंधानकर्ता सुशील उरांव, महिला थाना की गूंजा कुमारी, पूनम कुमारी, महिला पुलिस बल तथा छत्तरपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## अवैध खनन, परिवहन व भंडारण रोकने की पूर्ण जिम्मेदारी सभी अधिकारियों पर : डीसी

- खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अवैध खनन, उसके परिवहन और भंडारण की रोकथाम करना खनन टास्क फोर्स के समस्त अधिकारियों की पूर्ण जिम्मेदारी है। सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ मिलकर प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करना होगा। ये बात पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय के सभागार में आयोजित खनन टास्क फोर्स की बैठक में कही। बैठक में उपायुक्त ने अब तक अवैध खनन और उससे जुड़ी गतिविधियों पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की।



उन्होंने खनन कार्यों में अनियमितताओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अंचल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन की निगरानी करें और थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर इस पर प्रभावी नियंत्रण रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित मामलों में कड़ी कार्रवाई होगी।

उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे जिले के सभी क्रशर प्लांटों का औचक निरीक्षण करें और अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने वन विभाग, पुलिस और मजिस्ट्रेट को मिलकर अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। वन विभाग और मजिस्ट्रेटों को गहन निगरानी रखनी होगी ताकि अवैध खनन की किसी भी गतिविधि को रोका जा सके।

उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारियों को भी पेंडिंग कोर्ट केसों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अदालत में लंबित मामलों की स्थिति की नियमित समीक्षा कर जल्द से जल्द समाधान का आग्रह किया।

**राजस्व हानि रोकने के लिए कठोर कदम उठाएं :** शशि रंजन ने कहा कि अवैध खनन से जिले को राजस्व की भारी हानि हो रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन रोकने के लिए हर संभव कदम उठाएं और इस मामले में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग एकजुट होकर कार्य करें। बैठक में जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी और खनन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बैक टू स्कूल अभियान के तहत कार्यशाला में गूंजा शिक्षा का संकल्प, उपायुक्त बोले -

## 'हर बच्चा स्कूल जाए, यह सपना नहीं, हमारा संकल्प है'

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल की कुर्सियाँ शुक्रवार को 11 बजे तक भरने लगीं, तब मंच के सामने बैठी भीड़ में शिक्षा के प्रति उम्मीद की झलक साफ दिख रही थी। अवसर था 'स्कूल रुआर 2025 (बैक टू स्कूल)' अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला का। हर चेहरे पर एक ही सवाल था झ कैसे हर बच्चा स्कूल लौटे?




कार्यशाला की शुरूआत एक शांत वातावरण में हुई, लेकिन जैसे-जैसे चर्चा ने रफ्तार पकड़ी, टाउन हॉल में मौजूद शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, मीडिया प्रतिनिधियों और अधिकारियों के विचारों की गूंज सुनाई देने लगी। मंच पर बैठे उपायुक्त शशि रंजन सचेत थे, बार-बार सिर हिलाकर संवाद में भागीदारी जताते रहे। जब एक आंगनबाड़ी सेविका ने उठकर कहा, 'बच्चे स्कूल इसलिए नहीं आते क्योंकि घर में काम करवाया जाता है या महुआ चुनने भेज दिया जाता है,' तो उपायुक्त ने पलटकर जवाब दिया, 'इस सोच को बदलना ही हमारी असली चुनौती है।' उनकी आवाज में दृढ़ता थी। कार्यशाला में ड्रॉपआउट बच्चों की समस्या पर खुलकर चर्चा हुई। कोई बोला, 'सड़कें नहीं हैं, बरसात में बच्चे घर में ही रह जाते हैं', तो कोई बोला, 'कोचिंग सेंटर स्कूल का विकल्प बनते जा रहे हैं।' एक शिक्षक ने बताया, 'बच्चे दरी पर बैठते हैं, जबकि निजी स्कूलों में रंगीन कुर्सियाँ होती हैं, यही फर्क है।'

उपायुक्त शशि रंजन ने घोषणा की कि 10 चयनित स्कूलों में उच्च गुणवत्ता वाले प्री-रिकॉर्डेड वीडियो लेक्चर शुरू किए जाएंगे, ताकि बच्चे गुणवत्ता की पढ़ाई से जुड़ें। उन्होंने कहा, 'आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल के रूप में विकसित करेंगे, जहां वोकेशनल कोर्स भी जोड़ेंगे।' इस पर हॉल में तालियाँ गूंज उठीं। एक और अहम ऐलान हुआ - 'जो बच्चा एक साल में 90 से 100 दिन स्कूल नहीं आएगा, उसका नामांकन रद्द किया जाएगा।' इस घोषणा ने कार्यशाला में गंभीरता ला दी।

जैसे-जैसे कार्यशाला आगे बढ़ी, समाधान भी सामने आने लगे - बच्चों का फूलों से स्वागत, रंगीन पठन सामग्री, माता-पिता के साथ संवाद, और सबसे महत्वपूर्ण - सरकारी विद्यालयों में विश्वास बहाल करना।

इस संवाद के साक्षी बने - उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर एसडीओ सुलोचना मीना, छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, डीपीआरओ डॉ. असीम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा समेत हॉल में बैठे करीब 230 शिक्षा प्रेमी नागरिक व कई अन्य। कार्यशाला समाप्त होने से पहले उपायुक्त ने एक बार फिर दोहराया - 'हर बच्चा स्कूल जाए - यह सिर्फ नारा नहीं, अब संकल्प है।' उस क्षण टाउन हॉल के भीतर नारा नहीं, एक जिम्मेदारी गूंज रही थी।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## जनवरी से मार्च तक जिले में हुई 89 सड़क दुर्घटनाएं, 68 लोगों की मौत


**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनवरी से मार्च तक जिले में हुई 89 सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा प्रस्तुत किया गया, जिसमें 68 लोगों की मृत्यु और 66 लोग घायल हुए हैं। बैठक में उपायुक्त ने दुर्घटना की वर्तमान स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण और सड़क जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं वाले हाई रिस्क स्थानों पर रंबल स्ट्रिप और रिफ्लेक्टिव टेप शीघ्र लगाए जाएं।

उपायुक्त ने सभी सीओ और थाना प्रभारी को उनके क्षेत्रों में अधिक दुर्घटनाएं होने वाले स्थानों की सूची एक सप्ताह के अंदर सौंपने का निर्देश दिया। एनएचएआई के प्रतिनिधि को फोर लाइन निर्माण के तहत इंटरसेक्शन रोड पर स्पीड ब्रेकर निर्माण के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही, सभी सीओ व थाना प्रभारी को 108 एम्बुलेंस का नंबर सुनिश्चित करने और ट्रामा सेंटर के रूप में अस्पताल चिन्हित करने के लिए एसडीओ को निर्देशित किया गया। एनएचएआई के किनारे स्थित ढाबों का औचक निरीक्षण नियमित रूप से करने को भी कहा गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव और सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन पर केवल दो काउंटर खुलने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर सिर्फ दो टिकट काउंटर खुलने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर शाम के वक्त, जब रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस और अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन होता है, तब यात्रियों की भारी भीड़ के बीच सीमित काउंटरों पर टिकट लेने के कारण कई बार ट्रेन छूट जाती है या कुछ यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करनी पड़ती है। टिकट काउंटर पर भीड़ में सबसे अधिक समस्या महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को होती है, जिन्हें खड़े होकर लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार टिकट लेने के दौरान यात्रियों के बीच विवाद भी हो जाता है। रेलवे यात्री रत्ना देवी ने बताया कि वह अपने बीमार पति के साथ रांची जाती हैं, लेकिन टिकट लेने में काफी दिक्कत होती है। हालांकि रेलवे प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधा देने की बात करता है, लेकिन यहां अधिकारियों की कमी और कुछ कर्मचारियों के व्यवहार के कारण यात्रियों को परेशानी होती है। यात्रियों ने मांग की है कि ट्रेन के समय सभी टिकट काउंटर खोलने के निर्देश दिए जाएं ताकि भीड़ कम हो और उन्हें आसानी से टिकट मिल सके। डाल्टनगंज स्टेशन धनबाद रेल मंडल का दूसरा सबसे अधिक राजस्व देने वाला स्टेशन है, जहां रोजाना करीब चार दर्जन से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। बावजूद इसके, टिकट काउंटर के बाहर भीड़ नियंत्रण के लिए जीआरपी या आरपीएफ जवानों की तैनाती नहीं होती, जिससे व्यवस्था और बिगड़ जाती है। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि स्टाफ की कमी के कारण सभी काउंटर एक साथ नहीं खोले जा सकते। उन्होंने कहा कि जल्द ही जीआरपी और आरपीएफ जवानों को यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात किया जाएगा।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन का बदलेगा स्वरूप, नए पार्किंग एरिया का होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही नए पार्किंग एरिया का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत रेलवे विभाग द्वारा पुराने ऑटो रिक्शा पार्किंग क्षेत्र तथा सामने की बैठने योग्य जगह को पूरी तरह साफ कर दिया गया है। प्रस्तावित योजना के अनुसार, दिव्यांगजन अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा, साथ ही हरित ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण अनुकूल भवन भी तैयार किए जाएंगे।




ज्ञात हो कि 6 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस पुनर्निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास किया था। 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत द्वितीय चरण में डालटनगंज रेलवे स्टेशन को 29.5 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्टेशन पर नया फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट सहित कई अत्याधुनिक सुविधाएं शुरू की जा चुकी हैं। हालांकि, यात्रियों के आगमन-प्रस्थान एवं वाहनों की पार्किंग हेतु अब तक समुचित व्यवस्था नहीं थी।

वर्तमान में, वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण ऑटो स्टैंड छोटा पड़ जाता था, जिससे ऑटो चालक अक्सर असुविधाजनक स्थानों पर वाहन रोककर यात्रियों को उठाते थे। वहीं, चार पहिया वाहनों के लिए भी कोई निश्चित पार्किंग स्थल उपलब्ध नहीं था।

उल्लेखनीय है कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन, धनबाद रेल मंडल का दूसरा सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला स्टेशन है। यहाँ गरीब रथ, राजधानी एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, रांचीझचोपनझरांची एवं सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित कुल 36 ट्रेनों का संचालन होता है। प्रमंडलीय मुख्यालय होने के कारण यहाँ बड़ी संख्या में लोग आवागमन के लिए रेलवे का उपयोग करते हैं। लेकिन चार पहिया वाहनों की पार्किंग सुविधा का अभाव अब तक बना हुआ था।

इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। पहले चरण में लिफ्ट और फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है, साथ ही वेटिंग रूम की भी व्यवस्था की गई है। अब आगमन, प्रस्थान और वाहन पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### आतंकी हमले की शिक्षक संघ ने की निंदा, दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में स्नातकोत्तर शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए जघन्य आतंकी हमले की तीव्र निंदा की गई। बैठक में विचार व्यक्त किया गया कि आतंकवाद का रास्ता भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के मूल ढांचे के साथ किसी भी रूप में मेल नहीं खाता। शिक्षक संघ ने इस अमानवीय कृत्य को 'निरपराध लोगों की निर्मम हत्या' बताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। साथ ही, यह प्रार्थना की गई कि ईश्वर संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। संघ की ओर से यह मांग भी उठाई गई कि इस कायराना हमले में शामिल आतंकियों को कठोरतम दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. आर. के. झा ने की, जबकि मौके पर डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. भीम राम, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. विभा शंकर, डॉ. सुनील, डॉ. लीना, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. भावना सिंह, डॉ. आराध्या एम.एम., डॉ. अरुण खाखा और डॉ. माधुरी प्रियदर्शिनी सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### युवक ने आर्थिक तंगी से तंग आकर की आत्महत्या का प्रयास, इलाज जारी

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चियांकी में एक युवक ने आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से परेशान होकर खुद का गला काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। विकाश कुमार (21) ने शुक्रवार की सुबह इस घटना को अंजाम दिया। गंभीर हालत में स्थानीय लोगों और उसके छोटे भाई की मदद से उसे मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। विकाश के छोटे भाई ने बताया कि विकास कई महीनों से बीमार था और आर्थिक तंगी के कारण मानसिक तनाव में था। इसी कारण उसने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जलजमाव से राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**मेदिनीनगर।** पांकी मेदिनी नगर मुख्य पथ के पास वार्ड छह में नाली जाम होने के कारण जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। दशकों पहले बनी नालियां सड़क की ऊंचाई बढ़ जाने के कारण निष्प्रयोज्य हो गई हैं और गंदा पानी मुख्य सड़क पर बह रहा है। इस गंदे पानी के चलते इलाके में बदबू फैल रही है और मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि जमे हुए पानी और कूड़े-कचरे की वजह से सड़क पर आवागमन करने वाले स्कूली बच्चे और ऑफिस जाने वाले लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। नाली के पानी के छींटे पड़ने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ रही हैं। इस मामले पर सिटी मैनेजर शाहिद हसन ने कहा कि पहले नाली की सफाई कराई जाएगी और जरूरत के अनुसार नाली का पुनर्निर्माण भी किया जाएगा ताकि जल निकासी सुचारु रूप से हो सके और जनता को राहत मिल सके।

### विद्यार्थी परिषद ने आतंकवाद व पाकिस्तान सरकार का किया पुतला दहन

**मेदिनीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद और पाकिस्तान सरकार का पुतला दहन किया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने गणपति धर्मशाला से जुलूस निकालकर छह मुहाना चौक पर प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने किया, जबकि संचालन प्रदेश छात्रावास प्रमुख रामशंकर पासवान ने किया। मौके पर अभय वर्मा ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। रामशंकर पासवान ने कहा कि इस प्रकार की आतंकी घटनाएं देश की अखंडता पर हमला हैं और सरकार को इनका मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने सीमित नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर जिला संयोजक नितीश दुबे, नगर मंत्री विपिन यादव, नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, जीएलए कॉलेज अध्यक्ष किसलय दुबे, उपाध्यक्ष प्रियांशु दुबे, कॉलेज मंत्री चितेश पाण्डेय, सह मंत्री हर्ष पाण्डेय, चंदन, रजक एवं अनिमेष सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पहलगाम हमले को लेकर मौन व्रत रख दी गई श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से चियांकी स्थित कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में मौन सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों और प्रबंधन ने हाथों में मोमबत्तियाँ जलाकर घटना में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के चेयरमैन संजीव तिवारी ने किया। उन्होंने दो मिनट का मौन रखवाते हुए इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा की और कहा कि 'यह हमला मानवता पर सीधा प्रहार है। सरकार को इस पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।' विद्यालय प्रबंधन से जुड़े आर्क तिवारी ने कहा कि ऐसी घटनाएं न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा को चुनौती देती हैं, बल्कि कश्मीर जैसे पर्यटन स्थलों की शांति को भी प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि 'हमें एकजुट होकर आतंक के खिलाफ मजबूत आवाज उठानी चाहिए।' इस मौके पर महेश्वर मिश्रा, विजय कुमार दुबे, संगीता पांडेय, मुकेश सिंह, राजू सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शांतिपूर्ण और सुरक्षित भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

### पहलगाम नरसंहार के विरोध में विहिप-बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**मेदिनीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए नरसंहार के विरोध में शुक्रवार की संध्या विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल, पलामू इकाई द्वारा आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। इससे पूर्व गीता भवन से डॉ. राजेंद्र प्रसाद चौक तक एक पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता हाथों में बैनर और प्लेकार्ड लिए हुए थे, जिन पर आतंकी हमले की निंदा करने वाले स्लोगन लिखे थे। राजेंद्र चौक पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए। वक्ताओं ने इस भीषण घटना को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए केंद्र सरकार से उग्रवादियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने यह भी कहा कि प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता सामने आ रही है, ऐसे में सरकार को पाकिस्तान को स्पष्ट और कड़ा जवाब देना चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन में जिला पालक दामोदर मिश्र, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, उपाध्यक्ष लाला यादव, मंत्री अमित तिवारी, संगठन मंत्री संतोष प्रसाद यादव, बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह, कनक सिंह, शर्मिला सुमी सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अबुआ आवास योजना में अनियमितता: पंचायत सचिव निलंबित, मुखिया की वित्तीय शक्ति जब्त करने की अनुशंसा

## अयोग्य लाभुकों को स्वीकृति देने पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नगर उंटारी प्रखंड अंतर्गत हलिवंताकला पंचायत में अबुआ आवास योजना (वित्तीय वर्ष 2024-25) के लाभुक चयन में गंभीर अनियमितता सामने आने के बाद उपायुक्त शेखर जमुआर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पंचायत की मुखिया सविता देवी की वित्तीय शक्तियों को जब्त करने की अनुशंसा पंचायती राज विभाग से की गई है। पंचायत सचिव पर आरोप है कि उन्होंने अयोग्य और पहले से आवास योजना का लाभ ले चुके लाभुकों को योजना में शामिल कर स्वीकृति दिलाई। जांच के बाद 26 मार्च को सचिव से स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन एक माह बाद भी उत्तर नहीं दिया गया। इसके बाद उन्हें निलंबित कर प्रखंड केतार में मुख्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा, साथ ही विभागीय कार्रवाई भी चलेगी। इसी मामले में मुखिया सविता देवी पर ग्राम सभा से पूर्व लाभार्थियों और अयोग्य व्यक्तियों को योजना में शामिल करने का आरोप सिद्ध हुआ। उनका स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। जांच दल ने 12 स्वीकृत घरों का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें अनियमितता की पुष्टि हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि योजनाओं में अनियमितता पर भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।



### कंप्यूटर ऑपरेटर को हटाने का निर्देश

**डंडई।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर बीडीओ देवलाल करमाली ने बिना पद सृजन के आवास योजना के कंप्यूटर ऑपरेटर रामाशंकर ठाकुर को हटाने का निर्देश प्रखंड आवास समन्वयक अभिषेक कुमार को दिया है। मामले की प्रतिलिपि उन्होंने उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड आवास समन्वयक के अलावा कार्य मुक्त हुए रमाशंकर ठाकुर के पास भी भेजा है। बीडियो ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं थी कि रमाशंकर ठाकुर बिना पद सृजन के आवास योजना के कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम कर रहा है।

## एक नजर

### मधुमक्खी काटने से घायल

**रंका।** मधुमक्खी के काटने से प्रखंड के योगेश्वर चौधरी घायल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहां चिकित्सा डॉक्टर गोरखनाथ पांडेय ने ईलाज किया। इस संबंध में योगेश्वर चौधरी के पत्नी ने बताया कि पति खेत में गाय चराने गए थे। इस दौरान अचानक मधुमक्खी ने हमला कर दिया।

### आपदा राहत से मदद करने की मांग

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी पंचायत निवासी तारा लाल श्रीवास्तव का पहले पत्नी का निधन और अब मां की अचानक मौत ने उनके जीवन में गहरा संकट ला दिया है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर है। इनका घर मिट्टी की है जिस पर तिरपाल लगाकर रहते है। इस त्रासदी ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। पंचायत के उप मुखिया मिना देवी ने बीडीओ से संपर्क कर तारा लाल श्रीवास्तव के परिवार को आपदा राहत फंड अथवा अन्य सरकारी योजना के तहत तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि तारा लाल जैसे सामाजिक रूप से सक्रिय और जरूरतमंद व्यक्ति को हर संभव मदद दी जाए।

### टीएनए टेस्ट का दूसरा दिन संपन्न

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड संसाधन केंद्र में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत शिक्षक आवश्यकता विश्लेषण कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। शुक्रवार को दूसरे दिन भी शिक्षकों के लिए ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किया गया। बीपीएम नवीन प्रकाश ने जानकारी दी कि इस टेस्ट से पहले सभी शिक्षकों को सेंटा एप डाउनलोड कर रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया था। यह टेस्ट 24 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलने वाला है, जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को बैचवार शामिल किया जा रहा है। टीएनए के तहत विभागीय स्तर पर समय-समय पर इस प्रकार के टेस्ट कराए जाते हैं, जिससे शिक्षकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान की जा सके। इस दौरान कई शिक्षकों ने तकनीकी समस्याओं की शिकायत की। कुछ शिक्षकों ने बताया कि लिंक समय पर न खुलने के कारण उन्हें परेशानी हुई। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बीआरसी कर्मी संजीत कुमार ने मौके पर तकनीकी सहयोग प्रदान कर समस्याओं को हल करने का प्रयास किया। परीक्षा स्थल पर सभी प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित थे और उन्होंने अनुशासनपूर्वक परीक्षा में भाग लिया।

### पहलगाम हमला में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में जिला मुख्यालय के घंटाघर के पास पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए शोकसभा का किया गया। शोकसभा में विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों ने भी भाग लिया। सभा में संस्था के संचालक आकाश केशरी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले में पर्यटकों की नृशंस हत्या कर दी गई। यह घटना निंदनीय है। मृतक अपने पीछे अपना पूरा परिवार को छोड़ गए हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति दे। साथ ही प्रधानमंत्री को आंतकियों के खिलाफ कठोर कदम उठाते हुए जिस निर्ममता से निर्दोष लोगों की जान ली गई, उन्हीं आतंकवादियों के भाषा में सरकार जवाब दें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर संतोष केशरी, अनिता दत्त, शुभम केशरी, दौलत सोनी, मनीष गुप्ता, विजय केशरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, अरविंद पटवा, उमेश कश्यप, शुभम गुप्ता, राजन कुमार, अनमोल कश्यप, संतोष कश्यप, ब्रजेश उपाध्याय, दीनदयाल पासवान, नैतिक कश्यप, विशाल गुप्ता, सोनू यादव सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता: भानु



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पहलगाम घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर में मशाल जुलूस निकाला गया। पुराने स्टेट बैंक से मशाल जुलुस निकला। जो शहर के मेन रोड होते हुए गर्ल्स हाईस्कूल जाकर समाप्त हो गया। गर्ल्स स्कूल के पास शहीद 28 लोगों को कैंडल जलाकर श्रधंजली दी गई। इस दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने कहा कि आज पूरे देश के लोगों के आंखो में आंसू के साथ गुस्सा है। पकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने जो कायरतापूर्ण हरकत किया है उसका हिसाब मोदी सरकार जरूर देगी। यह विश्व की पहली ऐसी घटना है जहां धर्म पूछकर पर्यटकों की हत्या की गई है। शहीद होने वालों का कसूर बस इतना था कि वे हिंदू थे। लेकिन आज भी कुछ लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। ऐसा जवाब दिया जाए कि फिर से आतंकवादी ऐसी दुस्साहस करने की जरूरत नहीं करे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर भाजपा महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भगत दयानंद यादव, संजीत तिवारी,शैलेश चोबे, विभूति चोबे, कुमार कनिष्क, विकाश पांडेय, अशोक सेठ,विजया लक्ष्मी, सुरेंद्र गुप्ता, लाल मोहन यादव, चंदन पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# ई- केवाईसी हर हाल में 30 तक करा लें नहीं तो राशन से वंचित हो जाएंगे: बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों व पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया के साथ बैठक कर कार्डधारी लाभुकों को 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी लाभुक का ई केवाईसी न छुटे इसके लिए पंचायत के प्रतिनिधि, मुखिया अपने-अपने क्षेत्र के पीडीएस दुकान पर जाकर ई केवाईसी करना सुनिश्चित करें। ई-केवाईसी नहीं होने पर सरकार द्वारा निशुल्क रूप से दी जाने वाली राशन का लाभ से लोग वंचित हो जाएंगे। अभी भी 5 हजार सुयोग्य लाभकों का ई-केवाईसी नहीं हो पाया है। उन्हें तत्काल ई-केवाईसी कराएं। बैठक में पीडीएस दुकानदारों ने बताया कि कुछ का आधार में गड़बड़ी के कारण ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है। उसे सुधार के लिए जिला मुख्यालय सूचीबद्ध तरीके से भेजने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रमुख नारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह, लालू यादव, मनोज राम, मुखिया ललित बैठा, रिंकू सिंह, अमित कुमार दुबे, डीलर संघ के जिला अध्यक्ष कामेश्वर दुबे, प्रखंड अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा, अच्छा विश्वकर्मा, राजेंद्र राम, प्रमोद कुमार सिंह, पीडीएस इंचार्ज राजीव रंजन सिंह के अलावा अन्य कई लोग मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण




**खरौंधी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के दो उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी व उच्च विद्यालय भलुही का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति, छात्रों की उपस्थिति, नामांकन की प्रक्रिया, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था समेत विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। बीडीओ ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी के प्रधानाध्यापक अरविंद प्रसाद उच्च विद्यालय भलुही के प्रधानाध्यापक नसीम अंसारी से सभी जरूरी जानकारियां प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शौचालय की स्थिति, पेयजल की उपलब्धता एवं छात्रों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री की भी जांच की। साथ ही उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर सुधार की आवश्यकता है, जिसको लेकर संबंधित प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ ने मध्यान्ह भोजन के संचालन की जानकारी लेते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि भोजन की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो और बच्चों को समय पर पौष्टिक भोजन मिले। उन्होंने नामांकन बढ़ाने के प्रयासों पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा विद्यालय से जुड़े, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान बीपीएम नवीन प्रकाश, कनीय अभियंता अनूप कुमार समेत कई अन्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। बीडीओ ने विद्यालयों की कमियों को जल्द दूर कर शैक्षणिक माहौल को और बेहतर बनाने की बात कही।

### पहलगाम की घटना कायरतापूर्ण: नीतीश कुमार

**भवनाथपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमला के विरोध में रवि शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन सह श्रद्धांजलि सभा का गया। सूर्य मंदिर से कैंडल मार्च निकाला गया, जो शिव मंदिर होते हुए कर्पूरी चौक तक गया। वहां दो मिनट का मौन रख कर मृतक को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रदर्शनकारी पाकिस्तान व आतंकवाद विरोधी नारे लगा रहे थे। मौके पर व्यावसायिक संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम घाटी में जिस तरह से पर्यटकों को उसका धर्म पूछकर गोली मारी गई, यह बहुत ही कायरतापूर्ण और निंदनीय कार्य है। इससे हमारा मनोबल कमजोर नहीं होगा। हमारे देश की अखंडता पर कोई आंच नहीं आएगा। कहा कि जब अपना धर्म ही नहीं बचेगा तो यह जाति की लड़ाई लड़कर क्या करोगे। हम सभी को पाकिस्तान का आर्थिक बहिष्कार करना होगा, जिससे इस्लामिक आतंकवाद जैसा शब्द ही पनप ना पाए। मौके पर गुप्तेश्वर प्रसाद रवि शंकर गुप्ता, विहिप अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, राजमोहन यादव, ब्रजेश गुप्ता, विनय मेहता, ओम प्रकाश आर्य, शंकर गुप्ता, विनय गुप्ता, उज्ज्वल जायसवाल, सत्येंद्र गुप्ता, जितेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पहलगाम मेंआतंकी हमले के विरोध में चक्का जाम




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** कश्मीर के पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को खरौंधी बाजार में प्रदर्शन किया। विरोध जताते हुए कार्यकर्ताओं ने एक घंटे तक बाजार के कोन मोड़ पर चक्का जाम किया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान व आतंकवादी विरोधी नारे लगाए। इससे पहले एक जुलूस भी निकाला गया, जो खरौंधी बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए कोन मोड़ पहुंचा। वक्ताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारने की घटना को कायरतापूर्ण और बेहद निंदनीय बताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस तरह की घटनाएं देश के मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं और न ही भारत की अखंडता पर कोई आंच आएगी। उन्होंने आतंकवाद के साथ-साथ आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देशद्रोहियों पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही, समाज में जाति के नाम पर विभाजन फैलाने वालों को भी जमकर आड़े हाथों लिया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि देश को आतंकवाद मुक्त बनाना होगा और इसके लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। मौके पर रामानंद मेहता, गोरखनाथ चौधरी, उपेंद्र दास, रौशन दूबे, विवेकानंद यादव, आशिष जायसवाल, भूलन मेहता, अवधेश पासवान, संध्याकर विश्वकर्मा, रामखेलावन पासवान, विश्वनाथ राम और राजेश गुप्ता समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा ने यूपीएससी में चयनित छाया के माता-पिता सम्मानित किया

**मेराल।** प्रखंड के अकलवानी गांव के सुनील दुबे के पुत्री छाया कुमारी द्वारा यूपीएससी निकालने पर शुक्रवार को उनके घर जाकर मेराल भाजपा परिवार ने फूल माला तथा बुके दे कर स्वागत कर बधाई दिया। लोगों ने छाया के माता पिता को विकट परिस्थिति को झेलते हुए इस मुकाम तक पहुंचाने पर उनकी प्रशंसा किया। बधाई देने वालों में विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा,उत्तरी मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल, उत्तरी युवा मोर्चा अध्यक्ष रामाकांत गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, मेराल प्रखंड कार्य समिति सदस्य इंजीनियर रोहित कुमार, धनंजय चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, सुनील कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# चैता दोगोला से पुरानी सांस्कृतिक व संस्कार जीवित रहेगा: भानु



**केतार।** प्रखंड के चौरा गांव में योगीवीर बाबा महोत्सव के अवसर पर आयोजित चैता दोगोला का उद्घाटन पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने फीता काट कर किया। मौके पर कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में मृत 28 लोगों की आत्मा कि शांति के लिए उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। इसके बाद गुड्डू हलचल और अमर अकेला के बीच दोगोला मुकाबला शुरू हुआ। पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछ कर 28 हिंदू परिवारों को गोली मारने वाले न सिर्फ आतंकवादी को बल्कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को भी सबक सिखाने कि जरूरत है। उन्होंने भारतीय को एकजुट होने पर जोर दिया। पूर्व विधायक ने कहा चैता दोगोला का आयोजन कराने पर समाज सेवी पंकज सिंह कि प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन होने से सांस्कृतिक व संस्कार जीवित रहेगा। चैता दोगोला गांव और किसान से जुड़ी परंपरा को जागृत करता है। कार्यक्रम में आकर गर्व महसूस कर रहा हूं। कहा कि चैत्र माह में वर्षों से चैता गांवों में गए जाते हैं। इसमें पारंपरिक संगीत की झलक मिलती है। आज के समय में चैता दोगोला भी आधुनिक ढ़ग से गाये जाने लगा हैं। हम सबको पुरानी ग्रामीण सभ्यता को बचायें रखने कि जरूरत है। निर्णायक मंडली द्वारा गुड्डू हलचल को विजेता घोषित किया गया। मौके पर भाजपा नेता दयानंद भगत, पंकज सिंह, निरज सिंह, धीरज सिंह, राजू सिंह, कन्हाई प्रसाद, मुखिया मूंगा साह, मनोरंजन गुप्ता, अनिल पासवान, रविन्द्र सोनी, कांडी जिप सदस्य दिनेश कुमार, सौरभ सिंह , मनोज कुमार, राजू यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अंजुमन कमेटी ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

## श्री बंशीधर नगर में नमाज के बाद निकाला गया शांति जुलूस, एकता का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई जघन्य आतंकी घटना के विरोध में शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर में अंजुमन कमेटी के बैनर तले शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। जुम्मे की नमाज के बाद सैकड़ों लोग हाथों में काला बिल्ला लगाकर जामा मस्जिद से गर्ल्स स्कूल तक जुलूस में शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने घटना को कायरतापूर्ण और इंसानियत को कलंकित करने वाला बताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आतंकी घटनाएं देश को कमजोर करने की कोशिश मात्र हैं, लेकिन भारत की एकता और अखंडता अडिग है। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आतंकी तत्व न केवल इंसानियत के बल्कि इस्लाम के भी विरोधी हैं। प्रदर्शन में यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए सख्त कदमों का समर्थन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान, सरपरस्त शमीम खान, तस्लीम खान, युवा समाजसेवी महमूद आलम, वाहिद खान, मुन्ना खान, तौआब खान, फिरोज खलीफा, दिलनवाज खान, आमिर शाहिद, मबाबू खान, पिंटू खान, सुहैल आलम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर देश के साथ खड़े होने का संदेश दिया।




**कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।**

Email Id – civilsurgeonpalamu@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू के अन्तर्गत विज्ञापन सं0– 01/2025 से संबंधित आवश्यक सूचना। दावा–आपत्ति से प्राप्त कुल 400 आवदनों में से निराकरण के पश्चात 331 स्वीकृत आवेदनों कि सूची www.palamau.nic.in प्रकाशित का दी गयी है। पूर्व में प्रकाशित कुल 752 स्वीकृत आवेदनों की सूची तथा दावा–आपत्ति निराकरण के पश्चात कुल 331 स्वीकृत आवेदनों की सूची से संबंधित अभ्यर्थी दिनांक– 24.04.2025 से दिनांक–30.04.2025 तक कार्यालय अवधि में (प्रातः 10:30 से संध्या 5 बजे) तक अपना प्रवेश पत्र सिविल सर्जन पलामू कार्यालय से प्राप्त कर सकते है अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र करते समय मूल पहचान पत्र लाना सुनिश्चित करेंगे तथा साथ ही पासपोर्ट साइज 04 (चार) रंगीन फोटो कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा।

आदेशानुसार,
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 351067 District(25-26)D



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।**

**–: निःशुल्क रैबीज कैम्प का आयोजन :–**

सभी कुत्ता पशुलकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.04.2025 को World Veterinary Day के उपलक्ष्य में पशु शल्य चिकित्सालय, सदर मेदिनीनगर के प्रांगण में स्थित पेट क्लीनिक में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक एक दिवसीय निःशुल्क रैंबीज टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 3 माह से अधिक उम्र के कुत्तो को रैंबीज टीका दिया जाना है।

अतः आप सभी वैसे इच्छुक पशुपालक जिनके कुत्तों को अभी तक रैंबीज का टीका नहीं दिया गया है उनसे अनुरोध है कि इस निःशुल्क कैम्प में अपने–अपने 3 माह से अधिक उम्र के कुत्तों को रैबीज का टीका दिलाने हेतु पशु शल्य चिकित्सालय के प्रांगण में स्थित पेट क्लीनिक में लाना सुनिश्चित करना चाहेंगे।

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 351041 (Animal Husbandry) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(सहकारिता प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी,चतरा**

**आम सूचना**

कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–825(6), दिनांक–22.04.2025 के आलोक में झारखण्ड में MPCS (पैक्स) के पुनर्गठन के पश्चात इनमें सदस्यों की कुल संख्या में आशानुरूप वृद्धि नहीं होने के कारण दिनांक–25.04.2025 से 24.05.2025 तक विशेश अभियान Mission Mode में चलाकर पंचायत क्षेत्र के स्थायी निवासी अहर्त्ताधारी प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को MPCS (पैक्स) की सदस्यता प्रदान किया जाना है। विदित हो कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के गठन के पश्चात सहकारिता प्रक्षेत्र में आमूल–चुल परिवर्तन की ओर अग्रसर है। विभिन्न नये आयामों के द्वारा सहकारिता प्रक्षेत्र को सशक्त बनाये जाने हेतु सरकार के द्वारा अनेक नये अवसर प्रदान किये जा रहे हैं, यथाः– 1. अन्न भंडारण हेतु प्रत्येक पंचायत में 100 एम.टी./500 एम.टी. तथा World's Largest Grain Storage Plan in Cooperative Sector अंतर्गत गोदाम का निर्माण 2. MPCS (पैक्स) को कम्प्युटरीकृत करना 3. MPCS (पैक्स) को खाद एवं बीज की अनुज्ञप्ति प्रदान कर ग्रामीणों में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना 4. पंचायतों में जन औशधि केन्दों की स्थापना 5. कृशि एवं लघु वनोपज का भंडारण एवं क्रय–विक्रय की व्यवस्था 6. जमावृद्धि योजना 7. न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति योजना 8. CSC की स्थापना 9. प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना का संचालन 10. बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 11. फल सब्जी भंडारण हेतु कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था। इसके आलावा अन्य योजनाओं को MPCS (पैक्स) द्वारा ही लागू किये जाने की सरकार की योजना है जिसका लाभ इनके सदस्य ही प्राप्त कर सकते हैं।

प्रत्येक पंचायत में गठित MPCS (पैक्स) के प्रबंधकारिणी समिति से सम्पर्क कर सदस्यता ग्रहण हेतु मात्र 110/– रूपये जमा कर सदस्यता ग्रहण किया जा सकता है जिसमें 100/– रूपया एक शेयर एवं 10/– रूपया मात्र प्रवेश शुल्क शामिल है। सदस्यता फार्म निःशुल्क है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
चतरा

PR 351059 Co-opretive(25-26).D

# खेलो इंडिया नेशनल वालीबॉल में लातेहार के दो खिलाड़ी करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** खेलो इंडिया नेशनल वॉलीबॉल में लातेहार डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल सेंटर के दो खिलाड़ी झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता आगामी 4 से 8 मई तक पटना में आयोजित खेलो इंडिया नेशनल गेम के वॉलीबॉल खेल में अनुष्का कुमारी, आभा कुमारी का चयन झारखंड टीम में किया गया है। जिला खेल पदाधिकारी लातेहार संजीत कुमार ने केंद्र की दोनों खिलाड़ियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के बड़े प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के चयन से जिले के अन्य खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह अत्याधिक बढ़ जाता है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामना दी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दोनों खिलाड़ियों को रवाना किया। वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा ने कहा कि केंद्र की दोनों ही खिलाड़ी अंडर 15 आयु वर्ग की है। अंदर 18 आयु वर्ग यूथ नेशनल में चयन होना गर्व की बात है। इस आयु वर्ग में झारखंड का प्रतिनिधित्व करना बड़ी उपलब्धि है। आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि दो चयनित खिलाड़ी आने वाले कई वर्षों तक झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। बता दें कि झारखंड से खेलो इंडिया गेम में कुल 6 खेल के लगभग 130 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें लातेहार से वॉलीबॉल खेल में दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है। खेलकूद व युवा कार्य निदेशालय, रांची झारखंड के निर्देश पर 25 मई से बालिका आवासीय वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र गोड्डा में कंबाइंड कंडीशनिंग के लिए 8 दिन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। खिलाड़ी उसमें भाग लेंगे और उसके बाद गोड्डा से ही खेलो इंडिया नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए खिलाड़ी पटना रवाना होंगे।

# नीट यूजी परीक्षा 4 को, तैयारियों को लेकर डीसी व एसपी ने की बैठक, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** आगामी 4 मई को नीट, यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में वरीय अधिकारियों के संग बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं। उपायुक्त द्वारा सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा नीट यूजी 2025 परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी चार मई को जिले के केंद्रीय विद्यालय में अपराह्न 2:05 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू व संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या निदान का निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों को जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में 10 आवेदन प्राप्त हुए, जो भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण से संबधित जुड़ा आवेदन था। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द करें।

## पुलिस ने अज्ञात शव बरामद किया

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनहरदी पंचायत के पत्थर टोली व बोड़ा भट्ठा के बीच ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि संभवतः शव तीन-चार दिनों पूर्व से जंगल में पड़ा हुआ था। जिस कारण शव के कई हिस्सों को जंगली जानवर खा गए है। जिस कारण मृतक की शिनाख्त भी नहीं हो पा रही है। मामले में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि अज्ञात शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान की कोशिश की जा रही है।

## सोलर जलमीनार एक वर्ष से खराब, ग्रामीणों की बढ़ी परेशान



**बारियातू।** प्रखंड स्थित अंबवाडीह ग्राम मे 2023-24 योजना अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत लगे सोलर जलमीनार एक वर्ष से खराब है, जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही है। गांव के ग्रामीण सुनीता देवी, बिमला देवी, सुनीता देवी, महरंगिया देवी, भींनसरिया देवी, अशावा देवी, अनिता देवी, सुकारीदेवी, देवंती देवी, जूही देवी, सूरजमनी देवी, जयराम उरांव, सुनील उरांव, महेंद्र उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व घर-घर पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर जलमीनार लगाया गया था। लोकल कंपनी के पार्ट व सामग्री सोलर जलमीनार मे लगाया गया था। इसके कारण एक सप्ताह के अंदर मोटर खराब हो गया। पूर्व प्रमुख महाबीर उरांव ने दूरभाष पर पेयजल समस्या को लेकर संवेदक मनोहर प्रसाद से पिछले कई दिनों से बात करने की कोशिश कर रहे है, लेकिन फोन नहीं रिसीव नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से संवेदक पर विभागीय कार्रवाई करते हुए सोलर जलमीनार दुरुस्त कर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

# न्यूज | बॉक्स

## युवक लापता



**चंदवा।** रांची रोड स्थित कावेरी रेस्टोरेंट के मालिक अमरदीप प्रसाद का पुत्र अभिनव कुमार (मिठू) गुरुवार की देर शाम से लापता है। परिजनों ने बताया कि अभिनव गुरुवार की शाम घर से ट्यूशन पढ़ने जाने की बात कह कर घर से निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा है। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी कुछ अता-पता नहीं चल पाया है। वह आसमानी सफेद कलर का शर्ट व ब्लू कलर का पैंट पहने हुए है। मामले को लेकर परिजनों ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर गुमशुदा बालक की शकुशल बरामदगी को लेकर मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने बालक के बारे में कोई भी जानकारी देने के लिए 8051205978 पर संपर्क कर सूचना देने की अपील की है।

## इंदिरा गांधी चौक पर प्याऊ खुला

**चंदवा।** प्रचंड गर्मी को देखते हुए इंदिरा गांधी चौक स्थित यात्री शेड में देवनद दामोदर छठ पूजा समिति और रामनवमी पूजा समिति चंदवा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शीतल प्याऊ की शुरूआत की गई। समिति के लोगों ने कहा कि दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में प्याऊ खुलने से राहगीर अपनी प्यास बुझा सकेंगे। सभी लोग पानी खरीद कर नहीं पी सकते। मौकेपर सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र प्रसाद यादव,मुकेश कुमार सिंह,मन्नू गुप्ता, संतु गुप्ता,सौरभ श्रीवास्तव,पवन कुमार गुप्ता,धनंजय सिंह, सुजीत कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## गेहूं लदे ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं

**चंदवा।** रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के मेनोनाईट मिशन के समीप शुक्रवार को एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक नगर उंटारी से गेहूं लेकर नगड़ी रांची जा रही थी। चालक सोनू कुमार ने बताया कि ट्रक का स्टेरिंग काम नहीं किया, इस कारण ट्रक नहीं मुड़ पाई व उक्त हादसा हुआ। घटना में चालक को हल्की चोट आयी है। सूचना के बाद चंदवा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर कार्रवाई में जुट गई है।

## बीआरसी आधार केंद्र पर महिला को लौटाए पैसा

**चंदवा।** प्रखंड स्थित बीआरसी भवन स्थित आधार केंद्र के कंप्यूटर ऑपरेटर पर महिला ने पैसे लेकर आधार बनवाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के बसडीहा टोला निवासी नागमंती देवी ने बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व वह अपने पुत्र का आधार कार्ड बनवाने के लिए बीआरसी चंदवा आई थी। जहां उससे आधार बनाने के नाम पर कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित द्वारा सात सौ रूपए लिया गया था। शुक्रवार को महिला जब अपने बच्चे का आधार कार्ड लेने पहुंची तो उसको कहा गया आपको फोन कर सूचित करेंगे, तब आपको यहां आना था। उक्त महिला ने जब किसी दुकान पर अपने पुत्र का आधार चेक कराया तो पता चला तो वह रिजेक्ट पाया गया। उपरोक्त रुपए लिए जाने के बाबत बीआरसी के कंप्यूटर अंकित से पूछा गया तो उन्होंने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा हमने कोई नाजायज रुपया नहीं लिया है।

## करंट से युवक की मौत मामले का खुलासा चार दोस्तों ने मिलकर की थी हत्या

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हामी में 1 अप्रैल को 15 वर्षीय युवक दुर्गेश महतो पिता नवलसाय महतो की मृत्यु हो गई थी। युवक का शव 11000 वोल्ट के झूलते तार के नीचे मिला था। जिससे प्रथम दृष्टया में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत प्रतीत हो रही थी। मृतक युवक की मां ने बेटे की हत्या की आशंका व्यक्त की थी। मृतक युवक के परिजनों द्वारा महुआडांड़ थाना में मामला दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि बादल दास, पुअनि बंधन तिर्की के नेतृत्व में केस का अनुसंधान शुरू किया गया। परिजनों संदेह के आधार पर दी गई जानकारी पर मृतक युवक के दोस्तों से पूछताछ पर घटना का खुलासा हुआ। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया की आरोपियों ने हत्या करने की बात को स्वीकार कर लिया है। बताया कि ग्राम हामी में 18 मार्च को कामाख्या सिंह के घर पर चारों दोस्तों ने मिलकर चोरी की थी। इन चारों दोस्तों की मृतक युवक दुर्गेश यादव से भी दोस्ती थी। सभी मिलकर नशे का भी सेवन करते थे। नशे की हालत में इस चोरी की घटना की जानकारी दुर्गेश को दे दी थी। जब दुर्गेश ने चोरी की बात गांव वालों को बताने की धमकी दी तब चारों दोस्तों ने मिलकर पत्थर से नाक के पास कुच कर दुर्गेश यादव की हत्या कर दी। हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को बिजली के तार में फेंक दिया था।

## मलेरिया नियंत्रित होने वाली बीमारी : डॉ. मरसा टोपनो

**लातेहार।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सदर अस्पताल के सभागार में एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मरसा टोपनो ने की। कार्यशाला में मलेरिया नियंत्रण की वर्तमान रणनीतियों, चुनौतियों व समाधान पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिला मलेरिया पदाधिकारी ने कहा कि मलेरिया एक जानलेवा लेकिन पूरी तरह से नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। इसके लिए आवश्यक है कि जनसामान्य को समय पर सही जानकारी और संसाधन उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का सशक्त माध्यम है, जो जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों से अपील की कि वह मलेरिया से संबंधित सही व प्रमाणित जानकारी को समाचारों के माध्यम से आमजन तक पहुंचाएं, ताकि लोग समय पर सतर्क हो सकें। कार्यशाला में मलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय, घरेलू साफ-सफाई, मच्छरदानी का उपयोग, ठहरे हुए जल की निकासी जैसे अहम विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति की बैठक, लिए गए निर्णय

**लातेहार, बरवाडीह, गारू में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के अद्यतन निर्माण कार्य की समीक्षा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने छात्र छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया, विद्यालय व छात्रावास भवन निर्माण, ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापन, शिक्षक आवास निर्माण, सामग्री क्रय आदि की समीक्षा कर निर्देश दिया। बैठक में लातेहार जिला अंतर्गत प्रखंड लातेहार, बरवाडीह, गारू में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का अद्यतन निर्माण कार्य की स्थिति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उक्त तीनों विद्यालयों का विद्युत कनेक्शन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को निर्देश दिया। उपायुक्त ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, नेगाई, लातेहार में शिक्षक आवास का निर्माण कार्य कराने हेतु विभाग से पत्राचार करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, नेगाई, लातेहार का चाहरदिवारी का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, मंगरा (बरवाडीह) एवं हेठाटोली, (मारू) का फेज- II के तहत किये जाने वाले कार्य छात्रावास भवन का निर्माण, प्राचार्य आवास का निर्माण, शिक्षक, आवास का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराने हेतु कार्यकारी एजेन्सी को पत्र निर्गत करने का निदेश जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार को दिया गया।

बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल कमलेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## यूपीएससी में विपुल का चयन, गांव में हर्ष

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम चटकपुर के विपुल गुप्ता का यूपीएससी में चयन होने के बाद से ही विपुल के स्वजनों एवं गांव समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। परिजनों में खुशी की ऐसी लहर है कि कोई लड्डू बांट रहे हैं तो कोई परिवार को यह गौरव प्रदान करने के लिए मंदिरों में पूजा कर भगवान का धन्यवाद कर रहे हैं। गांव समाज के लोग भी परिजनों को मुबारकबाद व शुभकामनाएं दे रहें। अपने भतीजे की सफलता से अत्यधिक प्रसन्न चाचा लक्ष्मी प्रसाद ने बुधवार को दुगार्बाड़ी मंदिर परिसर पहुंच कर मां दुर्गे की पूजा अर्चना कर लड्डू का भोग लगाया और पूरे प्रखंड क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों का मुंह मीठा कराया। इस दौरान रोनीहार समाज के अध्यक्ष अंतू साव, हिंदू महासभा उपाध्यक्ष संतोष प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता समेत गांव समाज के लोग भी इस खुशी में शामिल होते हुए मुबारकबाद व शुभकामनाएं दी। लक्ष्मी प्रसाद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एक छोटे से गांव से निकल कर हमारे परिवार के सदस्य ने जो सफलता हासिल की है, हमारा पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। लक्ष्मी प्रसाद नेतरहाट आवासीय विद्यालय में कार्यरत है। अनिल प्रसाद, राजकुमार, भोला प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, अंजनी गुप्ता, प्रमीला देवी, आशा देवी, रश्मि देवी, पम्मी देवी, अंतू साव शशि प्रसाद, प्रियांश, उत्कर्ष समेत अन्य स्वजनों एवं समाज के लोगों ने शुभकामनाएं दी।

## मलेरिया दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20 छात्राएं ने भाग लिया। उनमें मधु उरांव, रुपाली कुमारी द्वितीय, सूर्या कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। कार्यक्रम में कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय के सभी शिक्षिकाएं व स्वास्थ्य कार्मिक, लैब टेक्नीशियन निरंजन कुमार, एमपीडब्ल्यू संजय कुमार रवि, करमा उरांव उपस्थित थे।

## डालसा ने लू से बचने की दी जानकारी

**कुंदा (चतरा)।** डालसा के जिला सचिव के निर्देश पर कुंदा पंचायत कार्यालय के बाहर, अंबेडकर चौक, बेल चौक और अन्य सार्वजनिक जगहों पर लोगों को ओआरएस का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अधिकार मित्र संजय चौधरी,मुन्ना दास व अजित कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान मजदूरों को गर्मी के मौसम में पानी और ओआरएस की आवश्यकता के बारे में बताया गया। साथ ही लोगों को लू से बचने की जानकारी दी गई। श्रमिक मजदूरों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण और उसके बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मजदूर समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## मलेरिया दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**बारियातू।** प्रखड मुख्यालय स्थित कस्तूरवा गांधी आवासीय विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी एमपीडब्ल्यू बलराम कुमार ने मलेरिया व उससे बचाव के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया मच्छर से फैलने वाला बुखार है। इसमें ठंड के साथ बुखार,उल्टी, मिचली, चक्कर, सिरदर्द, शरीर में ऐठन का दर्द, पसीने के साथ बुखार उतरना और रुक रुक कर बुखार आना जैसे लक्षण पाए जाते है। इससे बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग, घर के आस पास जल जमाव नही होने देना,पानी की टंकी व पानी जमा करने के बरतन को ढंक कर रखना चाहिए। साथ ही बुखार आने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर ईलाज कराना चाहिए।


## कोर्ट नोटिस

न्यायालय में

श्रीमान सिविल जज, सिनियर डिविजन (प्रथम) गढ़वा

**O.S. no. 78/2023**

सत्य नारायण पाण्डेय वगैरह...वादीगण

**प्रति**

सुचित देवी वगैरह... प्रतिवादीगण

**नोटिस बनाम**

1. सुचित देवी पति-नागेन्द्र चौबे पिता-स्व. मटुकधारी पाण्डेय निवासी ग्राम व पो.- राणाडीह, थाना-कांडी, जिला-गढ़वा।

7. सत्येन्द्र पाण्डेय, 9. राजेन्द्र पाण्डेय, 11. देवेन्द्र पाण्डेय तीनो के पिता- स्व. कौलाश पाण्डेय

12.अजित पाण्डेय पिता- स्व. कस्तुरी पाण्डेय सभी निवासी ग्राम-आमर पो. व थाना-मझिआंव, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखंड।

चूं बजरिये आपलोगों को इस गजट नोटिस के जरिये आगाह किया जाता है कि वादीगण ने मेरे न्यायालय में O.S. no. 78/2023 दाखिल किया है जो सुनवाई हेतु लंबित है। अतः आपलोग दिनांक 06/05/2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपलोगों अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी।

**"इसे सख्त ताकिद समझे"**

यह नोटिस आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे न्यायालय मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**सिविल जज सिनियर डिविजन (द्वितीय) गढ़वा।**


# डहूबेड़ा बांध के नाम पर लाखों खर्च फिर भी नहीं पहुंचा खेतों तक पानी

**बरसात के पूर्व नहीं हुआ काम तो फिर खेती नहीं कर पायेंगे किसान**

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बरवाटोली पंचायत के बेतर-मड़मा गांव के सीमाने पर स्थित डहूबेड़ा बांध व नहर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण नहीं होने की वजह से स्थानीय किसानों में निराशा देखी जा रही है। अगर बरसात आने के पूर्व कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो इस वर्ष भी सैकड़ों किसान खेती-बारी से वंचित रह जाएंगे। ग्रामीणों के अनुसार यह बरवाटोली पंचायत का इकलौता बांध है। उक्त बांध के पानी पर ही सैकड़ों किसान आश्रित है। उक्त बांध के जीर्णोद्धार कार्य शुरू होने से स्थानीय किसानों में खुशी देखी जा रही थी। लोगों को लग रहा था कि अब बांध व नहर की मरम्मती हो जाने से खेतों तक पानी आराम से पहुंच जाएगा और वे लोग धान-सब्जी वगैरह की खेती बारी कर अपने व अपने परिवार का जीविकोपार्जन आराम से चला पाएंगे। लेकिन संवेदक की लेटलतीफी की वजह खेतों तक पानी तो नहीं पहुंचा। बांध व नहर की मरम्मती नहीं होने की वजह से किसान दुखी व मायूस हैं। इस संबंध में स्थानीय निवासी व चंदवा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह समाज सेवी राजू उंराव ने बताया कि वर्ष 2012-13 में लघु सिंचाई विभाग की ओर से डहूबेड़ा बांध व नहर के जीर्णोद्धार कार्य को लेकर 24 लाख 82 हजार रुपये का टेंडर निकाला गया था। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संवेदक के द्वारा जैसे तैसे कार्य कर छोड़ दिया गया। इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के आग्रह पर वर्ष 2022-23 में पुनः लगभग 65 लाख रुपये का टेंडर निकाला गया। बीते वर्ष जून में संवेदक के द्वारा कार्य शुरू किया गया था। लगभग दस दिन काम चला। उसके बाद पिछले एक वर्ष से कार्य को अधूरा छोड़कर संवेदक गायब है। अगर बरसात से पूर्व कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो इस वर्ष भी किसान खेती-बारी से वंचित रह जाएंगे। संबंध में पूछे जाने पर लघु सिंचाई विभाग के अभियंता विनय कुमार ने बताया कि कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। संवेदक पिछले कुछ माह से काम नहीं करवा रहे हैं। कार्यपालक अभियंता ने उनको बुलाकर काम के बाबत जानकारी मांगी है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0– 675/24 दिनांक– 13.12.24 धारा– 303(2) बी0 एन0 एस0 में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03AH-5524 इंजन नं0– HAIIEYN9D02133 एवं चेचिस नं0– MBLHAW123N9D02133 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 351073 Police (25-26)_D



## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2025 के पहले जमा करने पर नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा करदाताओं को कर (वर्तमान वित्तीय वर्श) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार है :–

- सभी करदाताओं को 5% की छूट।

**इसके अतिरिक्त**

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 05% की छूट।
- वरिश्ट नागरिक होने से 05% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5% की छूट।
- भारतीय सेना में काम करने वाले को 05% की छूट।
- ट्रांसजेन्डर होने पर 05% की छूट।
- दिव्यांग होने पर 05% की छूट।
- online (https://udhd.jharkhand.gov.in) जमा करने पर 05% की छूट।

**नोट – यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।**

साथ ही वैसे लोग नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अबतक अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का Holding Tax जमा नही किया है या गलत तरीके से अपने आवासीय/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का Assessment कराया है या कई वर्षो से Holding Tax की बकाया राशि अबतक जमा नही किया है। वैसे सभी धृतिधारकों निदेशित किया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों के अंदर गलत तरीके से किये गये Assessment को Reassessment करा लें एवं Trade Licenece/Holding Tax का बकाया नगर परिशद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में स्वतः जमा करें, अन्यथा उक्त तिथि बीत जाने के उपरांत स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जाँचोपरांत दोशी पाये जाने पर होल्डिंग धारकों पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली एवं झारखण्ड अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग/आवासीय एवं गैर आवासीय मकान मालिक स्वयं जिम्मेवार या दोशी माने जायेगें।

प्रशासक,
नगर परिषद, बिश्रामपुर

PR 351070 District(25-26)D



## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के घटक–04 लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के अंतर्गत मझिआँव नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत छुटे हुए वैसे योग्य लाभुक जो इस योजना का लाभ नहीं ले सके है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है वे निम्नलिखित Link अथवा QR Code के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने के उपरान्त सभी संबंधित दस्तावेज कार्यालय के PMAY(U) कोशांग में समर्पित कर सकते है।

https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PMAY_SURVEY/EligiblityCheck.aspx




**आवेदन हेतु पात्रता :**

- आवेदक अथवा उसके परिवार के नाम पर भारत में कही भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
- योजना अंतर्गत लाभुक परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- आवेदक का संबंधित निकाय क्षेत्र में अपना जमीन होना चाहिए।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होंगे, जिनकी वार्शिक आय अधिकतम रू0 03 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से किसी एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

**आवदेन हेतु आवश्यक दस्तावेज :**

- ✓ परिवारिक फोटो।
- ✓ लाभुक के सभी सदस्य की आधार कार्ड की छायाप्रति।
- ✓ मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- ✓ बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति।
- ✓ अपडेटेड मोबाईल नं0, जो आधार से Linked हो।
- ✓ भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ–पत्र।
- ✓ आय प्रमाण पत्र।
- ✓ जमीन का रसीद।
- ✓ भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र।
- ✓ अद्यतन Holding रसीद।

**उक्त संबंधित जानकारी हेतु लाभार्थी नगर पंचायत मझिआँव PMAY(U) कोशांग से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 351083 Urban Development(25-26)D

## लोहरदगा मंडलकारा में देर रात हुई छापेमारी नहीं मिला कोई आपत्तिजनक सामान



**लोहरदगा।** जिला प्रशासन ने लोहरदगा मंडल कारा में गुरुवार देर रात एक योजनाबद्ध और औचक तरीके से छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की जांच करना और यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी आपत्तिजनक वस्तु या अवैध सामान कारा में न हो था। यह छापेमारी पूरी तरह से गुप्त रखी गई थी, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को सही रूप में परखा जा सके। इस अभियान का नेतृत्व डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने किया, और उनके साथ एसपी हरीश बिन जमा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, परियोजना निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस वेदांत शंकर और जेलर सुबोध कुमार समेत जिला पुलिस बल की टीम भी मौजूद रही। टीम ने कारा के विभिन्न वार्डों, कमरों की बारीकी से तलाशी ली, जिसमें हथियार, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, नशीले पदार्थ और अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं की खोज की गई। हालांकि, इस पूरी तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध या अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई, जो कि वर्तमान जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था को एक सकारात्मक दिशा में दशार्ता है। अभियान के दौरान डीसी ने बंदियों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी सुविधाएं सही ढंग से बंदियों तक पहुंचें।

## तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन शुरू

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों; नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और केजीबीवी, लोहरदगा, कुजरा) में कक्षा 11 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 26.04.2025 तक है। प्रवेश परीक्षा दिनांक 06.05.2025 को सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 तक आयोजित होगा जिसके लिए प्रवेश-पत्र दिनांक 29.04.2025 को जारी होगा। प्रवेश परीक्षा के उपरांत मेधा सूची दिनांक 13.05.2025 को प्रकाशित की जाएगी। छात्र-छात्राएं ई विद्यावाहिनी के लिंक के द्वारा नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## अग्निवीर वायु में म्यूजिशियन पद पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**लोहरदगा।** अग्निवीर वायु इंटेक 01/2026 अंतर्गत म्यूजिशियन के पद पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 21 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अविवाहित युवक-युवतियां 11 मई 2025 के रात्रि 11 बजे तक अपना आवेदन ऑनलाईन समर्पित कर सकते हैं। भर्ती रैली 10 से 18 जून 2025 तक नई दिल्ली स्थित एयरफोर्स स्टेशन और कबोन रोड, बंगलुरू में आयोजित किया जाएगा। भर्ती रैली में वाद्य यंत्रों को बजाने की कला का परीक्षण, इंग्लिश रिटेन टेस्ट, फिजिकल फिटनेस टेस्ट आदि प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। आवेदक का जन्म 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हुआ होना चाहिए। आवेदक 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। भर्ती रैली, शैक्षणिक योग्यता, परीक्षा, परीक्षा का सिलेबस, शारीरिक दक्षता, ऑनलाईन आवेदन समेत अन्य सभी से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी के लिए वेबसाईट पर लॉग-इन किया जा सकता है।

## बैक टू स्कूल कैंपेन अंतर्गत स्कूल रुआर हेतु कार्यशाला का आयोजन





**लोहरदगा।** सदर प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए प्रखंड स्तरीय बैक टू स्कूल कैंपेन अंतर्गत रुआर 2025 उन्मुखी कार्यशाला का आयोजन प्रखण्ड सभागार में किया गया। जिसमें बच्चों के भविष्य संवारने पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि गांव मुहल्ले के बच्चे बच्चियां किसी कारण से विद्यालय में नामांकित नहीं है। वैसे छीजित बच्चों को विद्यालय वापस लाने तथा विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर उन्मुखी कार्यशाला किया गया। बीडीओ ठाकुर गौरीशंकर शर्मा ने शिक्षक शिक्षिकाओं से कहा कि स्कूल रुआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करनी है। शिक्षकों की शत प्रतिशत जिम्मेवारी है कि अपने पोषक क्षेत्र के बच्चों के समग्र विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने बताया कि रुआर कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन विद्यालय स्तर पर निर्धारित तिथि को नियमित रूप से किया जाए ताकि इस महवपूर्ण अभियान को सफल बनाया जा सके। बीईईओ राजीव रंजन ने कहा कि 5 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का नजदीकी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराया जाना है। साथ ही पार गमन ट्रांजीशन वर्ग प्रोन्नति भी शत प्रतिशत हो यह सुनिश्चित किया जाय। सीआरपी जीतेन्द्र मित्तल द्वारा रुआर के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## टायर पंचर होने से स्कूटी हुई दुर्घटनाग्रस्त तीन महिलाएं घायल दो रेफर

**कुड़ू-लोहरदगा।** कुड़ू कैरो पथ में उमरी पुल के समीप शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे टायर पंचर होने से एक स्कुटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में स्कुटी सवार तीन महिलाएं घायल हो गईं। घायलों की पहचान कोलसिमरी गांव निवासी सोनम टोप्पो 34 पति हरिलाल भगत, निर्मला लकड़ा 30 पति मलदीप भगत और लोहरदगा निवासी स्वेता कुजुर 28 पिता सुमन कुजुर के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों कैरो कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षिका हैं और वहां से वापस लौटने के क्रम में टायर पंचर होने से हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुड़ू में उपचार के लिए भर्ती करवाया जहां से सोनम टोप्पो और निर्मला लकड़ा को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

## विद्यालय में नव नामांकित छात्र छात्राओं का हुआ स्वागत



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 में नये नामांकित छात्र छात्रओं का तिलक लगा कर और फूल देकर शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत किया गया.झारखण्ड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से नामांकन अभियान चलाया जा रहा है.उसी क्रम में शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 में नमनकीत नवम,दशम और ग्यारहवीं कक्षा में नामांकित ग्यारह छात्र छात्राओं का विद्यालय में प्रथम दिन शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत किया गया.वही प्रधानाध्यापिका नैंसी सीमा लकड़ा ने नये विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि आप प्रत्येक दिन नियमित रूप से विद्यालय आये और मन को एकाग्रचित कर पढ़ाई में ध्यान लगायें जिसे लक्ष्य हासिल कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही कहा कि जीवन मे सफल व्यक्ति बनने की दृढ़ इच्छा आप सब मे है.तो किसी तरह की बाधा रोड़ा नही बन सकता है.आप जो चाहेंगे जो सोचेंगे उसे आप हासिल कर ही लेंगे इसमें कोई संशय नही है।

# आदर्श ग्राम में चयनित 23 गांवों के विकास के लिए बनी रणनीति

### 15 दिनों में बेहतर योजनाओं का चयन कर बैठक में उपस्थापित करने का निदेश



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** एससीए टू टीडी योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों के विकास के लिए प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजेएवाइ) के तहत जिला के चयनित 23 गांवों के विकास के लिए योजना का चयन करने हेतु आवश्यक बैठक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उक्त गांवों में योजनाओं के चयन हेतु दो एनजीओ श्री सोमेश्वरनाथ महादेव ट्रस्ट , रांची और ओम साईं खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था, रांची द्वारा किस्को प्रखण्ड के 23 गांवों में हुई ग्रामसभा व विभिन्न योजनाओं, जिनका चयन किया जा सकता है,इसकी जानकारी उपायुक्त को दी गई। उपायुक्त द्वारा अगले 15 दिनों में बेहतर योजनाओं का चयन कर बैठक में उपस्थापित करने का निदेश सनमत, रांची को दिया गया। साथ ही ओम साईं खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था, रांची को वर्तमान में ली गई योजनाओं के अतिरिक्त कृषि, छात्र-छात्राओं व युवक-युवतियों के उत्थान के लिए बेहतर योजनाएं, ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं हेतु योजनाएं आदि योजनाएं चयन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार समेत दोनों एनजीओ के प्रतिनिधि व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## टीएनए परीक्षा में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग लिया



**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत राज्य के सभी जिलों में 24 अप्रैल 2025 से टीचर्स नीड असेसमेंट की शुरूआत हुई है.उसी निमित सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों द्वारा प्रखंड रिसोर्स कक्ष में टीचर्स नीड असेसमेंट के तहत 25 अप्रैल 2025 को प्रखंड क्षेत्र के 49 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने टीएनए परीक्षा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक के साथ भाग लिया जिसमें शिक्षकों का यह उत्साह दशार्ता कि वे अपने व्यावसायिक विकास के लिए कितने समर्पित हैं.वही शिक्षकों का कहना था.कि टीएनए से न केवल उनकी व्यक्तिगत दक्षताओं में वृद्धि होगी बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता और छात्रों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां सिखाने का अनुभव में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेगा यह आंकलन शिक्षकों की आवश्यकताओं को समझने और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने में सहायक होगा.इस तरह का आकलन वर्ष में दो बार अप्रैल और अक्टूबर माह में शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी सेविका की मौत मामले में पति ने वाहन चालक के विरुद्ध कराया मामला दर्ज

**कैरो / लोहरदगा।** विगत दिनों हुए सड़क दुर्घटना में आंगनबाड़ी सेविका नसीमा खातून की मौत को लेकर उनके पति कैरो निवासी सालमीन अंसारी ने आवेदन देकर कैरो थाना मामला दर्ज कराया। उन्होंने अपने आवेदन में कहा कि दिनांक 21/04/2025 को शाम करीब 6:10 बजे मेरी पत्नी नसीमा खातून उम्र 45 वर्ष जो कैरो मुस्लिम टोली आँगनबाड़ी सेविका एवं बूथ संख्या 168 में बीएलओ के रूप में कार्यरत थी, जो दोपहर में अपना ऑफिस का कार्य सम्पन्न कर के अपने घर गई और शाम में कैरो घसकटा स्थित अपने मकान से कुछ दूरी पर स्थित कुआं से पीने का पानी लेकर आ रही थी तभी टाटी-कुड़ू की ओर से कैरो की ओर आ रहे काफी तेज रफ़्तार मारुति वैगनार जिसका रेजिस्ट्रेशन नम्बर जेएच - 01-एफएल-5087 ने मेरी पत्नी नसीमा खातून को जोरदार टक्कर मारी, जिस टक्कर के कारण वह गिर कर अचेत हो गई। घटना के समय मैं और मेरे छोटा पुत्र सैफ अली घर-बारी में अपना काम कर रहे थे जो घटना स्थल के बगल में है। मेरा पुत्र सैफ अली ने जोर से चिल्लाते हुए कहा की माँ को गाड़ी टक्कर मार दिया है, तत्पश्चात मैं और मेरा पुत्र दौड़ते हुए रोड पर पहुंचे तो पाया की मेरी पत्नी जख्मी हालत में अचेत अवस्था में रोड पर गिरी हुई है तथा सर के पिछले हिस्से में गहरी चोट लगी हुई थी। टक्कर के बाद उपरोक्त वाहन अनियंत्रित होकर गड्?ढे में जाकर पलट गई। गाड़ी चालक और गाड़ी मे सवार अन्य लोग नशे की हालत में थे।उसके बाद कैरो थाना को घटना की सूचना देते हुए मेरे परिजनों के द्वारा मेरी पत्नी को इलाज के लिए सामुदायिक केंद कुड़ू ले जाया गया। जंहा से उन्हें रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे, लेकिन जाने क्रम में रास्ते में ही नसीम खातून की देहांत हो गई।

# छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन को और मजबूत बनाया जाएगा : धीरज साहू

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** पूर्व राज्यसभा सांसद सह ट्रक आँनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के लोहरदगा स्थित साहू आवास में लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन ,झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और आने वाली समस्याओं से संरक्षक को अवगत कराया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने धीरज प्रसाद साहू को बताया की हिंडाल्को कंपनी से नया भाड़ा एक अप्रैल से तय होना चाहिए था किंतु हिंडाल्को कंपनी की टालमटोल नीति के कारण अभी तक भाड़ा नहीं तय किया गया है। इस पर एसोसिएशन एवं संरक्षक ने तय किया है कि एक सप्ताह के अंदर कंपनी नया भाड़ा अगर तय नहीं करती है और 01 अप्रैल से एरियर जोड़कर नहीं देती है और तो बहुत तेज आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। इसके अलावा झारखंड सरकार के द्वारा 15 साल से पुराने व्यावसायिक वाहनों को दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक प्राधिकार (आरटीए) के द्वारा रोड परमिट नहीं दिया जा रहा है। इस पर संरक्षक ने कहा कि इस संबंध में मैं परिवहन मंत्री एवं मुख्यमंत्री से शीघ्र मिलकर इस समस्या का निदान कराऊंगा। वहीं दूसरी ओर संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने संरक्षक को अवगत कराया कि कुछ छोटे निजी माइंस ऑनर एवं एक बाहर से आई हुई कंपनी के द्वारा लोहरदगा में बड़ी गाड़ियों का परिचालन शुरू किया गया है, जिसका हम लोग पुरजोर विरोध करते हैं। वह कंपनी हिंडाल्को कंपनी से काफी कम भाड़ा दे रही है। इस पर यह तय हुआ कि एसोसिएशन जिला प्रशासन एवं सभी निजी माइंस ओनरों एवं प्राइवेट कंपनी को लिखित में यह अल्टीमेटम देगी की हिंडाल्को के बराबर भाड़ा दिया जाए और बड़ी गाड़ियों का परिचालन किसी भी कीमत पर नहीं होगा।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

( चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल )

गढ़वा थाना कांड सं0–43/2025 दिनांक–30.01.2025 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03U-6586 इंजन नं0–HAI0AGJHD13644 एवं चेचिस नं0– MBLHAR079JHD0978 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 351076 (Police) 25-26 (D)



**समाहरणालय, लातेहार**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**आम सूचना**

"झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" के लाभार्थियों का जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड है उनका भुगतान माह अप्रैल 2025 से किया जाना है। जिन लाभुकों का आधार लिंक नहीं है वैसे लाभुकों को सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर अपने बैंक खाता से आधार लिंक कराने की कार्रवाई करेंगे अन्यथा माह अप्रैल 2025 से उनका मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भुगतान लंबित हो जायेगा।

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग,
लातेहार।

PR.NO.351085 District(25-26):D



**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम जनता एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि किसी भी तरह का भवन निर्माण के सामग्रियों का संग्रहण अपने निवास स्थान के आस पास न फैलाये एवं ना ही रखे, साथ ही प्रतिष्ठानों को भी सूचित किया जा रहा है कि संबंधित भवन निर्माण के सामग्रियों का सही ढंग से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह का भवन निर्माण के सामग्रियों का निस्तारण हेतु नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय को अनिवार्य रुप से सूचित करें।

भवन निर्माण साग्रियों के निष्तारण की दर निम्नवत् सुनिश्चित हैं :–

1.ट्रैक्टर द्वारा प्रति ट्रिप –500/–

सूचना के अवहेलना के आलोक में आपके विरुद्ध झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 351081 Urban Development(25-26).D



**झारखण्ड सरकार**
**उपायुक्त– सह –दण्डाधिकारी का कार्यालय,लातेहार**
**e-mail-** dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in
**(खनन शाखा)**

**माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची द्वारा वाद संख्या–5927/2024 में दिनांक 24.02. 2025 को पारित आदेश के अनुपालन में सूचन NIC लातेहार के बेबसाईट पर अपलोड करने से संबंधित।**

**आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिलान्तर्गत वैसे निबंधित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (जिनका कोयला खनिज का वार्षिक खपत 10,000 MTतक हो) जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के नई कोयला वितरण नीति, 2007 के तहत झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0, डोरण्डा राँची से कोयला प्राप्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित से संबंधित सूचना प्रकाशन करने का निदेश प्राप्त हुआ है।

इच्छुक आवेदक अपने आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

1. Copy of PAN
2. GSTIN Certificate
3 Income Tax return of preceding Assessment Year
4. Bankers Certificate with attested photo and signature of the applicant
5. CTO from State Pollution Board (JSPCB)
6. Capacity Assessment Certificate issued by MSME, Kokar/Dhanbad.
7. Electricity Bill of last three months/Diesel Bill, if operated by Generator set.
8. Entrepreneurs Memorandum (Udyog/Udyam Aadhar)
9. Audited Financial Statement of last 3 (three) Financial Years (in case of old entities)
10. Any of the Government Identity Proof of Proprietor/Partner (as applicable) (Aadhar/Passport/Voter ID etc.)
11. Food & Drug Administration Permit (FSSAI License) for food product/edible Oil and similar industries.
12. Copy of Board Resolution/Letter of authorization for Authorised Signatory, in case of company/ partnership firm including LLP.
13. Notarized copy of Partnership Deed/Article of Association (as applicable)
14. EPFO registration details (as applicable)
15. Self Declaration of not having coal linkage from any coal companies.
16. Stock Statement issued by a Chartered Accountant

उपायुक्त,
लातेहार।

PR 351095 (Mines and Geology) 25-26 (D)



**कार्यालय : जिला परिषद,चतरा**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**–:रद्द संबंधी सूचना:–**

इस कार्यालय पत्रांक 1605/जि0प0, दिनांक 09.12.2024 द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना सं0–19/24–25 (PR No. 341571 District (24-25) # D) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,चतरा

PR 351075 District(25-26).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.**
**e-Procurement Notice**
**e-Tender Ref No.-1/RCD/Daltonganj/2025-26/ 401**
**Dated:-24.04.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Bridge/High Level Bridge at Ch 16.00 Km of Patan -Daltonganj (Bairiya Chowk to Saguna More) Road for the year 2025-26. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 10,20,46,031.00 (Rupees Ten Crore Twenty Lacs Forty Six Thousand Thirty One) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 10,20,500.00 (Rupees Ten Lacs Twenty Thousand Five Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 18 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 08.05.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 29.05.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 30.05.2025, 12.30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 351028 Road(25-26)D



**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**

**अति अल्पकालीन कॉटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2025–26**

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कॉटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–

विज्ञापनदाता का नाम :– प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय:–दिनांक– 06.05.2025 को 5:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान:– दिनांक– 07.05.2025 को 3:30 बजे अप0, नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| Si No. | Particulars | Per Unit | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 1.5 HP With DOL Starter (CRI, V-Guard, Cromptom, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 2. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 2.0 HP With DOL Starter ((CRI, V-Guard, Cromptom, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 3. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 3.0 HP With DOL Starter (CRI, V-Guard, Cromptom, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 4. | 3 Core PVC Insulated, PVC Sheathed copper Conductor flat Submersible Cable. 2.5MM² (CRI, V-Guard, Anchor & Havells) | Mtr | |
| 5. | FRLS Pvc Insulated Single core Copper Conductor Cable, Single Core 4MM² (Anchor & Havells) | Mtr | |
| 6. | Isolator, 40 Amps 2- Pole | Piece | |
| 7. | 32 MM Dia PVC Pipe | Piece | |
| 8. | Elbow 32MM Dia | Piece | |
| 9. | Nipple 25Mm Dia | Piece | |
| 10. | Nipple 32Mm Dia | Piece | |
| 11. | Socket 25 Mm Dia | Piece | |
| 12. | Socket 32 Mm Dia | Piece | |
| 13. | Standard length High density polyethylene pipe (HDPE) Pipe, 32 MM Dia | Mtr | |
| 14. | Rope 12 MM (Nylon) | KG | |
| 15. | Adapter 32MM | Piece | |
| 16. | PVC Ball Valve 20 MM | Piece | |
| 17. | PVC Ball Valve 25MM | Piece | |
| 18. | PVC Ball Valve 32MM | Piece | |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं **https://udhd.jharkhand.gov.in/** पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 351053 (Lohardaga) 25-26 (D)

# पहलगाम हत्याकांड के विरोध में गुमला रहा बंद

## बजरंग दल और विहिप के नेतृत्व में उग्र प्रदर्शन, पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ फूटा जनाक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के आह्वान पर गुमला जिले में जोरदार बंद का आयोजन किया गया। इस बंद का व्यापक असर जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों तक स्पष्ट रूप से देखा गया। प्रदर्शनकारियों ने गुमला शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर टायर जलाकर विरोध दर्ज कराया और सड़कों को अवरुद्ध कर यातायात को पूरी तरह ठप कर दिया। हिंदू संगठनों की टोलियां लगातार क्षेत्र में घूमकर दुकानदारों और आम नागरिकों से बंद को समर्थन देने की अपील करती रहीं। पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने गगनभेदी नारे लगाते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की।







**जघन्य कृत्य के खिलाफ आक्रोश**

बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केवल हिंदू होने की पहचान पर पर्यटकों की हत्या करना बर्बरता और जघन्यता की पराकाष्ठा है, जिसे अब हिंदू समाज सहन नहीं करेगा। वहीं विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने कहा, क्या आज हिंदू होना ही अपराध बन गया है?

प्रचार प्रमुख अमित कुमार ने केंद्र सरकार से 1971 की तर्ज पर पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग की और कहा कि अब आतंकवाद के सफाए के लिए ठोस कदम उठाने का समय आ गया है।

**क्षेत्रों में भी दिखा असर**

गुमला के रायडीह, पालकोट, भरनो, सिसई, बसिया, कामडारा, चैनपुर, डुमरी, घाघरा और बिशुनपुर प्रखंडों में भी बंद का व्यापक असर रहा। बाजारों, दुकानों और वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप रही। हालांकि आपातकालीन सेवाओं और आवश्यक सरकारी कार्यों को बंद से अलग रखा गया, जिससे आम जनता को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

बंद को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके।

**बंद को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका**

इस बंद को सफल बनाने में संतोष यादव, मुकेश सिंह, अमित कुमार, मनीत कुमार, रवि नायक, अमन कुमार राणा, शशांक सिन्हा, रोहित सिंह, पंकज सिंह, उज्ज्वल सिन्हा, बृज गोप, राम देव सिंह, नलिन कुमार, विकास कुमार सिंह, यश राज सिंह, शक्ति नायक, खुशमन नायक, जितेंद्र राम, सूरज कुमार सिंह, रविंदर सिंह, आकाश कुमार पूरी, राहुल कुमार, नवीन कुमार साहू, राजन कुमार, नितेश सिंह, गोकुल अग्रवाल, कुणाल कुमार, शैल मिश्रा, अनिमेष श्रीवास्तव, मनीष कुमार मिश्रा, सूरज कुमार सोनी, उपेंद्र सिंह, शानू साहू, दीपू सिंह, शंभू नायक, राहुल गोप, विक्की गोप, आदि गोप, पीकू केशरी, मुनेश्वर साहू, पूनम सिंह, निर्मल गोयल, रबिंद्र सिंह, भोला चौधरी, बबलू वर्मा, अनिकेत कुमार, सविंदर साहू, विनय लाल, यशवंत सिंह, भूपन साहू, हरमीत सिंह, सूरज कुमार, निरंजन कुमार, दामोदर कसेरा, विनोद कुमार, अनुप अधिकारी, रंगनारायण सिंह, केशव चंद्र शाय, शिवम जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकताओं की अहम भूमिका रही।

# पहलगाम हमले से आक्रोशित व्यापारियों ने किया बसिया बंद, यातायात को किया गया बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया (गुमला)।** बसिया में आज दिन भर बंदी का भरपूर असर देखा गया। पहलगांव आतंकी हमले से आहत व्यापारियों ने बजरंग दल के आह्वान पर आज दिन भर अपने अपने प्रतिष्ठानों का ताला नहीं खोला। इस दौरान बसिया मुख्य पथ सहित राजकीय उच्च पथ संख्या तीन में भी यातायात बाधित रहा। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम को मशाल जुलूस के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई और आज सुबह से ही बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और व्यापारी संघ के सदस्यों ने सड़क पर उतर कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान राजकीय उच्च पथ पर लंबी व कम दूरी के वाहनों को आने जाने से रोक दिये जाने के कारण सड़क में वाहनों की लंबी कतार लग गई।




## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 478/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 23.04.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–खजुरी, थाना नं0–222, थाना–गढ़वा, अंचल– गढ़वा, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **NH-75 से मझिऑव PWD पथ भाया बिकताम–दलेली पथ चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–खजुरी, थाना नं0–222, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– 0.65400 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.12500 | रजनीश कान्त दुबे पिता–स्व0 देवनारायण दुबे | उ0–नीज द0–बलराम बिन्द वगै0 पू0–रास्ता प0–नीज |
| 2 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.11200 | अशोक प्रसाद यादव पिता–स्व0 हरिनाथ प्र0 यादव | उ0–नीज द0–नीज पू0–नीज प0–रास्ता |
| 3 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.05620 | राजन यादव पिता–स्व0 अवधेश प्र0 यादव | उ0–नीज द0–नीज पू0–नीज प0–रास्ता |
| 4 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.05620 | अकाश यादव पिता–स्व0 मदन प्र0 यादव | उ0–नीज द0–नीज पू0–नीज प0–रास्ता |
| 5 | 70 | 150 | बकास्त | – | 0.25660 | अज्ञात | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–रास्ता |
| 6 | 70 | 161 | बकास्त | – | 0.04800 | जगेश्वर प्रसाद यादव पिता–स्व0 बेनी प्रसाद यादव | उ0–मीना देवी द0–नहर पू0–नीज प0–रास्ता |
| | | | | कुल :– | **0.65400** | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.351110 Land Reforms(25-26):D


## पहलगाम आतंकी हमले पर लायन्स क्लब गुमला ने जताया शोक



**गुमला।** लायन्स क्लब ऑफ गुमला की ओर से क्लब भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने की। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादी देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने के उद्देश्य से धर्म का सहारा लेकर इस निंदनीय घटना को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और सरकार के साथ खड़ा है।

## लायंस क्लब ने प्यासों को पिलाया सत्तू का शरबत, गर्मी में राहत बनी सेवा

**गुमला।** आज गुमला बंद के दौरान जब बाजार की सभी दुकानें बंद रहीं और भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया, ऐसे समय में लायंस क्लब ऑफ गुमला की ओर से पटेल चौक पर राहगीरों और यात्रियों के लिए सत्तू शरबत की सेवा शुरू की गई। यह पहल लोगों के लिए न सिर्फ प्यास बुझाने का जरिया बनी, बल्कि राहत और मानवता का संदेश भी लेकर आई। गर्मी से बेहाल राहगीरों, यात्रियों और आम नागरिकों ने इस सेवा का लाभ उठाया और क्लब की इस सामाजिक पहल की खूब सराहना की। लोगों ने कहा कि जब चारों ओर सब कुछ बंद है और कहीं ठंडा पानी तक मयस्सर नहीं, ऐसे में सत्तू का शरबत किसी जीवनदायिनी राहत से कम नहीं। क्लब अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब हमेशा समाजसेवा में आगे रहा है और यह सत्तू शरबत सेवा उसी कड़ी का एक हिस्सा है। इस मौके पर सचिव अशोक कुमार जायसवाल, एम.जे.एफ. डॉ. शंकर लाल जाजोदिया, चार्टर सेक्रेटरी मुरली मनोहर प्रसाद, एम.जे.एफ. बनवारी लाल अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, विशाल कुमार, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, योगेंद्र प्रसाद साहू, संजय कुमार साहू, बृज कुमार फोगला, हेमंत कुमार गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री हॉलिस्टिक अवार्ड मिलने पर गुमला चेंबर ने उपायुक्त को दी बधाई, सम्मानित कर सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार, 25 अप्रैल को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें प्रधानमंत्री हॉलिस्टिक अवार्ड 2023 प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

राजेश सिंह ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए उपायुक्त की सराहना करते हुए कहा कि देश के 763 जिलों में से गुमला का चयन होना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान गुमला को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला है।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ उनका नहीं बल्कि पूरे गुमला जिले और उसके नागरिकों का है। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी के सहयोग और सामूहिक प्रयास का परिणाम है।



इस दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स ने एक मांग पत्र भी उपायुक्त को सौंपा। पत्र में मुख्य रूप से कर्मडिपा-सिसई रोड से चंडाली चौक (समाहरणालय गेट) तक सड़क चौड़ीकरण एवं लाइटिंग व्यवस्था की मांग की गई, ताकि आवागमन और सुरक्षा में सुधार हो सके। उपायुक्त ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इसके अतिरिक्त चेंबर द्वारा माप-तौल विभाग में पाई जा रही अनियमितताओं की शिकायत भी की गई, जिस पर उपायुक्त ने गंभीर संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य विकास सिंह, संदीप प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पहलगाम में हुए निर्दोष हिन्दुओं की निर्मम हत्या के विरोध में सिसई प्रखंड रहा बंद

**सिसई (गुमला)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 28 निर्दोष हिन्दुओं की नाम व धर्म पूछकर निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में सम्पूर्ण सनातनी समाज के द्वारा शुक्रवार को सिसई प्रखण्ड बन्द रहा। जिसमें सिसई मेन रोड, थाना रोड, बसिया रोड, पिलखी मोड़, रोशनपुर, कॉलेज रोड छारदा रोड, महुआडीपा, डाड़हा के सभी दुकानदार बन्द को समर्थन देकर अपनी स्वेक्षा से अपने अपने प्रतिष्ठानों को प्रातः 5 बजे से संध्या 6 बजे तक बन्द रखे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए रेफरल अस्पताल के समीप सड़क पर टायर जला कर बाधित किया गया। बन्द शान्तिपूर्ण रहा कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, हिन्दू जागरण मंच, एवं संपूर्ण सनातनी समाज के तत्वाधान में संध्या 5 बजे से मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस प्रखण्ड मुख्यालय शिवमन्दिर के प्रांगण से शुरू किया गया सभी लोग पाकिस्तान मुदार्बाद, पाकिस्तान होश में आओ, आतंकियों को गोली मारो, हत्यारों को फांसी दो, बन्दे मातरम, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ बसिया रोड तक गया। जहां सनातनी समाज के सभी लोगों ने नारे लगाते हुए इस्लामिक आतंकियों के पुतले फूंके। जुलूस वापस प्रखण्ड मुख्यालय शिवमन्दिर के पास पहुंचकर सभा तब्दील हो गया। सभा में हिन्दू जागरण के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा ने इस निर्मम हत्या की कड़े रूप से भर्त्सना करते हुए विरोध जताया। उन्होंने कहा कि इन इस्लामिक आतंकियों को बक्शा नहीं जाएगा।

श पूरा देश गुस्से से उबल रहा है। इनको कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार से अपील की है। बन्दी और मशाल जुलूस को सफल बनाने में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकताओं और सम्पूर्ण सनातनी समाज के लोगों का विशेष योगदान रहा। जुलूस में हिन्दू जागरण के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पंकज साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, सुमित महली, सुप्रदीप साहू, निरंजन सिंह, राजकुमार पौराणिक, अरुण नारायण सिंह, सुरेन्द्र जयसवाल, मदन साहू प्रफुल्ल साहू, मुनेश्वर साहू, अमित कुमार, संदीप गुप्ता, संजय भगत बजरंग साहू सहित भारी संख्या में महिला पुरूष और बच्चे शामिल थे।



## आतंकवादी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का बंद

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा आहूत गुमला जिला बंद के तहत शुक्रवार को सुबह से ही दुकानों और परिवहन सेवाओं पर असर देखा गया। यह बंद पिछले हफ्ते पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में किया गया।बंद के दौरान प्रखंड क्षेत्र में सभी व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानों को बंद रखा। सुबह के समय में पूरे क्षेत्र में सन्नाटा छाया रहा, और आम जनजीवन प्रभावित हुआ। चैनपुर के 10 पंचायतों में इस बंद का असर स्पष्ट रूप से देखा गया, जहां स्थानीय लोगों ने इस घटना के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया।स्थानीय निवासियों का कहना है कि आतंकवादी गतिविधियों द्वारा बार-बार निर्दोष लोगों को निशाना बनाना नाबुजदिलगी है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने इसे एक गंभीर मुद्दा बताते हुए सभी से एकजुट होकर इस हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की।बंद के कारण वाहनों की आवाजाही भी पूरी तरह से ठप रही, जिससे लोगों को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ा।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com
अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना
संख्या– 01/2025–26

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–
विज्ञापनदाता का नाम :– प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक– 06.05.2025 को 5:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– दिनांक– 07.05.2025 को 3:30 बजे अप0, नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| Si No. | Particulars | Unit | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | 32mm G.I. pipe in 3 mtrs. Length(medium) with seamless socket as per relevent B.I.S specification | Per Piece | |
| 2. | Connecting Rod 3mtr. Long with coupling and nut (Electrogaivanized) | Per Piece | |
| 3. | 32 mm Dia PVC Column | Per Piece | |
| 4. | चैन (Heavy Duty) | Per Piece | |
| 5. | Cylinder Assembly complete set Mark-II) C.I | Per Piece | |
| 6. | Cylindr Assembly complete set Mark-II) Brass | Per Piece | |
| 7. | Plunger Brass (S.S) for Mark-II | Per Piece | |
| 8. | Cylinder check Valve Brass Mark-II | Per Piece | |
| 9. | Connecting Rod (S.S) Mark-II 2 फीट (स्टील) | Per Piece | |
| 10. | वासर Mark II लेदर रिलेक्सो | Per Piece | |
| 11. | वासर Mark II रबर | Per Piece | |
| 12. | लिभर वासर रबर | Per Piece | |
| 13. | Cylinder check Valve रबर | Per Piece | |
| 14. | सिलेन्डर कैप वासर रबर | Per Piece | |
| 15. | एकसल स्टील (Heavy Duty) | Per Piece | |
| 16. | पाईप सॉकेट 32 mm G.I | Per Piece | |
| 17. | रड़ सॉकेट 12mm G.I. | Per Piece | |
| 18. | वाटर टैंक Mark II G.I. | Per Piece | |
| 19. | उपर बॉडी H.B | Per Piece | |
| 20. | लिभर Brass | Per Piece | |
| 21. | चैन नटवोल्ट | Per Piece | |
| 22. | नटवोल्ट 12mm | Per Piece | |
| 23. | पैंडेस्टल (बैरल) G.I. | Per Piece | |
| 24. | I.S.I. mark Deep Well Hand pump for India mark-2 I..S.I 15500 (part2) /2004 with latest revision including 12mm X 3meter long 8 no. Connecting Rods made of bright bar electro-galvanized fitted with coupler & normal stand assembly ecommended for use with cylinder assembly suitable for bore well dia 100 to 125mm casing pipe. | Per Piece | |
| 25. | पाईप रिंच नं0–24 | Per Piece | |
| 26. | पाईप रिंच नं0–18 | Per Piece | |
| 27. | पाईप रिंच नं0–14 | Per Piece | |
| 28. | पाईप रिंच नं0–12 | Per Piece | |
| 29. | पाईप रिंच नं0–10 | Per Piece | |
| 30. | पाईप भाईस 32 mm Rinch | Per Piece | |
| 31. | डाई 15mm,20mm,25mm | Per Piece | |
| 32. | डाई 32 mm | Per Piece | |
| 33. | रड़ डाई 12mm | Per Piece | |
| 34. | चैन रिंच 24 | Per Piece | |
| 35. | साईज रिंच 19, 17 | Per Piece | |
| 36. | रिंग रिंच 19–17 | Per Piece | |
| 37. | रिंग रिंच 19–18 | Per Piece | |
| 38. | HDPE रोल पाईप 20mm | Per Piece | |
| 39. | Pipe Lifter 32 MM | Per Piece | |
| 40. | PVC Column Pipe 32 MM | Per Piece | |
| 41. | ट्रांसपती ब्लेड | Per Piece | |
| 42. | Sintex 4 Layer 1000 Ltr | Per Piece | |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 351052 Lohardaga(25-26)D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक......................./दिनांक.......................

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2025 के पहले जमा करने पर मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा करदाताओं को कर (वर्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार है :–

इसके अतिरिक्त :–

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 5 प्रतिशत की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 5 प्रतिशत की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट।
- भारतीय सेना में काम करने वाले को 5 प्रतिशत की छूट।
- ट्रांसजेंडर होने पर 5 प्रतिशत की छूट।
- दिव्यांग होने पर 5 प्रतिशत की छूट।
- यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।
- Online (https//suda.jharkhand.gov.in) जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट।

साथ ही वैसे लोग मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत नये/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अब तक अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का Holding Tax जमा नहीं किया है या गलत तरीके से अपने आवासीय/व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का Assessment कराया है या कई वर्षो से Holding Tax का बकाया राशि अब तक जमा नहीं किया है वैसे सभी होल्डिंगधारी को निदेशित किया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों के अंदर गलत तरीके से किये गये Assessment को Re-Assessement करा लें एवं Trade License/Holding Tax का बकाया मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में स्वतः जमा करें अन्यथा उक्त तिथि बीत जाने के उपरांत स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जाँचोपरांत दोषी पाये जाने पर होल्डिंगधारकों पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसुली एवं झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत् मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जायेगी। जिसके लिए नये प्लॉट/पुराने प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अब तक अपने आवासीय/गैर आवासीय मकान मालिक स्वंय जिम्मेवार या दोषी माने जायेंगे।

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 351026 (District) 25-26 (D)



## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा।
(आपदा प्रबंधन कोषांग)

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा जनहित में जारी

गर्म हवाएँ/लूः– साधारण सावधानियों से अपने आपको सुरक्षित रखें। लू खतरनाक साबित हो सकता है। इसके प्रभाव को कम करने तथा रोकथाम के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतेंः–

- जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- जितनी बार हो सके पानी पियें। सफर में अपने साथ पीने का पानी अवश्य रखें।
- जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग के और ढ़ीले–ढ़ाले सूती कपड़े पहने, धूप के चश्में का इस्तेमाल करें, गमछी या टोपी से अपने सिर को ढ़के और हमेशा जूते या चप्पल पहनें।
- अधिक तापमान में कठिन काम ना करें। जहाँ तक संभव हो कड़ी धूम में बाहर के काम से बचें।
- अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर कुछ समय के लिए रखें।
- हल्का भोजन करें। अधिक रस वाले फल जैसे तरबूज, प्याज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन ना करें, जैसे–माँस व मेवे, जो शारीरिक ताप को बढ़ाते है।
- घर में बना पेय जैसे लस्सी, नमक–चीनी का घोल, छाछ, सत्तू शरबत, नींबू–पानी, आम का अमझोरा इत्यादि का नियमित सेवन करें।
- बच्चों ओर पालतू जानवरों को धूप में पार्क किये हुए वाहनों में अकेला न छोड़ें।
- जानवरों को छाँव में रखें और उन्हे खूब पानी पीने को दें।
- अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर आदि का प्रयोग करें। रात में खिड़कियाँ खुली रखें।
- स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में जानकारी रखें तथा सतर्क रहें।
- अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से संपर्क करें। साथ ही उसके मार्गदर्शन का पालन करें।

**लू लगने पर क्या करेंः–**

- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें। अगर तंग कपड़ा हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोंछे या ठंडे पानी से नहलायें।
- व्यक्ति को ओ0आर0एस0/नींबू–पानी/नमक–चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।
- यदि व्यक्ति पानी की उल्टियाँ करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने या पीने को ना दें।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाय।

"आपदा प्रबंधन महाविचार, पूरा लोहरदगा भागीदार"

उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR 351038 (Lohardaga) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अच्छी तथा बुरी, दोनों प्रकार की आदतों को शक्ति प्राप्त करने में समय लगता है। शक्तिशाली बुरी आदतों को उनकी विपरीत अच्छी आदतों द्वारा हटाया जा सकता है यदि अच्छी आदतों का धैर्यपूर्वक विकास किया जाए। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### आतंक का मुंहतोड़ जवाब जरूरी

पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के दो दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर कि आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, जनता के आक्रोश को स्वर देने के साथ कश्मीर समेत पूरे देश के लोगों को आश्वस्त करने की कोशिश तो की ही है, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संकेत और पाकिस्तान को चेतावनी भी दी है कि भारत अब किसी भी कीमत पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह उन ताकतों के लिए सीधा संदेश है, जो भारत को अस्थिर करना चाहती हैं- चाहे वे सीमा पार बैठी हों या देश के भीतर छिपी हों। पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछकर जिस तरह से नफरत और विभाजन की साजिश रची और एक आतंकी का पर्यटक से यह कहना, 'जाओ, अपनी सरकार को बताओ', दर्शाता है कि यह हमला देश के नेतृत्व को चुनौती देने की कोशिश थी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने उचित ही देश की एकजुटता पर बल देते हुए इसे पूरे भारत का दुख बताया। सरकार ने इस हमले के जवाब में जो सख्त व त्वरित कदम उठाने की घोषणा की है, उनका दबाव पाकिस्तान पर पड़ना ही था, जो उसकी बौखलाहटपूर्ण प्रतिक्रिया में दिख भी रहा है। सिंधु जल संधि का निलंबन उसके लिए बड़ा झटका है, क्योंकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी, जो संधि के तहत पाकिस्तान को मिलता है, उसके पंजाब और सिंध प्रांतों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भारत का यह कदम, हालांकि तत्काल प्रभाव से पानी की आपूर्ति भले न रोके-क्योंकि इसके लिए बड़े बुनियादी ढांचे की जरूरत होगी-पाकिस्तान पर मनोवैज्ञानिक और रणनीतिक दबाव बनाने के लिए काफी है। अमेरिका, रूस और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने जिस तरह से हमले की निंदा की है और भारत के प्रति एकजुटता दिखाई है, वह भी पाकिस्तान के कूटनीतिक अलगाव को गहरा ही करेगा, खासकर उन मुस्लिम देशों के साथ, जो अब भारत के साथ मजबूत आर्थिक और रणनीतिक संबंध बना रहे हैं। हवाई क्षेत्र को बंद करना और व्यापार निलंबित करने का निर्णय पाकिस्तान की विकल्पहीनता को ही दर्शाता है, जो उसकी पहले से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को और नुकसान पहुंचाएगा। पाकिस्तान का तो खैर जो होगा, सो होगा, भारत के लिए जरूरी है कि सरकार इस हमले के पीछे की खुफिया विफलताओं और सुरक्षा चूकों की गहन जांच करे। साथ ही, इस हमले का जवाब देते समय हमें यह ध्यान रखना होगा कि आंतकियों का मकसद नफरत और विभाजन फैलाना है, और हमें उनके इस उद्देश्य को विफल करना होगा। विपक्षी नेताओं ने भांप लिया है कि देश गुस्से में है और अभी साथ खड़े होने में ही भलाई है पर पड़ोसी का दुस्साहस क्यों है देखना शेष है।

*सरकार ने इस हमले के जवाब में जो सख्त व त्वरित कदम उठाने की घोषणा की है, उनका दबाव पाकिस्तान पर पड़ना ही था, जो उसकी बौखलाहटपूर्ण प्रतिक्रिया में दिख भी रहा है।*

# वेव्स : वैश्विक प्रभाव के लिए भारत के मीडिया व मनोरंजन स्टार्टअप को गति देना




वैश्विक व्यापार शुल्क और शेयर बाजार की अस्थिरता के समक्ष भारत एक उदार अर्थव्यवस्था के रूप में मज़बूती से आगे बढ़ रहा है। अपनी जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, भारत चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए स्वयं को वैश्विक 'रचनात्मक शक्ति' के रूप में स्थापित कर सकता है। एक समृद्ध कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत का मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के माध्यम से दुनिया भर के रचनाकारों को जोड़ने का लक्ष्य रखता है। भारत फिल्म, संगीत, कला और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवा रचनाकारों की बढ़ती आबादी वाला राष्ट्र है। विशेष रूप से, नमित मल्होत्रा के डीएनईजी ने दृश्य प्रभाव और एनीमेशन स्टूडियो के माध्यम से ड्यून 2 की ऑस्कर अर्जित सफलता में अभूतपूर्व वीएफएक्स का प्रदर्शन किया। यह भारत की 7वीं ऑस्कर सफलता थी जिसने वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर किया। पारंपरिक फिल्म निर्माण से डिजिटल निर्माण तक की विकास यात्रा विश्व स्तरीय कंटेन्ट बनाने में देश की क्षमता को दर्शाती है।

भारत सरकार के विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 के अंग, वेव्स एक्सेलरेटर (वेवएक्स) का उद्देश्य युवा रचनाकारों को उद्योग जगत प्रमुखों से जोड़ना और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देना है। मई 2025 में मुंबई में होने वाला वेव्स, संरक्षण, वित्त पोषण और वैश्विक अवसर प्रदान करते हुए भारत के मीडिया और मनोरंजन स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। इस क्षेत्र में वर्ष 2023 के 2,422 बिलियन रूपए से 2027 तक 3,067 बिलियन रूपए तक की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसमें गेमिंग, एआई और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्र शामिल हैं।

पहचान स्थापित करने की चुनौतियों के बावजूद, वेव्स- ब्रह्मन गेम स्टूडियो, कीबाउंड और वायॉन क्लाउड जैसे स्टार्टअप के लिए वैश्विक निवेशकों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस पहल में लैपविंग स्टूडियो और वाइगर मीडिया जैसे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप भी शामिल हैं, जो मीडिया और मनोरंजन इकोसिस्टम के भीतर समावेशिता को बढ़ावा देते हैं।

वेव्स एक ऐसा गतिशील और प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो अंतरराष्ट्रीय सफलता के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करेगा। वेवएक्स सीधे पूंजी, सलाह और वैश्विक प्रदर्शन में आने वाली बाधाओं का समाधान उपलब्ध कराते हुए न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगा बल्कि विकास के लिए एक सुव्यवस्थित इकोसिस्टम भी प्रदान करेगा। मात्र 10,000 रुपये और एक विजन के साथ शुरू किए गए बायोकॉन के बाद, मैं ऐसे प्रेरणादायी प्लेटफार्मों के महत्व को समझती हूं।

**रचनात्मक केन्द्र :** म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट एंड फ़ोटोग्राफ़ी (एमएपी) और साइंस गैलरी बेंगलुरु जैसी पहलों के माध्यम से कला के समर्थक के तौर पर, मेरा मानना है कि किसी देश की संस्कृति उसकी कला और विज्ञान दोनों में निहित होती है। कला और विज्ञान दोनों ही रचनात्मकता में निहित हैं; वैज्ञानिक भी प्रयोगशालाओं में उसी तरह प्रयोग करते हैं जैसे कलाकार कैनवास पर करते हैं। अपने जनसांख्यिकीय लाभ, तकनीकी क्षमताओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के शानदार सामंजस्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा भारत रचनात्मकता का एक समृद्ध केंद्र है। भारत में यह समायोजन सिर्फ़ दार्शनिक नहीं है अपितु व्यावहारिक भी है, उद्योगों को आकार दे रहा है और मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। सदियों से चली आ रही कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत एक वैश्विक रचनात्मक शक्ति के रूप में उभरने के मामले में बेहद शानदार स्थिति में है। शास्त्रीय नृत्य से लेकर सिनेमा तक और कॉमिक्स से लेकर इमर्सिव तकनीक तक, हम एक रोमांचक युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां रचनात्मकता अत्याधुनिक नवाचार के साथ जुड़ती है। 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' की अवधारणा इस महत्वाकांक्षा को पूरी तरह से दर्शाती है।

**रचनात्मक स्टार्टअप के लिए प्रेरणादायी :** वेव्स तकनीक और कहानी कहने की सुंदर समाभिरूपता का उदाहरण है। वेवएक्स एनिमेशन, एआई, एआर/वीआर, गेमिंग और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्रों में स्टार्टअप का समर्थन करके इसका लाभ उठाने के लिए तैयार है। वेव्स बाज़ार के लिए 4500 से ज्यादा विक्रेता और 5,900 से ज़्यादा खरीदार पंजीकृत हैं, इस पहल से भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक कंपनियों से जोड़ने का वादा किया गया है, जिससे वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में भारत के अग्रणी बनने की गति में तेजी आएगी। वेव्स पारंपरिक मीडिया से आगे जाते हुए नवाचार को भी बढ़ावा देता है। एरुकैनाविस टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियाँ एआई-संचालित विज्ञापनों में अग्रणी हैं, जबकि अमेज स्टूडियो और ऑफ़लाइन ह्यूमन स्टूडियो एनिमेशन और वीआर के माध्यम से कहानी कहने को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। इनस्केप एक्सआर और विज़न इम्पैक्ट जैसे एड-टेक उद्यम इमर्सिव मीडिया के साथ इस क्षेत्र के शिक्षण कौशल को नया रूप दे रहे हैं। साथ में, ये स्टार्टअप भारत के रचनात्मक इकोस्स्टम की विशाल क्षमता और वैश्विक प्रासंगिकता को उजागर करते हैं।

**भविष्य के लिए एक अवधारणा :** भारत को लंबे समय से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मकता की चिरस्थायी विरासत के तौर पर जाना जाता है। यह रचनात्मक ऊर्जा हमारे युवाओं में सबसे जीवंत अभिव्यक्ति रखती है और यही आज के निर्माता और कल के दूरदर्शी भी हैं। फिल्म, संगीत, एनीमेशन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया में, युवा भारतीय निर्माता सीमाओं को नया आकार दे रहे हैं और शैलियों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। इस क्षमता को पोषित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता वेव्स जैसी पहलों के लिए इसके समर्थन में स्पष्ट है, जिसे मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक गतिशील, अभिनव और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। आज, वेव्स के माध्यम से, हम न केवल स्टार्टअप में निवेश कर रहे हैं, बल्कि हम कहानी कहने, आत्म-अभिव्यक्ति और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में भी निवेश कर रहे हैं जो भविष्य को परिभाषित करेगी। चाहे बायोटेक लैब हो या डिजिटल स्टूडियो, रचनात्मकता वह भाव है जो भविष्य में उद्योगों और पहचानों को एक नया आकार देगी। वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग का उत्सव मात्र नहीं है; यह अगली पीढ़ी के रचनाकारों और उद्यमियों के लिए एक लॉन्चपैड भी है जो मनोरंजन, शिक्षा और संस्कृति के उपयोग के तरीके को परिवर्तित करने के लिए तैयार हैं। वेव्स के सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में, मुझे इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व है। इस पहल का प्रभाव स्टूडियो और बोर्डरूम से कहीं आगे तक जाएगा और यह हर कहानी, हर स्टार्टअप और हर उस नवाचार में गुंजन उत्पन्न करेगा जो परंपरा को चुनौती देता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**किरण मजूमदार शॉ**
बायोकॉन समूह की अध्यक्ष

## बूंद-बूंद जल को तरसेंगे हम इक दिन!!

जो कमा नहीं सकते उसे खर्च करने का हक हमें जरा भी नहीं!! किंतु धरती के संसाधनों को खर्च करने के मामले में हम सब ने बिल्कुल उल्टा ही किया है!! पानी की एक-एक बूंद कितनी कीमती होती है ,यह हम आज तक नहीं जान पाए क्योंकि सदानीरा रहने वाली नदियाँ और तालाब-पोखरे हमें अथाह और हमारी जरूरतों से अधिक पानी देते रहे !! सूरज के प्रकाश की कीमत हम बिल्कुल नहीं जान पाए ,क्योंकि अनवरत प्रकाशित होता रहने वाला सूरज हम पर अपना अकूत प्रकाश सदा हम पर हमारे पिता की तिजोरी के धन की भाँति लुटाता रहा!! अपनी गंदी और व्यभिचार पूर्ण आदतों के कारण हमने धरती के समस्त साधन नष्ट कर डाले!! धरती को भीतर से बिल्कुल ही खोखला कर डाला!! पानी की एक बूंद को भी ना बचाने की चेष्टा कभी न की हमने!! लेकिन उसको हम इस तरह खर्च करते चले आए जैसे कि वह कुबेर का कभी खत्म न होने वाला खजाना हो और इस तरह हमने धरती की समस्त नदियों को अपनी उपेक्षा से सुखा कर खत्म कर दिया और इक एक ईंच जमीन तक को अपने लालच से कब्जिया लिया!! इसके तमाम पोखरों और तालाबों को अपनी हवस से पाट कर उनके ऊपर आलीशान बिल्डिंगे बनाकर हम जीते हैं और चाहते हैं कि हमें पानी मिल जाए!! पानी को सुखाकर पानी मांगना यह वीभत्स कार्य सिर्फ और सिर्फ मनुष्य ही कर सकता है!! किंतु उसके कारण न केवल मनुष्य, बल्कि मनुष्येत्तर प्राणी भी अब पानी खोजते-खोजते जंगल से शहर की ओर आ रहे हैं और शहर में सामना होता है उनका आदमी के साथ और ये मासूम जानवर बिना किसी वजह के आदमी द्वारा मार डाले जाते हैं!! पानी ने आदमी का जीवन बदल दिया है! हम चाहते तो पानी को सदा सदा के लिए बनाए रख सकते थे लेकिन हमने अपने कैरियर के बारे में ,अपनी हवस के बारे में अपनी अन्य जरूरतों के सिवा कुछ और सोचा ही नहीं कि जितनी जरूरत हमको पानी की है उतनी ही जरुरत धरती को भी हमसे हमारे सहयोग की है धरती चुपचाप हम कलमुंही संतानों पर रोती रही,उसने हमें समय-समय पर तरह-तरह कइ इशारे भी दिए,किन्तु अपनी हवस के अंधे हम यह इशारे कभी न समझ पाए!! अब जब सब तरफ पानी की किल्लत हो रही है ,समय से पूर्व सारे नदी-नाले सूख रहे हैं और पानी के लिए जगह-जगह घनघोर लड़ाइयां हो रही हैं, सरकारी टैंकरों का पानी पाने के लिए कड़ी धूप और भीषण गर्मी में आसमान के नीचे हजारों बेकल-विवश और पानी की बीस लीटर की एक गैलन भरने तक के लिए लोगों की लाईन लगी हुई है!!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राजीव थेपड़ा**

## जब दर्द सरहदें लांघता है, तो जवाब भी वैश्विक होना चाहिए

आतंकवाद: एक वैश्विक दानव, जिसके खिलाफ विश्व को जागना होगा

जब किसी देश की धरती पर मासूमों का लहू बहाया जाता है, तो वह केवल एक राष्ट्र की त्रासदी नहीं होतीवह पूरी मानवता की हार होती है। जम्मू-कश्मीर में हुआ हालिया आतंकी हमला भी ऐसा ही एक अमानवीय कृत्य था, जिसने न केवल भारत को, बल्कि पूरे विश्व को झकझोर कर रख दिया। यह हमला हमें याद दिलाता है कि आतंकवाद अब सीमाओं में कैद नहीं रहा, यह एक वैश्विक दानव बन चुका है, जो कहीं भी, किसी भी समय अपने नापाक पंजे फैला सकता है। और यही कारण है कि इस लड़ाई में केवल संवेदना और निंदा पर्याप्त नहीं-अब समय है निर्णायक और एकजुट कदमों का। आतंकवाद का यह चेहरा नया नहीं है। दशकों से भारत इस आग में झुलस रहा है। जम्मू-कश्मीर, जो कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए जाना जाता था, आज बारूद और खून की कहानियां बयां करता है। हर हमले के बाद एक ही सिलसिला दोहराया जाता है-नेता निंदा करते हैं, संवेदनाएं व्यक्त की जाती हैं, और फिर कुछ समय बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है। लेकिन क्या यह सामान्य स्थिति वाकई सामान्य है? क्या हम इस सच को स्वीकार कर सकते हैं कि निर्दोषों की जानें यूं ही जाती रहें और हम केवल शोक मनाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लें? नहीं, यह समय अब और चुप रहने का नहीं है। यह समय है उस व्यवस्था को बदलने का, जो आतंकवाद को बार-बार मौका देती है।

आतंकवाद की जड़ें गहरी हैं। यह केवल हथियारों और हिंसा तक सीमित नहीं है। इसके पीछे एक विचारधारा है, जो नफरत और असहिष्णुता को बढ़ावा देती है। यह विचारधारा सीमाओं के पार फैलती है और उन देशों से पोषण पाती है जो आतंकवाद को अपने राजनैतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। जम्मू-कश्मीर में हुए इस हमले ने एक बार फिर उन देशों की ओर ध्यान खींचा है जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें हथियार और आर्थिक मदद देते हैं। क्या ऐसे देशों को जवाबदेह ठहराने का समय नहीं आ गया है? क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब यह स्पष्ट संदेश नहीं देना चाहिए कि आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उसी तरह सजा मिलेगी, जैसे आतंकियों को? लेकिन यह जिम्मेदारी केवल भारत की नहीं है। आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है, और इसका समाधान भी वैश्विक स्तर पर ही संभव है। आज भारत में निर्दोष मारे जा रहे हैं, कल यह किसी और देश में हो सकता है। आतंकवाद किसी धर्म, जाति या देश को नहीं देखता-यह केवल तबाही मचाता है। इसलिए हर उस देश को, जो शांति और मानवता में विश्वास रखता है, इस लड़ाई में साथ आना होगा। अंतरराष्ट्रीय सहयोग, साझा खुफिया जानकारी, और आतंकी वित्त पोषण पर सख्त नियंत्रण-ये कुछ ऐसे कदम हैं जो इस दिशा में तुरंत उठाए जाने चाहिए। साथ ही, डिजिटल मंचों पर फैल रही कट्टरता को रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाने होंगे, क्योंकि आज आतंकवाद की भर्ती और प्रचार का सबसे बड़ा हथियार इंटरनेट बन चुका है। इस लड़ाई में सरकारों के साथ-साथ आम लोगों की भी अहम भूमिका है। हमें अपने समाज में उन तत्वों को पहचानना होगा जो नफरत और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। शिक्षा और जागरूकता के जरिए हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। हमें उन्हें सहिष्णुता, करुणा और एकता की भावना देनी होगी, ताकि वे भविष्य में नफरत की इस आग को और न भड़कने दें। साथ ही, हमें उन सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को भी दूर करना होगा, जो अक्सर युवाओं को आतंकवाद की राह पर धकेल देती हैं। जब तक हम इन मूलभूत समस्याओं को हल नहीं करेंगे, तब तक आतंकवाद की जड़ें खत्म करना मुश्किल होगा। जम्मू-कश्मीर में हुए इस हमले ने एक बार फिर हमें यह सोचने पर मजबूर किया है कि आखिर कब तक हम इस तरह की त्रासदियों को सहते रहेंगे? हर बार जब कोई मासूम अपनी जान गंवाता है, तो वह केवल एक परिवार का नुकसान नहीं होता—वह हमारी सामूहिक संवेदनशीलता का नुकसान होता है। हमें यह समझना होगा कि आतंकवाद के खिलाफ यह लड़ाई केवल सेना या सरकार की नहीं है, यह हम सबकी लड़ाई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

ठगिनी कब से ठग रही, इससे बचे न राम।
अब विचार जंगल हुए, धनुष न आता काम।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## "धर्म बनाम आतंक का भ्रम"

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर हम किस दिशा में जा रहे हैं? ये हमला तीर्थ यात्रा पर नहीं, बल्कि उन पर्यटकों पर हुआ जो कश्मीर की खूबसूरती देखने, सुकून और शांति की तलाश में वहाँ पहुँचे थे। लेकिन उन्हें निशाना बनाया गया - और एक बार फिर धर्म को हिंसा का बहाना बनाया गया। धर्म आखिर है क्या? और इसका उद्देश्य क्या था? धर्म, चाहे किसी भी पंथ या परंपरा का हो, मानवता का मार्गदर्शन करने वाला साधन है। हिंदू धर्म कहता है - "सर्वे भवन्तु सुखिनः",बौद्ध धर्म सिखाता है - "अहिंसा परमो धर्मः", और इस्लाम कहता है - "जिसने एक निर्दोष की हत्या की, उसने पूरी मानवता की हत्या की।" ईसाई धर्म "पड़ोसी से प्रेम करो" का संदेश देता है। मतलब स्पष्ट है - धर्म का उद्देश्य मानवता को ऊपर उठाना है, न कि उसे डर और हिंसा में झोंक देना।

लेकिन अफ़सोस की बात है कि कुछ विकृत मानसिकता वाले लोग धर्म की आड़ में आतंक का खेल खेलते हैं। इनका उद्देश्य ना तो किसी धर्म की रक्षा करना होता है, ना ईश्वर की सेवा -इनका एकमात्र मकसद होता है नफरत फैलाना और समाज को बाँटना।

हमें इस सच्चाई को पहचानना होगा कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता। अगर कोई खुद को धार्मिक कहता है लेकिन दूसरों की जान लेता है, तो वह न तो ईश्वर को जानता है, न उसके बनाए हुए धर्म को।

यह लेख एक दृष्टिकोण से लिखा गया है, इसका उद्देश्य किसी एक धर्म को कटघरे में खड़ा करना नहीं, बल्कि सभी धर्मों के अनुयायियों से यह अपील करना है कि धर्म के नाम पर हो रही हिंसा के खिलाफ एकजुट होइए।

विशेष रूप से मुस्लिम समाज को आत्ममंथन करना होगा - क्योंकि हाल के वर्षों में कई आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने वालों ने खुद को इस्लाम का झंडाबरदार बताया है। ये इस्लाम का अपमान है - क्योंकि इस्लाम एक शांति का धर्म है, जिसका नाम ही "सलामती" से आया है। कुरान, और पैग़म्बर की शिक्षाएं करुणा और भाईचारे की मिसाल हैं।

यदि हम खामोश रहेंगे, तो ऐसे तत्व न सिर्फ निर्दोषों की जान लेते रहेंगे, बल्कि धर्मों की छवि भी धूमिल करते रहेंगे। आज जरूरत है कि हर समुदाय, हर धर्म अपने भीतर झाँके, और आतंक, नफरत व कट्टरता के खिलाफ सच्चे धर्म के मूल संदेश के साथ खड़ा हो।

धर्म जोड़ता है - आतंक तोड़ता है। धर्म आत्मा को उजास देता है - आतंक उसे अंधकार में ले जाता है। धर्म इंसान को इंसान बनाता है आतंक उसे वहशी बना देता है। हमें यह तय करना होगा कि हम किस ओर खड़े हैं धर्म के साथ या आतंक के पक्ष में।

इस लेख के माध्यम से मुस्लिम भाइयों और बहनों से यही विनम्र निवेदन करना चाहती हूँ - आपका धर्म महान है, लेकिन उसे गलत लोगों से बचाना भी आपका दायित्व है। क्योंकि जब कोई मज़हब के नाम पर गोलियाँ चलाता है, तो वो सिर्फ जान नहीं लेता वो एक पूरी पीढ़ी के भरोसे को मार देता है। अब समय है जागने का। मिलकर खड़े होने का। और यह कहने का नहीं, ये हमारा धर्म नहीं सिखाता। हमारा धर्म, शांति, करुणा और भाईचारे का प्रतीक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पहलगाम हमला इजरायल में हुए हमास के हमले जैसा था...!




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला, हमास की रणनीतियों से प्रेरित था। पहलगाम हमला हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीतियों जैसा ही था। हमले में चार आतंकी शामिल थे, जिनमें दो पाकिस्तानी थे और दो स्थानीय। इन सभी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में ट्रेनिंग ली थी। वहां लश्कर और जैश के कैंपों में हमास ने ट्रेनिंग देने का इंतजाम किया है और इसे आईएसआई का भी समर्थन मिला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, 5 फरवरी 2025 को, कुछ हमास नेताओं को इजरायल ने रिहा किया और वे पाकिस्तान सरकार के बुलावे पर पाकिस्तान आए। उन्हें पीओके ले जाया गया, जहां उनकी मुलाकात लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों से करवाई गई। हमास के नेताओं को रावलकोट की सड़कों पर घोड़ों पर सवारी करके आजादी दिलाने वालों की तरह घुमाया गया। इस रैली में हमास के प्रवक्ता डॉ. खालिद कद्दूमी और डॉ. नाजी जहीर, साथ ही हमास के नेता मुफ्ती आजम और बिलाल अलसल्लत शामिल हुए थे। इस रैली में जैश-ए-मोहम्मद के नेता मसूद अजहर का भाई तल्हा सैफ, लॉन्चिंग कमांडर असगर खान कश्मीरी, मसूद इलियास और लश्कर-ए-तैयबा के बड़े आतंकवादी कमांडर भी मौजूद थे।

## भारत के खिलाफ साजिश रचने में अल-कायदा से जुड़े संगठन की भूमिका

7 अक्टूबर 2024 को पाकिस्तान की आईएसआई ने हमास नेताओं को बांग्लादेश की राजधानी ढाका ले जाकर वहां एक चरमपंथी कार्यक्रम में शामिल करवाया। इस कार्यक्रम का मकसद भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में आतंक फैलाना था।
इस कार्यक्रम का आयोजन 'अल मरकज़ुल इस्लामी' नाम के संगठन ने किया था, जिसका संस्थापक मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम अल-कायदा से जुड़ा हुआ था। इस कार्यक्रम में हमास के बड़े नेता और पाकिस्तान के इस्लामी नेता भी शामिल हुए थे। मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम, जिनकी 2023 में मृत्यु हो गई, के अल-कायदा से सीधे रिश्ते थे। आतंकवाद में उसकी लंबी भागीदारी के कारण इस कार्यक्रम के पीछे के इरादों को लेकर चिंता बढ़ गई है। मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम बांग्लादेश में इस्लामी आतंकवाद फैलाने वालों में एक जाना-माना नाम था। उसे पहले 1999 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर खुलना में अहमदिया मस्जिद पर बम हमले की साजिश रचने का आरोप था, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई थी। जेल से छूटने के बाद, इस्लाम अफगानिस्तान, पाकिस्तान और कई अफ्रीकी देशों में गया, जहां उसने अल-कायदा से सीधे बम बनाने की ट्रेनिंग ली। उसकी मौत के बाद भी, उसका प्रभाव कम नहीं हुआ है। जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) जैसे चरमपंथी संगठन आज भी उसे अपने नेताओं में एक मानते हैं।

# पाकिस्तान की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। पटना**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई। इस बैठक में पांच महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इसमें सिंधु जल संधि को सरकार ने निलंबित कर दिया है। सरकार के इस फैसले पर पाकिस्तान गीदड़ भभकी दे रहा है। पाकिस्तान की इस गीदड़ भभकी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा भारत इससे डरने वाला नहीं है। मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पीएम मोदी ने स्पष्ट रूप से आतंकियों को चेताया है। मुझे दुख इस बात का है कि कांग्रेस और आरजेडी जैसी पार्टियां, जो बिहार में कैंडल मार्च निकालती हैं और जांच कमेटी की मांग करती हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत भी मांगा। पहलगाम में हुई घटना पर जांच की मांग करते हैं। विपक्ष जख्म पर नमक डालता है। उन्होंने कहा कि लालू यादव और फारुख अब्दुल्ला जैसे लोग भारत में रहकर पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। भारत की जनता कभी क्षमा नहीं करेगी। आरजेडी पहलगाम घटना की जांच की मांग करती है। इन्हें शर्म आनी चाहिए। बता दें कि गुरुवार को पीएम मोदी बिहार दौरे पर थे। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

# बांदीपुरा मुठभेड़ में मारा गया लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर अल्ताफ लाली

**एजेंसी। बांदीपुरा**

- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को बांदीपुरा में चल रहे ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई

बांदीपुरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर अल्ताफ लाली को मार गिराया गया है। यह अभियान 26 लोगों की जान लेने वाले हमले में शामिल संदिग्ध लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को मार गिराने के लिए व्यापक सुरक्षा अभियान का हिस्सा है। आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में शुक्रवार की सुबह विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बांदीपुरा में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया, जिसके बाद गोलीबारी हुई। शुरुआती गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी घायल हो गया, जिसकी बाद में मौत हो गई। इसी मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। इस बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे, जहां उन्हें बांदीपुरा में चल रहे ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। वह स्थिति की व्यापक सुरक्षा समीक्षा करेंगे और पहलगाम आतंकी हमले के पीछे संदिग्ध लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों का पता लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन की प्रगति का आकलन करेंगे। एक अन्य घटनाक्रम में पहलगाम हमले में शामिल माने जा रहे दो आतंकवादियों के घरों को शुक्रवार को सुरक्षाबलों और जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने नष्ट कर दिया। बिजबिहाडा में लश्कर के आतंकवादी आदिल हुसैन थोकर के घर को आईईडी का इस्तेमाल करके उड़ा दिया गया, जबकि त्राल में आसिफ शेख के घर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। माना जाता है कि आदिल थोकर ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को बैसरन घाटी में हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। अनंतनाग पुलिस ने थोकर और हमले को अंजाम देने वाले दो पाकिस्तानी नागरिकों अली भाई और हाशिम मूसा के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## पहलगाम की आतंकी घटना पर सरकार उठाए सख्त कदम : मौलाना शहाबुद्दीन

**एजेंसी। बरेली**



ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी बरेलवी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी ने मीडिया से बात करते हुए पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर कहा कि पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना बहुत ही अफसोसजनक है। इसकी जितनी भी कड़े शब्दों में निंदा की जाए, वह कम है। इस्लाम और मुसलमानों के नाम पर जिस तरीके से आतंकवादी संगठन बने हुए हैं, चाहे अलकायदा हो या कोई अन्य, यह सभी इस्लाम को बदनाम करने के लिए हैं। मौलाना ने आगे कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना जालिमाना और कायराना है। इस घटना के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। पाकिस्तान में आतंकवादियों को संरक्षण दिया जाता है, वहां सरपरस्ती की जाती है। पाक में हाफिज सईद जैसे आतंकवादियों की सरपरस्ती की गई। यही वजह है कि आए दिन देश के लोगों को परेशान करने के लिए हिंदुस्तान में इस तरह की घटनाएं की जाती हैं। उन्होंने कहा कि तमाम जितने भी आतंकी संगठन हैं, वे इस्लाम को बदनाम कर रहे हैं और इस बड़ी घटना के पीछे पाकिस्तान का हाथ है।

## हमारे लोगों के खून की एक-एक बूंद का बदला लिया जाएगा : चिराग पासवान

**एजेंसी। सोनीपत**



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शुक्रवार को सोनीपत के कुंडली स्थित निफ्टम संस्थान में पहुंचे। यहां पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने कायरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया है। इस हमले से देश के लोग आक्रोशित हैं। देशवासियों के आक्रोश की भावना से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पूरी तरह से सहमत हैं। इससे पहले जब पुलवामा में ऐसी घटना घटी थी, उस वक्त भी आतंकियों को और उनके आकाओं को केंद्र सरकार ने मुंह तोड़ जवाब दिया था। उन्होंने आगे कहा, "मैं देशवासियों को यह आश्वस्त कराना चाहता हूं कि हमारे लोगों के खून की एक-एक बूंद का बदला लिया जाएगा। आतंकियों और उनके आकाओं को अब बख्शा नहीं जाएगा। उनको उनकी ही भाषा में करारा जवाब दिया जाएगा।"केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए कड़े फैसलों को लेकर उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का फैसला बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि आने वाले समय में पाकिस्तान पानी की बूंद के लिए भी तरसेगा। हमारे देश की छह नदियों के पानी का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा, हम लोग उनके यहां देते थे। यह हमारी दोस्ती, इंसानियत और मानवता थी। लेकिन पाकिस्तान ने उसकी कद्र नहीं की।

पीएम मोदी का यह कड़ा फैसला आने वाले दिनों में पाकिस्तान, आतंकियों और उनके आकाओं को इस बात का एहसास दिलाएगा कि भारतीयों का खून बहाने का क्या नतीजा होता है। पहले भी हमने अपने जवानों की शहादत का बदला लिया है।

### श्रीनगर पहुंचे सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा

# पहलगाम में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की ले रहे हैं जानकारी

**एजेंसी। श्रीनगर**



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे हैं। यहां सेना के कमांडर्स ने जनरल द्विवेदी को मौजूदा हालात और आतंकियों के खिलाफ सेना द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा के मौजूदा हालात के बारे में भी जानकारी दी गई।
गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा पर कुछ जगहों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी हुई, जिसकी शुरुआत पाकिस्तान ने की थी। भारतीय सेना ने इसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आर्मी चीफ का यह दौरा काफी अहम है। भारतीय सेना प्रमुख यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का यह दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर जाएंगे। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान उन्हें आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है। जम्मू कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के टॉप कमांडर्स आर्मी चीफ को सैन्य संरचनाओं की भी जानकारी देंगे। आर्मी चीफ कश्मीर घाटी और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों द्वारा किए गए आतंकवाद विरोधी उपायों की भी जानकारी ले रहे हैं। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान सेना की 15 कोर के कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर मौजूद रहे। सेना प्रमुख अवंतीपोरा में विक्टर फोर्स के मुख्यालय का दौरा करेंगे। यह सेना का एक डिवीजन है जो दक्षिण कश्मीर में ऑपरेशन का प्रभारी है। वे फील्ड पर ऑपरेशनल कमांडरों से मिलेंगे और प्राप्त इनपुट्स की समीक्षा करेंगे। सेना प्रमुख को मौजूदा ऑपरेशन की स्थिति तथा निकट भविष्य के लिए तैयार किए जा रहे सुरक्षा तंत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। जनरल द्विवेदी अपने जम्मू कश्मीर दौरे के दौरान श्रीनगर में चिनार कोर के मुख्यालय का भी दौरा करेंगे। यहां वे उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सुचेंद्र कुमार तथा 15 कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव से मुलाकात करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में व्यापक सुरक्षा समीक्षा की जाएगी तथा सैन्य योजनाओं व आवश्यक बदलावों पर चर्चा की जा सकती है। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सेना ने इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ सघन अभियान चला रखा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद से सेना व सुरक्षाबलों ने संदिग्ध स्थानों की घेराबंदी कर रखी है। सेना बल हेलीकॉप्टर के जरिए भी निगरानी कर रही हैं।

### सेना प्रमुख ने उपराज्यपाल से की बात

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर के दौरे पर पहुंचे सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य अधिकारियों से साथ बैठक करके सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उपराज्यपाल ने सेना प्रमुख से पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और इसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के प्रयास तेज करने होंगे। बैठक में चर्चा के दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र को हमारी सेना, पुलिस और सीएपीएफ की बहादुरी और पराक्रम पर पूरा भरोसा है।उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम हमले के अपराधियों, समर्थकों और ओजीडब्ल्यू की पहचान करने, पूरी श्रृंखला का निरंतर तरीके से पीछा करने और उन्हें मार गिराने के लिए घनिष्ठ तालमेल में काम करना चाहिए। उपराज्यपाल ने शीर्ष सैन्य अधिकारी से कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के हर अपराधी और समर्थक की तलाश की जानी चाहिए। उन्हें हमारे नागरिकों के खिलाफ कायरतापूर्ण और नृशंस कृत्य की भारी कीमत चुकानी होगी। बैठक में मौजूद सुरक्षा तंत्र, विभिन्न अल्पकालिक, दीर्घकालिक उपायों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच एकीकरण और समन्वय की भी समीक्षा की गई। बैठक में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार, उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और 15वीं कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव शामिल हुए।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## मादक पदार्थों की तस्करी में युवक को 10 साल का कारावास

**मिजोरम।** विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनाए गए अपने फैसले में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत चंफाई जिले के बुआंग गांव निवासी सी. लालरिनसांगा (29) को दोषी ठहराया। मिजोरम के चंफाई जिले की एक विशेष अदालत ने मादक पदार्थों की तस्करी में युवक को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनाए गए अपने फैसले में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत चंफाई जिले के बुआंग गांव निवासी सी. लालरिनसांगा (29) को दोषी ठहराया। उसे हेरोइन और 'मेथाम्फेटामाइन' की गोलियों की तस्करी के लिए 10 साल की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 1.1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अधिकारी ने बताया कि लालरिनसांगा को फरवरी 2022 में 63 ग्राम हेरोइन और 95 किलोग्राम 'मेथाम्फेटामाइन' गोलियां रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

**एजेंसी। पटना**

सिविल कोर्ट को शुक्रवार को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कोर्ट में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की जांच की जा रही है। हालांकि, अभी तक की जांच में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। कोर्ट परिसर में एहतियाती कदम उठाए गए हैं। कोर्ट परिसर में किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं है। इससे पहले जनवरी 2024 में पटना हाईकोर्ट को भी इसी तरह बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पटना की एएसपी दीक्षा कुमारी ने कहा कि पटना सिविल कोर्ट को सुबह में एक धमकी भरा मेल मिला था। मेल में लिखा था कि कोर्ट में बम रखा गया है। कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था मौके पर है, कोर्ट से लोगों को बाहर निकाला गया है। जांच की जा रही है। डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्ता और एटीएस भी मौके पर है। जांच चल रही है। संभवतः यह फर्जी मेल था। बम की धमकी मिलने के बाद पुलिस की टीमें और बम निरोधक दस्ते को घटना की जानकारी दे दी गई है। पीरबहोर थाने की पुलिस मौके पर है और अन्य पुलिस अधिकारी भी कोर्ट पहुंचे हैं। मामले की जांच शुरू हो गई है। सुरक्षा उपायों के तहत डॉग स्क्वायड को भी तैनात किया गया है। पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की यह धमकी असम के गुवाहाटी हाईकोर्ट को इसी तरह की धमकी भरे मेल मिलने के तीन दिन बाद आई है। उस बम की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि पूरे परिसर को उड़ाने के लिए विस्फोटक रखे गए हैं। यह मेल खुद को 'मद्रास टाइगर्स' कहने वाले एक संगठन ने भेजा था। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह धमकी एक फर्जीवाड़ा निकली।


**कार्यालय:-जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।**
**Sadar Hospital Campus,Latehar.E-Mail ID: drhslatehar3@gmail.com**

पत्रांक................/(DHS), दिनांक............................../

**सूचना।**

राज्य नोडल पदाधिकारी, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड रांची के पत्रांक 50 (UH)दिनांक 03.06.2024 के आलोक में राष्ट्रीय भाहरीस्वास्थ्य मिशन(NUHM)के अन्तर्गत लातेहार जिले के शहरी क्षेत्रान्तर्गत एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, (U-PHC) की स्थापना एवं संचालन किया जाना है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, (U-PHC) की स्थापना एवं संचालन हेतु सरकार भवन उपलब्ध नहींरहने की स्थितिमें शहरी क्षेत्र (लातेहार) अन्तर्गत निचे अंकित विवरण के अनुसार किराये पर निजी भवन की अवश्यकता है।

| क्र0 | सुविधा | आवश्यक न्यूनतम कार पेट एरिया (स्क्वायर फिट में) |
|---|---|---|
| 1 | ओ0पी0डी0 रूम | 100 |
| 2 | औषधि भण्डार एवं वितरण | 80 |
| 3 | टीकाकरण/काउन्सिलिंग | 80 |
| 4 | स्टाफनर्स कक्ष, वेटिंग रूम व पंजीकरण | 150 |
| 5 | शौचालय 02 नग | 60 |
| 6 | वेलनेसकक्ष | 250 |
| योग | | 720 वर्गफुट |

जिले के शहरी क्षेत्रान्तर्गत निवास करने वाले इच्छुक मकान मालिक जो उपरोक्त विवरण के अनुसार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, (U-PHC) की स्थापना एवं संचालन हेतु अपना भवन किराये पर देना चाहते है, वो अपना आवेदन सभी दस्तावेजों **यथा भवन का नक्सा, के वाला, अद्यतन रशीद एवं होल्डिंग टैक्स इत्यादि की छाया प्रति** के साथ दिनांक 05.05.2025 तक जिला स्वास्थ्य समिति, कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, लातेहार में हाथों–हाथ जमा कर सकते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR.NO.351122 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D



**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि किसी भी तरह का सिंगल यूज प्लास्टिक 01 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित है। इसके आलोक में पुनः आप से आग्रह करते हुए सूचित किया जाता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें।

अन्यथा आपके विरुद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी एवं दंड की भी वसूली की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 351094 Urban Development (25-26)_D



**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद, गढ़वा के सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित नगरपालिका खुले में भौच से मुक्त घोषित है। अतः सभी नागरिकों को निदेशित किया जाता है कि खुले में शौच की अवहेलना ना करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके विरुद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई करते हुए दंड वसूला जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR.NO.351080 Urban Development(25-26):D

### भारत के वीजा रद्द करने के फैसले का असर

# अटारी-वाघा सीमा पर पाकिस्तानी पर्यटकों का लगा तांता

● पाकिस्तानी नागरिकों के पासपोर्ट की सख्ती से हो रही जांच




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार के उठाए सख्त कदमों के बाद शुक्रवार को कई पाकिस्तानी पर्यटक अटारी-वाघा सीमा से अपने देश जाते देखे गए। अटारी के एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर बीएसएफ के जवान पाकिस्तानी नागरिकों के पासपोर्ट की सख्ती से जांच कर रहे हैं। पूरी जांच के बाद ही उन्हें अपने वाहनों के साथ सुरक्षा बैरिकेड के पार जाने दिया जा रहा है।

अचानक हुए इस घटनाक्रम के बाद अटारी-वाघा सीमा पर कई पाकिस्तानी पर्यटक जुट गए। वे हालात को समझने और मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। अटारी सीमा पर एक पाकिस्तानी पर्यटक ने कहा, मेरे माता-पिता यहां हैं और मुझे दुख है कि मुझे इतनी जल्दी वापस जाना पड़ रहा है। एक और पर्यटक ने भावुक होते हुए कहा, हमें पिछली रात बताया गया कि अब आपको भारत छोड़ना होगा। चाहे हम हिंदू हों या मुस्लिम, हम सब भाई हैं।

अपने बच्चे के साथ पाकिस्तान लौटने की कोशिश कर रही एक महिला ने कहा, मैं अपने माता-पिता से मिलने भारत आई थी और अब वापस पाकिस्तान जाना चाहती हूं। मेरा बच्चा पाकिस्तानी है और उसका पासपोर्ट भी पाकिस्तानी है, जबकि मेरा पासपोर्ट भारतीय है। मेरी शादी पाकिस्तान में हुई है। मैं सरकार से गुजारिश करती हूं कि मुझे मेरे भारतीय पासपोर्ट पर जाने दिया जाए।

इस बीच, एक भारतीय नागरिक ने अपनी पत्नी के लिए चिंता जताते हुए कहा, मेरी पत्नी पाकिस्तान घूमने गई थी। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि मुझे उसे वापस लाने के लिए यहां आना पड़ा। भारत सरकार ने मार्ग बंद करने का फैसला किया। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने गुरुवार को पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है।

## कश्मीर के बाद पंजाब दहलाने की साजिश नाकाम



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उबाल अभी ठंडा नहीं हुआ है। पाकिस्तान की इक कायराना हरकत से जहां पूरे देश में आक्रोश और गुस्सा है, वहीं अब पंजाब के अमृतसर से हैरान परेशान करने देने वाली घटना सामने आई है। अमृतसर के अजनाला क्षेत्र के अंतर्गत भारत-पाक सीमा पर गांव साहोवाल के पास भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री (आरडीएक्स) और हथियार बरामद हुए हैं। इतनी बड़ी मात्रा में आरडीएक्स मिलने से हड़कंप मच गया है। यह विस्फोटक सामग्री से भरी दो बोरियां मिली है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतनी बड़ी मात्रा में आरडीएक्स और हथियार देश की सीमा पर भेजने के पीछे किसकी नापाक हरकत हो सकती है। जानकारी के अनुसार भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक स्थित गांव चक्क बाला दरिया में एक किसान के खेत से पंजाब पुलिस और बीएसएफ की 117 बटालियन की संयुक्त कार्रवाई में यह बरामदगी हुई है। गेहूं के खेत से दो बड़े पैकेटों में से 5 हैंड ग्रेनेड, 3 पिस्तौल, 8 मैगजीन, 220 जिंदा कारतूस, 4.5 किलो विस्फोटक (आरडीएक्स), 2 बैटरी चार्जर और 2 रिमोट बरामद हुए हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। पंजाब पुलिस और सेना की कई टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं और जांच जारी है।

### पहलगाम हमले में सूरत के शैलेशभाई कलथिया भी मारे गए

# पहलगाम में क्या हुआ कैसे हुआ था बताया शीतल बेन ने

● सभी के लिए न्याय चाहिए जो मारे गए




**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में तीन गुजरातियों की जान चली गई। जिसमें सूरत के शैलेशभाई कलथिया भी थे। बीते गुरुवार को उनके अंतिम संस्कार में हजारों की भीड़ के बीच केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल उनके परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। उस दौरान मृतक की पत्नी शीतलबेन ने आतंकी हमले के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा, 'पहलगाम में कोई सेना, कोई पुलिस नहीं थी। मैं मदद के लिए चिल्लाती रही। इतने बड़ा पर्यटन स्थल होने के बावजूद कोई मेडिकल कैंप नहीं था। आप लोग हेलिकॉप्टर पर घूमते हैं। आपकी जिंदगी जिंदगी है, टैक्स देने वालों की जिंदगी जिंदगी नहीं है?' केंद्रीय मंत्री चुपचाप सिर झुकाकर उनकी बातें सुनते रहे। बाद में उन्होंने कहा, 'हां बहन, जरूर, हम आपको न्याय दिलाएंगे। इस पर शीतल बेन ने कहा, 'बिल्कुल नहीं। हमें अब सरकार पर भरोसा नहीं है। पहले भरोसा था, इसलिए हम पहलगाम गए थे।' 'आतंकवादी हमारे सामने आते हैं और हिंदू-मुसलमान पूछकर सिर्फ हिंदुओं को गोली मार देते हैं। सेना क्या कर रही थी? मैं अपने बेटे को इंजीनियर, बेटी को डॉक्टर बनाना चाहती हूं। अब कैसे बनाऊंगी? मुझे न्याय चाहिए, मेरे लड़कों का भविष्य खराब नहीं होना चाहिए। मुझे न्याय चाहिए।' नेता बस फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं जब पाटिल ने कहा कि सरकार मदद करेगी, तो शैलेश कलथिया की पत्नी ने कहा, 'सरकार सिर्फ यही कह रही है कि हम कार्रवाई करेंगे, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। सरकार को ये भी नहीं पता कि अस्पताल में लोगों को सुविधाएं मिलीं या नहीं। पहलगाम में अगले दिन कर्फ्यू लग गया। सड़कें बंद थीं, सड़कों पर जहां भी देखो, 100-200 सेना के जवान खड़े थे।' केंद्रीय मंत्री के साथ गये कुछ नेताओं ने जब शीतलबेन को बोलने से रोकने की कोशिश की तो उन्होंने गुस्से में कहा, 'नहीं सर, आपको सुनना पड़ेगा। जब सब कुछ हो जाता है, तो हमारी सरकार आती है और फोटो खिंचवाकर चली जाती है। सरकार कहती है कि सेना के अधिकारी आए थे। पुलिस के अधिकारी आए थे। बाद में आकर आप लोग क्या करते हैं? मुझे बस न्याय चाहिए। सिर्फ अपने पति के लिए नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए न्याय चाहिए जिन्होंने वहां अपनी जानें गंवाई।' हम सरकार और सेना पर भरोसा करके घूमने गए। हमारे बच्चे सेना को देखकर सलाम करते हैं, लेकिन वही सेना कहती है कि तुम घूमने क्यों जा रहे हो। अगर हमारे देश की सेना ही ऐसा कहेगी तो और कौन बोलेगा।' 44 साल के शैलेश भाई सूरत शहर के चीकूवाड़ी इलाके के रहने वाले थे। वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर थे। चार साल पहले ट्रांसफर के चलते मुंबई चले गए थे। वे अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ पहलगाम घूमने गए थे, जब आतंकी हमले का शिकार हो गए। पहलगाम हमले में कुल 26 पर्यटकों की मौत हुई है। लगभग 20 लोग घायल हैं।

## पोप फ्रांसिस के ताबूत को सील करने की रस्म की तैयारी शुरू, राष्ट्रपति मुर्मु करेंगी दर्शन, अंतिम संस्कार आज

**वेटिकन सिटी (हि.स.)।** पोप फ्रांसिस के शनिवार को होने वाले राजकीय अंतिम संस्कार से पहले उनके ताबूत को सील करने की रस्म की तैयारी शुरू कर दी गई है। रोमन चर्च के कैमरलेंगो कार्डिनल केविन फैरेल दिवंगत पोप फ्रांसिस के ताबूत को सील करने की रस्म की अध्यक्षता करेंगे। इस धार्मिक रस्म में कई कार्डिनल और होली सी कार्यालय के अधिकारी शामिल होंगे। यह रस्म सेंट पीटर बेसिलिका में आज पूरी की जाएगी। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी अंतिम संस्कार के समय मौजूद रहेंगी।



## थाईलैंड : पुलिस विमान समुद्र में गिरा, छह लोगों की मौत

**बैंकॉक (आईएएनएस)।** थाईलैंड के हुआ हिन रिसॉर्ट शहर में शुक्रवार सुबह पुलिस विमान क्रैश हो गया। हादसे में छह लोगों की जान चली गई। थाई राष्ट्रीय पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर बताया कि पुलिस विमानन विभाग का विमान हुआ हिन हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद फेत्चाबुरी प्रांत के चा-आम जिले के पास समुद्र में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी छह लोग मारे गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई, जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भर रहा था। विमान में सवार सभी छह लोग पुलिस अधिकारी थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि विमान समुद्र में गिर रहा था। शुरुआती जांच में पता चला है कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद प्लेन के इंजन में खराबी आ गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकारा, वीर सावरकर पर दिए बयान को बताया गैर-जिम्मेदाराना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर दिए गए राहुल के विवादित बयान पर कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों को लेकर गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को राहत भी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इतिहास को समझे बिना राहुल गांधी इस तरह के बयान नहीं दे सकते हैं। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा, ''यदि भविष्य में इस प्रकार की टिप्पणी फिर से की गई, तो सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करेगा।'' कोर्ट ने आगे कहा, ''आप उन लोगों के बारे में कैसे ऐसा कह सकते हैं, जिन्होंने हमें आजादी दिलाई? कल को आप महात्मा गांधी को लेकर भी कुछ कह देंगे, क्योंकि उन्होंने सावरकर के लिए 'फेथफुल सर्वेंट' लिखा था?'' सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि महात्मा गांधी ने सावरकर को सम्मान दिया था और राहुल गांधी की दादी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी उन्हें एक पत्र लिखा था।




### आतंकवाद पर रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकारा 'सच'

# पाकिस्तान करता है 'गंदा काम'!

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया कि उनका देश आतंकवाद का समर्थन करता रहा है। एक इंटरव्यू के वायरल क्लिप में उन्हें कहते सुना जा सकता है कि पाकिस्तान पश्चिम के लिए दशकों से 'गंदा काम' करता रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आसिफ ने यह हैरान करने वाला बयान स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान दिया। आतंकियों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर गोलियां चलाई थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। इस हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया।



यह बयान स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान दिया गया है

वायरल वीडियो क्लिप में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री स्काई न्यूज की यल्दा हकीम से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। वह उनसे पूछती हैं, लेकिन आप मानते हैं, आप मानते हैं, महोदय, कि पाकिस्तान का इन आतंकवादी संगठनों को समर्थन, ट्रेनिंग और फंडिंग का एक लंबा इतिहास रहा है? ख्वाजा आसिफ ने अपने जवाब में कहा, हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं... यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

इंटरव्यू में आसिफ ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सुरक्षा उपाय लागू करने के लिए नई दिल्ली की आलोचना की। 22 अप्रैल के क्रूर आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं।

भारत ने पाकिस्तान के साथ वर्ष 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, जैसे कई कदम उठाए हैं।

# ट्रंप डाल-डाल तो चीन पात-पात

● 245% ट्रम्पिया टैरिफ की काट के लिए चीनी कंपनियां 26 गुना कम दाम पर सीधे फैक्ट्री से टिक-टॉक के मार्फ़त अमेरिका में सामान बेचने लगीं

**-ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** अमेरिकी 245% ट्रम्पिया टैरिफ की काट के लिए चीन की कंपनियों ने जो तरीका अपनाया है , उससे अमेरिकी उपभोक्ता सीधे चीन की फैक्ट्री से 26 सस्ते दर पर सामान मंगाने लगे हैं। इसके लिए टिक - टाक व उसके जैसे अन्य सोशल मीडिया टूल का उपयोग करने लगे हैं। इसके चलते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ फ़रमान की हवा निकलने लगी है। इस तरह चीन की फैक्ट्रियां अब सोशल मीडिया को नया हथियार बना ली हैं। चीन की कंपनियां अमेरिकी उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए सीधे कह रही हैं- ब्रांड को भूलो, फैक्ट्री से सीधे वही सामान खरीदो।वो भी बहुत ही कम दाम में। अमेरिका में बिक रहे प्रोडक्ट की तुलना में 26 गुना तक कम दाम पर। ऐसे ही एक वीडियो जिसे चीन के वीडियो बनाने वाले वांग सेन का बनाया वीडियो टिक टॉक पर 2 करोड़ बार देखा जा चुका है। वीडियो में वह खुद को मूल निर्माता बता रहा है और हर्मेस जैसे महंगे ब्रांड के बैग्स दिखा रहा है। जिसमें वह कह रहा है, आप सीधे हमसे क्यों नहीं खरीदते? वह अमेरिका में 1 लाख में बिकने वाले प्रोडक्ट को 5 हजार में देने का दावा कर रहा है। एक अन्य यूजर ह्यूआंग शी शनैल व बिरकेंस्टॉक जैसे ब्रांड के प्रोडक्ट भी काफी कम कीमत में देने की बात करता है। कम दाम में बेचने की यह रणनीति इसलिए भी कारगर हो रही है कि अमेरिका में 60 हजार रु. से कम के पार्सल पर डी मिनिमिस एक्जम्पशन नीति के तहत कस्टम ड्यूटी नहीं लगती। इसी लूपहोल के मार्फत टेमू, अली एक्सप्रेस व अन्य शॉपिंग प्लेटफॉर्म सीधे अमेरिकी उपभोक्ताओं तक पहुंच रहे हैं। जिसकी भनक ट्रम्प प्रशासन को लग गई है। सो अब डी मिनिमिस एक्जम्पशन नीति को ही खत्म करने की योजना बनाने पर विचार होने लगा है।

## पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत वापस भेजने का आदेश, शाह ने मुख्यमंत्रियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त फैसले लिए हैं। इनमें से एक फैसला पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके वतन भेजने का है। इस संबंध में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिए कि पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजा जाए। अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें तुरंत वापस पाकिस्तान भेजने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी नागरिकों के सभी वीजा रद्द करने के निर्देश भी जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित सभी वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाएं। इसके साथ ही, सभी राज्य अपने क्षेत्र में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को खोज-खोजकर उनकी वापसी सुनिश्चित करें। गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा कि पाकिस्तान से आए सभी लोगों को जल्द से जल्द अपने-अपने राज्यों से हटाया जाए। इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पहले, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि सरकार की ओर से लिए गए निर्णय के तहत पाकिस्तानियों को जारी वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि, यह निर्णय उन हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों पर लागू नहीं होता, जिन्हें पहले से दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) जारी किए जा चुके हैं। रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि 24 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान के नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित करने का निर्णय पहले से जारी हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) पर लागू नहीं होता। ऐसे वीजा वैध बने रहेंगे।



### कहानी फिल्म जगत की



# पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी सुनील शेट्टी की 'केसरी वीर'

### ट्रेलर 29 अप्रैल को मुंबई में लॉन्च होगा

लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' इस समय चर्चा में है, लेकिन सुनील शेट्टी की यह फिल्म पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी। फिल्म निर्माता कनु चौहान ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यह बड़ा फैसला लिया है। सुनील शेट्टी की यह फिल्म 16 मई को भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और उत्तरी अमेरिका जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर 29 अप्रैल को मुंबई में लॉन्च किया जाएगा। इस ऐतिहासिक एक्शन-ड्रामा में सूरज पंचोली, विवेक ओबेरॉय और आकांक्षा शर्मा भी हैं। फिल्म के निर्माता कनु चौहान ने दिए इंटरव्यू में खुलासा किया, "मैंने अपने विदेशी वितरक से कहा है कि मैं नहीं चाहता कि मेरी फिल्म पाकिस्तान में रिलीज हो। मैं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैंने यह बड़ा फैसला लिया है। अब 'केसरी वीर' पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी। यह आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को मेरी श्रद्धांजलि है। यह मेरा स्टैंड है।"

फिल्म 'केसरी वीरः लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' दर्शकों के सामने उन अज्ञात योद्धाओं की कहानी पेश करेगी, जिन्होंने 14वीं शताब्दी में ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस पीरियड ड्रामा में सूरज पंचोली, विवेक ओबेरॉय, सुनील शेट्टी और आकांक्षा शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। आकांक्षा फिल्म 'केसरी वीरः लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म 'केसरी वीरः लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' का निर्देशन प्रिंस धीमान ने किया है और इसका निर्माण चौहान स्टूडियो के तहत कनु चौहान ने किया है।



## न्यूज | बॉक्स

### राज्यपाल से मिला आदिवासी छात्र संघ



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को आदिवासी छात्र संघ का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट किया। शिष्टमंडल ने गुमला जिला अंतर्गत प्रस्तावित विश्वविद्यालय एवं छात्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गुमला में निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का नाम पंखराज बाबा कार्तिक उरांव विश्वविद्यालय रखने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति तथा विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराए जाने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### राजद का कैंडल मार्च आज

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है। आज रांची जिला राजद की ओर से राजद के जिला व प्रदेश एवं प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी को इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### झारखंड को बार-बार शर्मशार नहीं करें सुदिव्य सोनू : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के मंत्री सुदिव्य सोनू के बयान पर पलटवार किया।

श्री मरांडी ने कहा कि कल चारों ओर से जग हंसाई होने के बाद यह उम्मीद थी कि सुदिव्य सोनू को पहलगाम जैसे संवेदनशील आतंकी हमले पर व्यंग्य करने की अपनी गलती का एहसास हुआ होगा। लेकिन दुर्भाग्यवश, उन्होंने अपनी सीमाएं लांघ दीं और शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फिर से अपने मानसिक दिवालियापन का परिचय दिया। कहा कि पूरा देश जानता है कि 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या का कारण उनका हिंदू होना था। अगर सुदिव्य कुमार सच बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे, तो कम से कम उन्हें ऐसे गैरज़िम्मेदाराना बयान देकर झारखंडवासियों को शर्मिंदा करने से बचना चाहिए।

### आतंकी हमले में मारे गए आईबी अधिकारी के परिजनों से मिले संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिल्ली से रांची पहुंचे। इसके तुरंत बाद वे पहलगाम के आतंकवादी हमले में बलिदान हुए आईबी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से झालदा (पश्चिम बंगाल) में उनके घर जाकर मुलाकात किया। परिवार जनों से मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा भारत मनीष के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवादी हमले का दुस्साहस करने वाले और पर्दे के पीछे की साजिश में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। नागरिकों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उन आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने को भारत तैयार है। इस घटना के जिम्मेदारों पर कठोरतम कार्रवाई मोदी सरकार की दृढ़ प्रतिज्ञा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके परिवार वाले को हर संभव सहायता करने की बात कही।

### जनता के जख्मों पर नमक : विनोद कुमार पांडेय

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेता विनोद कुमार पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के उस घृणास्पद और शर्मनाक कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें उन्होंने गुलमर्ग, कश्मीर में अपनी 25वीं शादी की सालगिरह को वीवीआईपी सुरक्षा की आड़ में एक अय्याशी भरे तमाशे में बदल दिया। 14 अप्रैल 2025 को आयोजित यह शाही जलसा सत्ता के नशे, जनता के प्रति घोर असंवेदनशीलता और भाजपा की जनविरोधी नीतियों का वह काला चेहरा है, जिसे अब कोई ढंक नहीं सकता। जब कश्मीर आतंकी खतरों की चपेट में था, तब भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर अपनी निजी खुशियों का जश्न मना रहे थे। यह जनता के खून-पसीने की कमाई और देश की सुरक्षा के साथ खुला विश्वासघात है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत उनके तमाम वैसे भोंपूओं को इसपर भी अपना विचार व्यक्त करना चाहिए, जो रोज झारखंड में आदिवासी युवा मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी की सरकार के बारे में अनर्गल प्रलाप करते हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**बूंद-बूंद पानी को तरसेगा...**
बदलती परिस्थितियों, जैसे जनसंख्या में भारी वृद्धि, स्वच्छ ऊर्जा विकास की आवश्यकता और जल बंटवारे से जुड़े मूलभूत अनुमानों में बदलाव का जिक्र किया गया है। भारत का कहना है कि इन कारणों से संधि के विभिन्न अनुच्छेदों और अनुबंधों के तहत दायित्वों की पुनः समीक्षा जरूरी है। पत्र में पाकिस्तान पर संधि का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया गया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद को लगातार बढ़ावा दिया है, जिसके कारण सुरक्षा अनिश्चितताओं ने भारत को संधि के तहत अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग करने में बाधा डाली है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने संधि के तहत वार्ता शुरू करने के भारत के अनुरोध का जवाब नहीं दिया, जो संधि का पूरी तरह से उल्लंघन है। देवश्री मुखर्जी ने पत्र में स्पष्ट किया था कि संधि को निलंबित करने का निर्णय भारत सरकार ने गहन विचार-विमर्श के बाद लिया है। भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि सिंधु जल संधि 1960 को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा। ज्ञात हो कि सिंधु जल संधि 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी। इसके तहत भारत ने तीन पूर्वी नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार रखा था, जबकि तीन पश्चिमी नदियों का बहाव पाकिस्तान को दिया गया था।

**प्रत्यक्षदर्शी महिला की शिकायत पर...**
लोग बायसरन से 500 मीटर पहले एक जगह तक गए। वहां पर वह संदिग्ध था, जिसका स्केच जारी हुआ है। उसे हम पहचान रहे हैं। उसके साथ एक लड़का भी था। पहले हम लोगों को लगा कि वह खच्चर वाले हैं। उसने मुझसे पूछा कि आपका क्या नाम है? महिला ने जवाब दिया कि मेरा नाम एकता है और राजस्थान से हूं। उसने फिर मुझसे कहा कि आप अजमेर गई हो? मैंने कहा कि मैं अजमेर नहीं गई हूं। फिर उसने कहा कि आप अपने नाम के आगे क्या लगाती हैं? महिला ने कहा कि मैं एकता ही लिखती हूं। इसके बाद उसने पूछा कि कितने लोग आए हैं और कौन-कौन साथ आया है? महिला ने बताया कि बातचीत के दौरान संदिग्ध ने उनसे उनका धर्म भी पूछा। साथ ही कहा रहा था कि कुरान पढ़ो, कुरान हिंदी में भी है। मैं उसका टीचर भी रहा हूं। महिला ने बताया कि जब मैंने उससे कहा तो आप खच्चर क्यों चलाते हो, तो वह चुप हो गया। इस बातचीत के दौरान उसका फोन आ जाता है। फोन पर वह किसी से कहता है कि 20 लोगों का ग्रुप आ रहा है। बातचीत के दौरान ही महिला ने सुना वह फोन पर बोल रहा था कि ब्रेक फेल नहीं हो पाया... प्लान बी। 35 बंदूक मैंने घाटी भिजवा दी हैं। बॉक्स भी पूरा भेज दिया है। फिर महिला ने अपने पति से कहा कि उसका फोटो ले लो चुपके से।

# देश की राजनीतिक नेतृत्व इतना असंवदेनशील की राष्ट्रीय शोक की घोषणा नहीं हुई : सुदिव्य

### डॉ रवींद्र कुमार राय को भी थोड़ा भूगोल का अध्ययन करा देते नेता प्रतिपक्ष

### झारखंड की कोई सीमा अंतरराष्ट्रीय सीमा से नहीं लगती



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को दिए बयान के बाद स्पष्टीकरण देने के लिए शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि मैं कभी मीडिया पर लांछन या आरोप नहीं लगाता हूं कि मेरे बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। कल के बयान को मैंने बिल्कुल सोच समझ कर कहा है। आप मेरा बॉडी लैंग्वेज देखें। पत्रकार ने गलत सवाल किया था उन्होंने कहा था कि पुलवामा के घटना पर आपका क्या कहना है। मैंने पत्रकार को करेक्ट किया था कि पुलवामा नहीं पहलगाम की घटना के बारे में पूछे। कैसे आप सोच रहे हैं कि पहलगाम की घटना पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को इस्तीफा देना चाहिए। यह स्लीप ऑफ टंग है यह पूछे जाने पर कि आप तो गृह मंत्री का भी इस्तीफा मांग सकते थे। उन्होंने कहा कि यह काम तो आपका था जो हमने किया।

उन्होंने कहा कि आज की राजनीतिक जमात में तीन तरह के लोग हैं एक पढ़े लिखे लोग, एक अनपढ़ और कुछ कुपढ़ लोग हैं। सबसे दुर्भाग्य है कि कुपढ़ों की जमात यहीं ज्यादा दिखती है। कल के मेरे बयान पर भूगोल के ज्ञान पर बहुत सारी चीजें मुझे बताई गई। कल के बयान में मैंने स्पष्ट कहा था कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्याओं के लिए हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू इस्तीफा दें। यह हमने इसलिए कहा था कि आजाद भारत में सार्वजनिक जीवन के लिए बड़े उच्च नैतिकतावादी मानदंडों की स्थापना हमारें पूर्ववर्ती नेताओं ने की है।

1956 में एक रेल दुघर्टना के बाद तत्कालीन रेलमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिया था। प्रधानमंत्री कल जिस बिहार की धरती पर नीतीश कुमार के साथ बैठे थे। 1999 के एक रेल दुर्धटना के समय में तात्कालिक रेल मंत्री नीतीश कुमार ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिया था। 2008 में मुंबई हमले के बाद तत्कालिक गृहमंत्री शिवराज सिंह पटेल ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिया था। चूंकि देश का गृह मंत्री इतनी बड़ी घटना को रोकने में विफल रहे थे।

मुझे आश्चर्य इस बात का है कि मेरे पत्रकार बिरादरी जो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है उसने 28 लोगों के मारे जाने के बाद किसी पर जवाबदेही फिक्स करने की बात नहीं कही। आखिर विफलता किसकी थी। भरतीय जनता पार्टी नेता प्रतिपक्ष ने मेरे बयान को फूहड़ बताया। मैंने तो सिर्फ यही कहा था कि अब इस नए बदले हुए भारत में घटनाओं की जवाब फिक्स नहीं होती। कल गिरिडीह में दिए उनके कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय का भी बयान उलट कर देखना चाहिए। झारखंड से लगने वाली अंतरराष्ट्रीय विदेशी सीमा का जो उन्होंने जिक्र किया है तो डॉ रवींद्र कुमार राय को भी थोड़ा भूगोल का अध्ययन करा देते कि झारखंड की कोई सीमा अंतरराष्ट्रीय सीमा से नहीं लगती। देश ने 1956 से सबक नहीं लिया, 1999 में नीतिश कुमार के इस्तीफ से सबक नहीं लिया, 2008 में मुंबई हमले के बाद शिवराज सिंह पटेल से सबक नहीं लिया तो इस नए भारत में घटनाओं के बाद अगर जवाबदेह लोग इस्तीफा नहीं दे रहे हैं तो गैर जवाब देह लोगों को इस्तीफा देना चाहिए।


## समाहरणालय, लातेहार
## (आपूर्ति शाखा)

### अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अंतर्गत लातेहार जिला में कुल 13 (तेरह) केन्द्र संचालित हैं। शहरी क्षेत्र/नगर पंचायत के प्रत्येक केन्द्र में प्रतिदिन 400 गरीब व्यक्तियों एवं ग्रामीण प्रखण्ड के प्रत्येक केन्द्रों में प्रतिदिन 200 गरीब व्यक्तियों को 5 (पांच) रूपये की दर से प्रत्येक दिन एक समय का खाना खिलाया जाना है। खाना में दाल–भात के साथ सप्ताह में 4 दिन चना एवं 3 दिन सोयाबीन बड़ी की सब्जी देनी है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के प्रति केन्द्र प्रतिदिन 5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी, नगर पंचायत क्षेत्रों के प्रति केन्द्र 3.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति केन्द्रों में प्रतिदिन 2.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी उपलब्ध करायी जानी है। उक्त सामग्री आपूर्ति के लिए लातेहार बाजार समिति से संबद्ध अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अनुज्ञप्तिधारी दिनांक–03.05.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे तक चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी का मूल्य निर्धारण कर बंद लिफाफा में निविदा जिला आपूर्ति शाखा, लातेहार के बंद बक्से में डालेंगे तथा दिनांक–05.05.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे दर का निर्धारण एवं सामग्रियों के साथ जांच निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निविदा में निर्धारित दर एवं बाजार समिति द्वारा निर्धारित दर को मिलान करने के पश्चात् न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवता वाले खाद्यान्न सामाग्रियों के अनुज्ञप्तिधारी का चयन कर आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर उपलब्ध है जिस पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.351082 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-02/2025-26

पत्रांकः–343 दिनांक :–25.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 02.05.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 03.05.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 03.05.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0 1 चतरा का कार्यालय। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0 1 चतरा का कार्यालय। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Raising of Height of Boundary Wall, Fixing of concertina coil, construction of Morcha, gate & approach path at Magistrate Colony Chatra | 13,81,600.00 | 28000.00 | 2500.00 | 02 Months |

नोटः–निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचनापट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR 351113 Building(25-26)D

## कार्यालय : जिला परिषद,चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 01 (एक) अदद दूकान को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए **दिनांक 15/05/2025 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवदेन पत्र समर्पित कर सकते है :–

**शर्त :–**
1. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दूकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दूकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दूकान आवंटित है, उसे दूकान आवंटित नहीं की जायेगी। जॉच के क्रम में गलत पाये जाने पर आवंटिक दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दूकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दूकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10'x10' का दूकान ) एवं (9'x8' का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8.75/प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है, जिसका प्रति दूकान कुल मासिक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रत्येक अगले तीन वर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. निर्धारित मासिक किराया प्रत्येक माह कार्यालय में आकर जमा करना आवश्यक होगा।
10. लगातार तीन माह तक मासिक किराया नही देने पर लम्बित किराया का 10% अतिरिक्त भुगतान करना आवश्यक होगा।
11. लगातार छः माह तक मासिक किराया नही देने पर कानुनी कार्रवाई करते हुए आवंटित दूकान को खाली कराया जायेगा एवं राशि वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद दायर किया जायेगा।
12. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगिक करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, चतरा

PR 351105 District(25-26).D

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
## (कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा।)

निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 825 (6) राँची दिनांक 22.04.2025 के आलोक में क्षेत्राधिकार अंतर्गत MPCS में सदस्यता वृद्धि हेतु गढ़वा जिला में सदस्यता वृद्धि अभियान दिनांक 25.04.2025 से 24.05.2025 तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक परिवार से मात्र एक व्यस्क व्यक्ति को सदस्यता प्रदान किया जाना है।

शिविर के आयोजन से संबंधित कार्यकम निम्न प्रकार है:–

| क0 | शिविर की तिथि | प्रखण्ड का नाम | लैम्पस/पैक्स का नाम | शिविर का स्थान | शिविर में भाग लेने वाले प्रभारी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी का नाम | जिला स्तरीय पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 25-04-2025 | गढ़वा | अंचला पैक्स, बिरबंधा पैक्स, भदुमा पैक्स, | अंचला पैक्स | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 2 | | कांडी | कांडी पैक्स, डुमरसोता पैक्स, लमारीकला पैक्स, | डुमरसोता पैक्स | श्री उदय कमल | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 3 | | कांडी | राणाडीह पैक्स, शिवपुर पैक्स, खरसोता पैक्स, | राणाडीह पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 4 | | मेराल | विकताम पैक्स, , ओखरगाड़ा पू0 पैक्स, ओखगाड़ा प0 पैक्स, | ओखरगढा पश्चिम पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 5 | | मेराल | गोंदा पैक्स, गेरूआ पैक्स, हसनदाग (रेजो पैक्स) | गोंदा पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 6 | | मेराल | तेनार पैक्स, पडुआ पैक्स, लोआदाग पैक्स, | तेनार पैक्स | श्रीमती संझा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 7 | 26-04-2025 | डंडई | जरही पैक्स, तसरार पैक्स, झोतर पैक्स, पचौर पैक्स, रारो पैक्स, | जरही पैक्स | काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 8 | | धुरकी | धुरकी पैक्स, खुटिया पैक्स, खाला पैक्स | धुरकी | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 9 | | गढ़वा | बाना मंशुरिया पैक्स, करूआकला पैक्स | बाना मंसुरिया पैक्स | श्री पासक्ल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 10 | 28-04-2025 | केतार | लोहरगड़ा पैक्स, परसोडीह पैक्स, मुकुन्दपुर पैक्स, पाचाडुमर पैक्स | मुकुन्दपुर पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 11 | | कांडी | चटनिया पैक्स, गरदाहा पैक्स, मझिमॉवा पैक्स, | मझिगावॉं पैक्स | श्री उदय कमल | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 12 | 29-04-2025 | चिनियाँ | चिनियाँ पैक्स, डोल पैक्स, बरवाडीह पैक्स, | चिनियाँ पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 13 | | रंका | बाहाहारा पैक्स, माणपुर पैक्स, खपरो पैक्स, | बहाहारा पैक्स | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 14 | | गढ़वा | दुबे मरहटिया, परिहारा पैक्स, मध्या, तिलदाग, | दुबे मरहटिया पैक्स | श्री पासक्ल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 15 | | धुरकी | टाटीदीरी पैक्स, अम्बाखोरिया पैक्स, गनियारी कला पैक्स | टाटीदीरी पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 16 | | खरौंधी | अमरोरा पैक्स, सिसरी पैक्स, आरंगी पैक्स, कृपा पैक्स, | आरंगी पैक्स | श्री काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 17 | 30-04-2025 | केतार | केतार पैक्स, बालीगढ़ पैक्स, परतीकुशवाणी पैक्स | बालीगढ़ पैक्स | श्री उदय कमल | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 18 | | मेराल | पेशका पैक्स, गेरूआसोती पैक्स, चामा पैक्स | पेशका पैक्स | श्रीमती संझा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 19 | | रमना | टण्डवा पैक्स, करनपुरा पैक्स, गम्हरिया पैक्स, | करनपुरा पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 20 | 2/5/2025 | रमना | रमना पैक्स, सिलिदाग पैक्स, मण्डवानियाँ पैक्स,, | सिलिदाग पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 21 | | खरौंधी | खरौंधी पैक्स, सुण्डी पैक्स, राजी पैक्स, | खरौंधी | श्री उदय कमल | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 22 | | बरडीहा | ओबरा पैक्स, बरडीहा पैक्स, सलगा पैक्स | बरडीहा पैक्स,योगेन्द मेहता का दूकान | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 23 | | सगमा | सगमा पैक्स, बीरबल पैक्स, | सगमा | श्री काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 24 | 3/5/2025 | भवनाथपुर | अरसली द0 पैक्स, भवनाथपुर पैक्स, चपरी पैक्स | भवनाथपुर पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 25 | 6/5/2025 | खरौंधी | चॉदनी पैक्स, करवाडीह पैक्स, सिसरी पैक्स | खरौंधी | श्री काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 26 | | मेराल | करकोमा पैक्स, बाना पैक्स, आरंगी पैक्स, चचरिया पैक्स | करकोमा पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 27 | | मेराल | मेराल पू0 पैक्स, मेराल प0 पैक्स, संगबरिया पैक्स | संगबरिया पैक्स | श्रीमती संझा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 28 | | रमकंडा | चेटे पैक्स, विराजपुर पैक्स, बलिगढ़ पैक्स, हरहे पैक्स | बलिगढ पैक्स | श्री पासक्ल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 29 | 6/5/2025 | बड़गड़ | बड़गड़ लैम्पस, टेहरी लैम्पस, परसवार लैम्पस, मदगड़ी (च) लैम्पस | टेहरी लैम्पस | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 30 | | कांडी | पतरिया पैक्स, पतिला पैक्स, बलियारी पैक्स | पतिला पैक्स | श्री उदय कमल | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 31 | | विशुनपुरा | विशुनपुरा पैक्स, अमहरखास पैक्स | विशुनपुरा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 32 | 7/5/2025 | मझिआंव | पुरहे पैक्स, करूई पैक्स, सोनपुरवा पैक्स, बोदरा पैक्स | टडहे पंचायत भवन | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 33 | 8/5/2025 | विशुनपुरा | पिपरी कला पैक्स, पतिहारी पैक्स, सारंग पैक्स | पिपरी कला पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 34 | | चिनियाँ | हेताड़कला पैक्स, रणपुरा पैक्स, बिलैतीखैर पैक्स, | बिलैतीखैर पैक्स | श्रीमती संझा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 35 | | कांडी | हरिहरपुर पैक्स, घटहुआ पैक्स, | घटहुआ पैक्स | श्री उदय कमल | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 36 | | सगमा | सोनडीहा पैक्स, कटहरकला पैक्स, | सोनडीहा पैक्स | श्री काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 37 | | गढ़वा | संग्रकला पैक्स, प्रतापपुर पैक्स | संग्रहकला पैक्स | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 38 | 9/5/2025 | मेराल | पेशका पैक्स, गेरूआसोती पैक्स, चामा पैक्स | पेशका पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 39 | 13/5/2025 | नगरउटारी | नगरउटारी पैक्स, अघौरा भोजपुर पैक्स, | अघौरा भोजपुर पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 40 | | नगरउटारी | पिपरडीह पैक्स, चितविश्रामपुर पैक्स, | चितविश्राम पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 41 | | रंका | भौरी पैक्स, चुतरू पैक्स, बेलमादामर पैक्स, | भौरी पैक्स (गोदरमाना हाई स्कूल के पास समुदायिक भवन में) | श्री काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 42 | 14-05-2025 | रमना | हरदागकला पैक्स, भागोडीह पैक्स | भागोडीह पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 43 | | रंका | तमगेकला पैक्स, कंचनपुर पैक्स, रंका पैक्स, खरडीहा पैक्स | रंका पैक्स | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 44 | | धुरकी | भण्डार पैक्स, रक्सी पैक्स | रकसी | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता |
| 45 | | बरडीहा | जतरो बंजारी पैक्स,सुखनदी पैक्स एवं आदर एम0पी0सी0एस0 | आदर पंचायत भवन | श्री काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 46 | 15-05-2025 | गढ़वा | फरहटिया पैक्स, उड़सुंगी पैक्स, बेलचम्पा पैक्स, | फरहटिया पैक्स | श्रीमती संझा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 47 | | भवनाथपुर | सिंदुरिया पैक्स, मकरी पैक्स | मकरी पैक्स | श्री उदय कमल | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 48 | 16-05-2025 | रमकंडा | रमकंडा पैक्स, रक्सी पैक्स, उदयपुर पैक्स, | रमकंडा पैक्स | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 49 | | मझिआंव | खरसोता पैक्स,मोरवे पैक्स | मोरवे पंचायत भवन | श्री काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 50 | | भण्डरिया | बिजका लैम्पस, मदगड़ी क लैम्पस, पार्ट लैम्पस | मदगड़ी (क) लैम्पस | श्री पासक्ल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 51 | | नगरउटारी | गरबांध पैक्स जंगीपुर पैक्स, पाल्हेकला पैक्स | गरबांध पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 52 | | नगरउटारी | हलिवंता पैक्स, कुम्बाखुर्द पैक्स, पुरैनी पैक्स, विलासपुर पैक्स | हलिवंता पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 53 | 17-05-2025 | गढ़वा | कल्याणपुर पैक्स, छतरपुर पैक्स, चिरौंजिया पैक्स, | कल्याणपुर पैक्स | श्रीमती संझा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 54 | | रंका | विश्रामपुर पैक्स,कटरा पैक्स, सेवाडीह पैक्स | सेवाडीह पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 55 | 20-05-2025 | भण्डरिया | भण्डरिया लैम्पस, जनेवा लैम्पस,करचाली लैम्पस, | भण्डरिया लैम्पस | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 56 | | डण्डा | डण्डा पैक्स, भिखही पैक्स, छपरदगा पैक्स | भिखही पैक्स | श्री काशी प्रसाद | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 57 | | कांडी | गाड़ाखुर्द पैक्स, खरौंधा पैक्स | गाडाखुर्द पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 58 | | नगरउटारी | कुशदण्ड पैक्स, अहिरपुरवा पैक्स | अहिरपुरवा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 59 | 22-05-2025 | मझिआंव | रामपुर पैक्स,करमडीह पैक्स ,मझिआंव कला पैक्स, तलसबरिया पैक्स | करमडीह पैक्स | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 60 | | रमना | बाहियारकला पैक्स, बाहियारखुर्द पैक्स,बुल्का एम0पी0सी0एस0 | बाहियारकला पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 61 | 24-05-2025 | गढ़वा | जाटा पैक्स, ओबरा पैक्स | जाटा पैक्स | श्री संजय मिंज | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 62 | | डंडई | सोनेहरा पैक्स, डंडई पैक्स, करके पैक्स, लवाहीकला पैक्स, | डंडई पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |

सदस्यता ग्रहण करने हेतु समिति के अध्यक्ष/प्रबंधकारिणी को (प्रपत्र–V) में आवेदन करते हुए 10 रूपये सदस्यता शूल्क तथा 100 रूपये हिस्सा पुँजी मद में कुल–110 रूपये जमा करना होगा। समिति के द्वारा 15 दिनों के अन्दर नये सदस्यों को सदस्यता प्रदान कर दी जायेगी। यदि समिति के अध्यक्ष द्वारा सदस्य बनाने में कोताही बरती जाती है तो योग्य व्यक्ति जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा/सहायक निबंधक, सहयोग समिति, गढ़वा अंचल, गढ़वा के कार्यालय में आवेदन पत्र (प्रपत्र–V) तथा अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड) छायाप्रति समर्पित करेंगे।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 351071 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)

## पहलगाम हमले के बाद पाक हॉकी टीम का एशिया कप दौरा खतरे में



**एजेंसी**

**मुंबई।** पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, इस साल बाद में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा बढ़ते तनाव के मद्देनजर संदेह के घेरे में है।

भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। यूरोप स्थित वेबसाइट टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम के

## ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए मैच अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर : सलीमा टेटे



**पर्थ।** एक महीने लंबे सीनियर नेशनल ट्रेनिंग कैंप के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पांच मुकाबले खेलेगी। दौरे की शुरूआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में विश्व की पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई सीनियर महिला टीम के साथ तीन मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां उन्होंने दो जीत और एक शूटआउट जीत हासिल की। टूनामेंट के अंत में टीम ने विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में बोनस अंक हासिल कर शानदार समापन किया। इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। सलीमा टेटे टीम की कप्तान होंगी और नवनीत कौर उपकप्तान के रूप में उनका साथ देंगी। युवा ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग में तीन गोल किए थे, अपनी अच्छी फॉर्म को बनाए रखने के लिए तैयार हैं। अनुभवी गोलकीपर सविता इस दौरे पर भी टीम के डिफेंस की अगुवाई करेंगी, जिन्होंने हाल ही में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए हैं। इस टीम में पांच नए चेहरे- ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे शामिल किए गए हैं, जो इस दौरे पर पहली बार सीनियर टीम के लिए खेल सकती हैं। यह दौरा इन युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और उच्च स्तर की हॉकी के दबाव को समझने का अच्छा अवसर है। सीरीज से पहले कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, हम पर्थ पहुंचकर बहुत उत्साहित हैं। यह हमारे लिए मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने और मैच का अनुभव हासिल करने का सुनहरा मौका है। इससे हमें अपनी टीम संयोजन और रणनीतियों को समझने में मदद मिलेगी, जो यूरोप में होने वाले प्रो लीग और इस वर्ष के महिला एशिया कप के लिए उपयोगी होगा। सभी खिलाड़ी, विशेषकर नए खिलाड़ी, इस अनुभव से अधिक से अधिक सीखना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया हमेशा से एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 16 मुकाबले हुए हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 जीते हैं और 3 बराबरी पर रहे हैं। हालांकि, भारत को प्रो लीग 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 की हालिया जीत से आत्मविश्वास मिला है, जिसे वे इस दौरे में आगे बढ़ाना चाहेंगे। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, बेंगलुरु में ट्रेनिंग कैंप के दौरान खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है। यह दौरा हमें यह जानने में मदद करेगा कि हम कहां खड़े हैं। हमारा उद्देश्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देना, टीम में गहराई बनाना और नए संयोजन आजमाना है।



## चेन्नई ने हैदराबाद को दिया 155 रन का टारगेट

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का 43वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच एक करो या मरो की जंग है। दोनों टीमें पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे हैं, प्रत्येक के 8 मैचों में केवल 2 जीत और 4 अंक हैं। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दोनों को अपने बाकी 6 मैच जीतने होंगे। चेन्नई में सनराइजर्स हैदराबाद का सीएसके के खिलाफ रिकॉर्ड खराब रहा है, जहां उन्होंने कभी जीत हासिल नहीं की। बहरहाल, सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। चेन्नई के लिए आयुष म्हात्रे ने 30, डेवाल्ड ब्रेविस ने 42 रन बनाकर स्कोर 154 तक पहुंचाया।

**चेन्नई सुपर किंग्स 154-10 (20 ओवर)**

शेख रशीद और आयुष म्हात्रे चेन्नई के लिए ओपनिंग पर आए। वह आईपीएल में ओपनिंग करने वाली दूसरी सबसे युवा जोड़ी बनी। लेकिन शेख पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। सैम कुरेन महज 9 रन ही बना पाए। म्हात्रे ने 6 चौके लगाए लेकिन 19 गेंदों पर 30 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद रविंद्र जडेजा और देवाल्ड ब्रेविस क्रीज पर आए स्कोर 50 पार करवाया। जडेजा अच्छे टच में दिख रहे थे लेकिन 10वें ओवर में कुमांदु मेंडिस की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस ने जलवा दिखाया। उन्होंने जोरदार हिटिंग की और चार छक्के लगाते हुए 25 गेंदों पर 42 रन बनाए। इसके बाद शिवम दुबे 9 गेंदों पर 12 रन बनाकर आऊट हो गए। क्रीज पर धोनी के साथ दीपक हुड्डा जमे रहे। धोनी 10 गेंदों पर 6 रन बनाकर हर्षल पटेल का शिकार हो गए। इसके बाद कमिंस ने अंशुल कंबोज को पवेलियन भेजकर चेन्नई को 8वां झटका दिया। हर्शल ने नूर अहमद को आऊट कर अपना चौथा विकेट लिया। अंत के ओवरों में दीपक हुड्डा ने उपयोगी पारी खेलकर चेन्नई का स्कोर 154 तक पहुंचा दिया।

हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर कहा कि हम पहले गेंदबाजी करेंगे। चेन्नई हमेशा से ही एक बड़ा खेल रहा है, दो हार के बाद, लेकिन यह एक नया मैदान है और खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं। अगर विकेट अच्छा है, तो हम उन्हें बड़ा स्कोर बनाने के लिए और अन्यथा भी, उनके अच्छा प्रदर्शन करने के लिए समर्थन देंगे। पिच थोड़ी सूखी लग रही है। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि ओस ही मुख्य कारण था जिसकी वजह से हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। लगभग सभी विभागों में जब आप अच्छा क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं, तो संभावना है कि दूसरे खिलाड़ियों पर भी दबाव होगा। हम प्रक्रिया को सही करना चाहते हैं और यही वह लक्ष्य है जिसे हम बाकी खेलों में हासिल करना चाहते हैं।

### सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए तैयार पंजाब एफसी की भिड़ंत एफसी गोवा से

**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी के खिलाफ धमाकेदार जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी पंजाब एफसी की टीम शनिवार को कलिंगा सुपर कप के दूसरे क्वार्टर फाइनल में एफसी गोवा से भिड़ेगी। यह मुकाबला कलिंगा स्टेडियम में रात 8 बजे से खेला जाएगा। पंजाब एफसी ने ओडिशा एफसी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, वहीं एफसी गोवा ने आई-लीग की गोकरुलम केरल एफसी को भी इसी स्कोरलाइन से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। शेरोंने राउंड ऑफ 16 में मेजबान टीम के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया था, जिसमें अस्मिर सुल्जिक, एजिक्यल विडाल और निहाल सुदीश ने गोल किए। वहीं एफसी गोवा के लिए इकर ग्वारोट्शेना ने हैट्रिक लगाई थी और वह पंजाब की रक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं।

> “ **नीरज चोपड़ा** ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को प्रतियोगिता के लिए अरशद को आमंत्रित करने पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है।



## पहलगाम हमले के बाद 'एनसी क्लासिक' में अरशद की मौजूदगी का सवाल ही नहीं उठता : नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** दो बार ओलंपिक में पदक जीत चुके नीरज चोपड़ा ने दुख जताया है कि कुछ लोगों ने उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए हैं। यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाड़ी अरशद नदीम को 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में बुलाया था। यह आयोजन 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में होना है।

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चले जाने के बाद यह विवाद और बढ़ गया। नीरज ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को प्रतियोगिता के लिए अरशद को आमंत्रित करने पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। नीरज ने बताया कि अरशद को निमंत्रण हमले से पहले भेजा गया था, और इसका मकसद केवल यही था कि दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को भारत लाया जाए। क्योंकि अरशद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं, इसलिए उन्हें बुलाया गया था। लेकिन अब, इस हमले के बाद, अरशद का आना पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है।

नीरज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, मैं ज्यादा बोलने वाला व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन इसका अर्थ नहीं है कि मैं तब भी नहीं बोलूंगा जब मुझे लगता है कुछ गलत हो रहा है। खासकर जब बात देश के प्रति मेरे प्रेम और मेरे परिवार की इज्जत पर आती है, तो मैं चुप नहीं रह सकता।



## हाईनेट कोर इंफ्रास्ट्रक्चर को यूके सरकार से हरी झंडी मिली, ईईटी निभाएगा प्रमुख भूमिका



**स्टैनलो।** एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन (ईईटी) ने ईएनआई और यूके सरकार को हाईनेट औद्योगिक क्लस्टर (द लिवरपूल बे सीसीएस) की मुख्य कार्बन परिवहन और भंडारण परियोजना पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने पर बधाई दी है। कंपनी ने कहा, हमें खुशी है कि ईएनआई का निर्माण चरण अब हाईनेट को सक्षम करने वाले बुनियादी ढांचे पर शुरू होगा। कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी लाने और बहुत जरूरी निवेश को सक्षम बनाने, उत्तर पश्चिमी इंग्लैंड और उत्तरी वेल्स में नौकरियों और उद्योगों की रक्षा करने और उन्हें बढ़ाने के लिए यह महत्वपूर्ण है। ईईटी की हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र (एचपीपी1) परियोजना चार प्रारंभिक परियोजनाओं में से एक है, जो स्थायी भंडारण के लिए इस बुनियादी ढांचे को कार्बन प्रदान करेगी। एचपीपी1 को 350 एमडब्ल्यू की क्षमता वाला यूके का पहला बड़े पैमाने का कम कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र होने की उम्मीद है।

## मारुति सुजुकी का मुनाफा मार्च तिमाही में एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2025 को समाप्?त जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये रहा है। मारुति सुजुकी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 135 रुपये का अंतिम डिविडेंड भी घोषित किया है।



मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को शेयर बाजार नियामकीय फाइलिंग में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये रह गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 3,952 करोड़ रुपये था। कंपनी ने प्रति शेयर 135 रुपये का अंतिम डिविडेंड भी घोषित किया है। हालांकि, कंपनी का राजस्व जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 6.37 फीसदी बढ़कर 40,920.1 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इससे पिछले वित?त वर्ष की इसी तिमाही में यह 38,471.2 करोड़ रुपये रहा था।

कंपनी के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मारुति सुजुकी इंडिया का कुल खर्च सालाना आधार पर 8.55 फीसदी बढ़कर 37,585.5 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने सबसे ज?यादा वार्षिक कुल बिक्री और निर्यात भी दर्ज किया। इसके अलावा कंपनी लगातार चौथे साल शीर्ष निर्यातक बनी रही।

### भू-राजनीतिक तनाव के बीच सेंसेक्स 589 अंक गिरकर लाल निशान में बंद

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को लाल निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स ने कारोबार की शुरूआत सकारात्मक रुख के साथ की और 80,131 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, भारत-पाकिस्तान सीमा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरों के बाद बाजार में तेजी से गिरावट आई और सेंसेक्स 1,525 अंकों की गिरावट के साथ 78,606 के निचले स्तर पर पहुंच गया।

## 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने के साथ वैश्विक मांग करेगा पूरा : पीयूष गोयल

**एजेंसी**

**मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का मानना है कि भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनने के लिए तैयार है और इसमें इस्पात उद्योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत का इस्पात उद्योग न सिर्फ देश, बल्कि विश्व की जरूरतों को भी आने वाले समय में पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत लगातार आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। लेकिन, आत्मनिर्भरता का मतलब दुनिया के लिए दरवाजे बंद करने से नहीं है, बल्कि हम वास्तव में, दुनिया के दूसरे देशों के लिए दरवाजे खोल रहे हैं, क्योंकि हर देश के पास अलग-अलग उत्पादों के लिए अपने प्रतिस्पर्धी लाभ हैं। दरअसल, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



मुंबई में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित हो रहे 'इंडिया स्टील 2025' कार्यक्रम में उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, इस्पात उद्योग में, भारत एक बहुत ही कुशल, लागत प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादक देश है। इसी को देखते हुए हमारा मानना ??है कि यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हम न केवल 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनने के साथ-साथ भारत की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि इस प्रतिस्पर्धी माहौल में दुनिया की जरूरतों को भी पूरा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक मांग में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तत्पर है और भारत का इस्पात उद्योग सभी बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जोर देकर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हमेशा अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ भारतीय उद्योग का समर्थन करने के लिए सतर्क और सक्रिय है। हम ग्राहकों की मांगों और जरूरतों को भी संतुलित करते हैं और इसलिए हम इस्पात उद्योग को तर्कहीन रूप से कम कीमतों पर स्टील की अनफेयर डंपिंग से बचाने में सक्षम हैं, जिसकी जानकारी व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की अर्ध न्यायिक जांच से मिली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि निर्यातकों और एमएसएमई क्षेत्र को इस्पात अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर मिलता रहेगा।

इससे पहले 'इंडिया स्टील 2025' के उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया, जिसमें उन्होंने घरेलू इस्पात उत्पादन को बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जोर दिया।

## भारत में ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या फरवरी में 944.04 मिलियन रही : ट्राई

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को कहा कि भारत में ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या फरवरी में 944.04 मिलियन हो गई है। सरकारी एजेंसी द्वारा यह जानकारी 1,189 ऑपरेटर्स से मिले डेटा के आधार पर दी गई। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी महीने में 12.06 मिलियन ग्राहकों ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) के लिए आवेदन किया था। एमएनपी के शुरू होने के बाद से जनवरी के अंत में संचयी एमएनपी आवेदनों की संख्या 1,093.33 मिलियन से बढ़कर फरवरी के अंत में 1,105.39 मिलियन हो गई है। वायरलेस (मोबाइल) सेगमेंट में निजी टेलीकॉम कंपनियों के 92.03 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी, जबकि दो सरकारी टेलीकॉम कंपनियों - बीएसएनएल और एमटीएनएल की बाजार हिस्सेदारी केवल 7.97 प्रतिशत थी। भारत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या फरवरी में 1,192.03 मिलियन से बढ़कर 1,197.23 मिलियन हो गई, जो 0.42 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर दर्शाती है। इसी अवधि के दौरान शहरी टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 663.83 मिलियन से बढ़कर 667.93 मिलियन हो गई और ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या भी 528.20 मिलियन से बढ़कर 529.31 मिलियन हो गई। भारत में कुल टेली-घनत्व जनवरी के अंत में 84.54 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी के अंत में 84.85 प्रतिशत हो गया।